सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,408 |
| निफ्टी | 25,112 |
| सोना | 98,691 |
| चांदी | 1,06,775 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान





आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 21 जून 2025 | 7 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 173, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### एयर इंडिया की नौ और फ्लाइट्स रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एअर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 9 दिन में अलग-अलग वजह से अब तक 84 उड़ानें रद्द की गई हैं। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद से हर एयरपोर्ट पर विमानों की ऑपरेशनल चेकिंग को सख्त कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### एससीओ मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई



सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे। यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं। यह दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब भारत और चीन के बीच रिश्ते सामान्य करने की कोशिशें चल रही हैं। व्यापार, यात्रा और संवाद फिर से शुरू हो चुके हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा चालू है और डेपसांग और डेमचोक में गश्त की जानकारी भी सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

### कांकेर में पुलिस ने दो नक्सली किए ढेर

**एजेंसी, जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच शुक्रवार सुबह से देर शाम तक चली मुठभेड़ में 2 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। एक महिला नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है। मारी गई महिला नक्सली की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। मामला जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र का है। कांकेर के एसपी ने इसकी पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल आपदा राहत पर सियासी मचा घमासान -पेज 3
- पुलिस भर्ती में बड़े स्तर पर हुई धांधली: विपिन परमार -पेज 4
- लंबे समय से चली आ रही बागवानों की मांगों को किया पूरा: रोहित -पेज 6
- एनएच कंपनी ने मलबा डालकर खड्ड की बंद -पेज 9
- सेंसेक्स में 1046 अंक का भारी उछाल, निफ्टी भी चढ़ा -पेज 13


# हिमाचल में एक हफ्ता पहले पहुंचा मानसून

## भारी बारिश व भू-स्खलन से कई सड़क मार्ग बाधित; गाड़ियों को नुकसान, जनजीवन प्रभावित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने इस बार तय समय से सात दिन पहले ही दस्तक दे दी है। 20 जून को शिमला सहित राज्य के कई हिस्सों में मानसून का प्रवेश हुआ। राजधानी शिमला और अन्य क्षेत्रों में सुबह से ही भारी बारिश होती रही। इससे घना कोहरा छा गया और विजिबिलिटी काफी कम हो गई, चालकों को गाड़ी चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**विजिबिलिटी कम होने से चालकों को गाड़ी चलाने में आई दिक्कतें**

जानकारी के अनुसार मानसून की पहली बारिश ने ही प्रदेश में मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। कांगड़ा-धर्मशाला मार्ग पर चैतड़ू के पास भारी बारिश के कारण भू-स्खलन हो गया, जिससे मार्ग सुबह करीब 8:30 बजे से बंद रहा। वाहनों को शीला और सराह मार्ग से कांगड़ा भेजा गया। वहीं, शिमला के जतोग छावनी क्षेत्र में हथनी की धार के पास भी भू-स्खलन से मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया।

भू-स्खलन की चपेट में एक गाड़ी भी आ गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा शिमला जिले के ही जुब्बल-कोटखाई में त्यूणी-हाटकोटी सड़क का बड़ा हिस्सा टूट गया। इस कारण कुछ समय के लिए यह मार्ग भी अवरुद्ध रहा।



शिमला के जतोग छावनी क्षेत्र में भू-स्खलन की चपेट में आया एक वाहन।


### स्कूल परिसर में पानी भरने से बढ़ीं मुश्किलें

**बारिश** ने सरकारी अव्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। शहीद इंदर सिंह माध्यमिक पाठशाला पंडोह में पहली ही बरसात से परिसर में बरसाती पानी भर गया, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल का मैदान और प्रवेश द्वार जलमग्न होने से बच्चों को जूते उतारकर पानी में चलकर क्लास रूम तक पहुंचना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि 2023 में भी यही स्थिति थी और टूटी हुई चारदीवारी की मरम्मत अभी तक नहीं हुई है, जिससे जल निकासी की समस्या बनी हुई है। अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्कूल प्रांगण में जल निकासी की उचित व्यवस्था और चारदीवारी के निर्माण की मांग की है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले चार-पांच दिनों के दौरान तापमान में भी गिरावट शुरू होगी। कई शहरों के तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आएगी।

### अगले सात दिनों के लिए ऑरेंज व येलो अलर्ट

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य में अगले सात दिनों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, 21 और 24 जून को राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है, जबकि 22, 23, 25 और 26 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अगले 2-3 दिनों में हिमाचल प्रदेश के कुछ अन्य भागों में भी दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम विभाग की मानें तो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया है। इससे अगले सात दिनों तक पहाड़ों पर बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 21 जून को भी ज्यादातर भागों में हल्की बारिश होगी। बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, शिमला और सिरमौर जिला में बारिश को लेकर येलो अलर्ट दिया गया है।

### युवक ने दी डिप्टी सीएम व विधायक को मारने की धमकी, फिर मांगी माफी


Sharp Shooter Nabahi W...

मैं डिप्टी सीएम श्री मुकेश अग्निहोत्री और राकेश कालिया जी से माफी मांगता हूं मैंने फेसबुक पर कोई पोस्ट डाली थी इस पोस्ट पर मैंने कुछ कमेंट गलती से डाल दिए थे इस बारे में मैं माफी मांगता हूं और विषय में ऐसे कमेंट नहीं करूंगा मेरी गलती के लिए मेरे को माफ कर दिया जाए

शार्प शूटर नबाही वाला की माफी को लेकर डाली गई पोस्ट।

**अनंत ज्ञान टीम, सरकाघाट/ऊना।** डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी देने वाले सरकाघाट के युवक शार्प शूटर नबाही वाला ने माफी मांग ली है। एफआईआर दर्ज होने के बाद उसने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, 'मैं डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और राकेश कालिया से माफी मांगता हूं। मैंने फेसबुक पर एक पोस्ट डाली थी। इसमें कुछ कमेंट गलती में डाल दिए थे। इस बारे मैं माफी मांगता हूं और भविष्य में ऐसे कमेंट नहीं करूंगा।' बता दें कि वीरवार देर रात युवक ने कुख्यात अपराधी अमरीश राणा की गिरफ्तारी को लेकर पोस्ट डाली थी, जिस पर एक यूजर ने दोबारा तलवारों की मांग का कमेंट किया था। इसी कमेंट को लेकर शार्प शूटर नबाही वाला ने कमेंट डाला था कि इस बार तलवार किसी पॉलिटिशियन पर ही चलेगी। मामले में हरोली निवासी अरुण कुमार द्वारा शिकायत करने के बाद हरोली थाना में पुलिस ने शार्प शूटर नबाही वाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने सीएस एक्सटेंशन, रेरा अध्यक्ष नियुक्त नहीं करने पर लगाई फटकार

# सुक्खू सरकार को 5 लाख का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल हाईकोर्ट ने सुक्खू सरकार पर कड़ा रुख अपनाते हुए 5 लाख का भारी जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के सेवा विस्तार मामले में दायर जनहित याचिका (पीआईएल) का जवाब न देने और हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति में देरी का लेकर लगाया गया है। अदालत ने सरकार के रवैये को 'लुका-छुपी का खेल' करार दिया और कहा कि इससे लोगों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने स्पष्ट आदेश दिया है कि रेरा के अध्यक्ष और सदस्यों के पद 25 जून तक अधिसूचित किए जाएं। कोर्ट ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि 9 मई को प्रारंभिक सुनवाई के बाद भी सरकार ने इस मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सरकार ने बताया कि एक सदस्य की नियुक्ति हो चुकी है, जबकि अध्यक्ष और एक अन्य सदस्य की नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी, लेकिन कोर्ट इस जवाब से संतुष्ट नहीं दिखा।

### सेवा विस्तार पर सवाल

याचिकाकर्ता अतुल शर्मा ने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के सेवा विस्तार के खिलाफ पीआईएल दायर कर 28 मार्च, 2025 के उस आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसके तहत प्रबोध सक्सेना को 6 महीने का सेवाविस्तार दिया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि प्रबोध सक्सेना के खिलाफ सीबीआई द्वारा आरोप पत्र दायर किया गया है और आपराधिक मुकदमा लंबित है। 23 जनवरी 2025 को सीबीआई ने भी इस बात की पुष्टि की है।

# सीएम ने किया ऐतिहासिक शूलिनी मेले का आगाज

## प्रदेश के लोगों की सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की, शोभायात्रा में लिया भाग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सोलन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ऐतिहासिक शूलिनी मेले का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने चौक बाजार स्थित पुरानी कचहरी में माता शूलिनी की डोली का स्वागत कर पूजा-अर्चना की।

इसके बाद चौक बाजार पहुंची माता की डोली पर मुख्यमंत्री सहित स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर माहौल भक्तिमय कर दिया। सीएम सुक्खू ने प्रदेश के लोगों की सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। आध्यात्मिक माहौल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शहर के मुख्य क्षेत्रों से गुजरने वाली शोभायात्रा में भी भाग लिया। उन्होंने प्रदेश के लोगों को शूलिनी मेले की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेला समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।



माता शूलिनी की डोली पर पुष्प वर्षा करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

**मेला समिति की स्मारिका का भी किया विमोचन**

# पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल का आरोप अभ्यर्थियों ने लगाई न्याय की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पर बड़ा बवाल मच गया है। 15 जून को हुई इस परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी एग्जामिनेशन सेंटर के भीतर सरेआम नकल के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों से सामने आए युवा रोते हुए मीडिया के सामने आ रहे हैं और परीक्षा केंद्रों में बरती गई भारी लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। एक अभ्यर्थी (लड़की) ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, 'जब एक समोसा कांड की सीआईडी जांच हो सकती है, तो इतने सारे बच्चों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ की जांच क्यों नहीं की जा सकती?'

**समोसा कांड की सीआईडी जांच हो सकती है, तो इस मामले की क्यों नहीं?'**

### पेपर लीक होने की आशंका

**पालमपुर** में इस परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का पहले ही पर्दाफाश हो चुका है। पुलिस ने मामले में विक्रम और बलविंद्र उर्फ सोनू जरयाल को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि इन ठगों ने परीक्षा पास कराने के नाम पर कई युवाओं से मोटी रकम ऐंठी है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या यह पेपर लीक का मामला तो नहीं है ?

# ईरान ने इसराइल के शहरों पर किए हवाई हमले

## हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल, नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर

**एजेंसी, तेहरान/तेल अवीव**

ईरान ने शुक्रवार शाम इसराइल के कई शहरों पर फिर से हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है। शुक्रवार सुबह ही ईरान ने इसराइल के बीर्शेबा शहर में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। इससे कई कारों में आग लग गई। आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। ईरान ने वीरवार को बीर्शेबा के एक अस्पताल पर भी मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। यह जंग आठ दिन से जारी है। (अनंत ज्ञान)



### ईरान ने भारतीयों के लिए खोला एयरस्पेस

**इसराइल** से जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय नागरिकों का वहां से रेस्क्यू करेगी।

### ईरान परमाणु बम बनाने के करीब : यूएस

**न्यूयॉर्क** टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है।

# स्विस बैंकों में तीन गुना बढ़ा भारतीयों का पैसा

## 2024 में 3.5 अरब स्विस फ्रैंक हुई जमा राशि

**एजेंसी, ज्यूरिख**

स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 2023 की तुलना में 2024 में तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक (लगभग 37,600 करोड़ रुपए) हो गया। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में रखे गए धन में भारी वृद्धि के कारण यह बढ़ोतरी हुई। 2023 में यह रकम चार वर्ष के निम्नतम स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक हो गई थी।

स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार इस दौरान भारतीयों के कस्टमर अकाउंट का रकम केवल 11 प्रतिशत बढ़कर 34.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 3,675 करोड़ रुपए) हो गया, जो कुल धन का केवल एक-तिहाई है।

बता दें कि 2021 के बाद से स्विस बैंकों में भारतीयों के जमा धन में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। 2021 में स्विस बैंकों में भारतीयों का कुल धन 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि वर्ष 2023 में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा स्विस बैंकों में स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से जमा धनराशि में 70 प्रतिशत की गिरावट आई थी। (अनंत ज्ञान)




### स्विट्जरलैंड भारतीयों के धन को नहीं मानता काला धन

**स्विस** नेशनल बैंक (एसएनबी) के आधिकारिक आंकड़ों में स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए कथित काले धन के बारे में नहीं बताया गया है। स्विट्जरलैंड भारतीयों के धन को काला धन नहीं मानता। स्विट्जरलैंड कहता रहा है कि वह कर चोरी के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन करता है।

### स्विस बैंकों में जमा धन के मामले में ब्रिटेन शीर्ष पर

**स्विस** बैंकों में जमा विदेशी धन के मामले में ब्रिटेन शीर्ष पर है। ब्रिटेन 222 अरब स्विस फ्रैंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, 89 अरब स्विस फ्रैंक के साथ अमेरिका दूसरे और 68 अरब स्विस फ्रैंक के साथ वेस्टइंडीज तीसरे स्थान पर है। भारत 3.5 अरब स्विस फ्रैंक के साथ 48वें स्थान पर है। स्विस बैंकों में पाकिस्तानियों के 27.2 करोड़ स्विस फ्रैंक जमा हैं।




# स्कूलों में 9 से 3 बजे की टाइमिंग हो बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में अब सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे की समयसारिणी बहाल की जाए। जिन जिलों में स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है, उनमें अब बारिश के चलते मौसम सामान्य है और लू नहीं चल रही। जब हीटवेव शेष नहीं है तो सुबह जल्द स्कूल लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है। अब मानसून आ रहा है और अगले 5 दिन वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

ऐसे में स्कूलों को सुबह 8 बजे लगाना उचित नहीं है। संबंधित जिला के जिलाधीश अब सामान्य स्थिति देखते हुए जिला हमीरपुर, कांगड़ा के ज्वालाजी, देहरा और नूरपुर में पूर्व आदेशों को रद्द करें और सामान्य टाइमिंग रिस्टोर करने के आदेश अविलंब जारी करें। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग सहित संबंधित जिला और उपमंडल प्रशासन हमीरपुर और कांगड़ा से की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संगीता शर्मा, रीता बल्याणी, रीता भारद्वाज, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, सुरेश कुमार, जिला प्रधान संजय वर्मा, अजय कुमार, विजेश अत्री, विजय बरवाल, सुभाष भारती, राकेश चौधरी, पवन धीमान, कुलबीर सिंह, रिग्जिन संदप, यशपाल सिंह, जरनैल सिंह, मोहिंद्र ठाकुर रमेश अत्री, अमित छाबड़ा ने कहा कि अनेक क्षेत्रों में जल्दी स्कूल लगाने से बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को ट्रांसपोर्ट सुविधाओं की कमी से दिक्कत आ रही है।

प्राथमिक स्कूलों में 8 बजे से 1 बजे और अप्पर प्राथमिक स्कूलों में 8 बजे से 2 बजे का समय तय है। जो बच्चे साथ आते-जाते हैं, उनको बड़ी असुविधा हो रही है। संघ ने कहा कि मौसम विभाग की रिपोर्ट को देखते हुए अब मानसून में तापमान सामान्य रहेगा और वर्तमान में बारिश का दौर जारी है जिसके चलते स्कूलों में सामान्य टाइमिंग बहाल करनी चाहिए।

## भोटा योजना क्षेत्र की विकास योजना को मंज़ूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने भोटा योजना क्षेत्र की विकास योजना को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में टीसीपी विभाग के प्रधान सचिव ने अधिसूचना जारी कर दी है।

विभाग ने भोटा योजना क्षेत्र के प्रारूप पर आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए थे। इसके लिए निर्धारित अवधि के दौरान स्थानीय निवासियों की ओर से कोई भी आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। प्रारूप पर कोई भी आपत्ति या सुझाव न मिलने पर विभाग ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है।

विकास योजना की एक-एक प्रतिलिपि विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर और नगर पंचायत भोटा के कार्यालय में आम जनता के निरीक्षण के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

# टीजीटी भर्ती प्रक्रिया में 2 साल की छूट

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल में राज्य चयन आयोग के द्वारा की जा रही टीजीटी के तीनों फॉर्मेट की भर्ती प्रक्रिया के आवेदनों के लिए अभ्यर्थियों को 2 साल की छूट मिल गई है।

अब पहली जनवरी 2025 तक जिनकी आयु 47 साल होगी वे भी आवेदन कर पाएंगे। पिछले काफी समय से इसकी इंतजार बेरोजगार युवा कर रहे थे, जो लंबे समय से भर्तियां नहीं होने की वजह से आयु सीमा को लांघ चुके थे। क्योंकि हिमाचल में 45 साल तक ही सरकारी नौकरी के लिए आवेदन किया जा सकता है पिछले 3 साल से हिमाचल में भर्ती प्रक्रिया बंद चल रही है इसलिए आयोग ने पहली मर्तबा टीजीटी के पदों को भरने के लिए जो विज्ञापन 27 में 2025 को जारी किया था। उसके तहत यह आयु की छूट अभ्यर्थियों को दी गई है। राज्य सरकार से मिली स्वीकृति के बाद आयोग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

**कट ऑफ डेट पहली जनवरी 2025, अन्य वर्गों को भी 5 साल का फायदा**

काबिले गौर यह है कि टीजीटी के 937 पदों को भरने के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 3 जुलाई रखी गई है, अभी क्योंकि इसके लिए समय है और अतिरिक्त समय की आवेदन करने की फिलहाल जरूरत नहीं है। जब से आयोग ने विज्ञापन जारी किया था, तभी से 45 साल की आयु पार कर चुके युवाओं को झटका लगा था वह काफी समय से इसकी मांग कर रहे थे और मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी उनकी इस मांग को सैद्धांतिक रूप में तो मान लिया था, लेकिन नोटिफिकेशन की इंतजार हो रही थी।

### 47 साल से आगे छूट को किया जाएगा लागू

**आयोग** के सेक्रेटरी विक्रम महाजन का कहना है कि इसके अलावा उन वर्गों को भी इसका फायदा होगा, जो आरक्षित हैं, अनुसूचित जाति के हैं, पूर्व सैनिक हैं, या भर्तियों में जिन-जिन वर्गों को पांच या इसके समकक्ष सरकार की अधिसूचनाओं का आयु के हिसाब से फायदा मिलता है। उनके लिए भी अब 47 साल से आगे उसकी छूट को लागू किया जाएगा। इसके अलावा रिटन टेस्ट स्क्रीनिंग या सीबीटी में कम-से-कम 35 फीस की मार्कस जनरल कैटेगरी के लिए निर्धारित किए गए हैं जबकि एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए इसमें 30 फीसदी अंकों की अनिवार्यता है।

## सर्वमंगल सभा धनेटा की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** सर्वमंगल सभा धनेटा की मासिक बैठक का आयोजन त्रिमूर्ति शिव मंदिर धनेटा में किया गया, जिसकी अध्यक्षता मनोहर लाल शर्मा ने की। जिसका संचालन संस्था के महासचिव और संस्थापक पीडी शर्मा ने किया।

इस बैठक में 12 जून को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट की। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से आग्रह किया कि धनेटा के अस्पताल को पीएचसी से स्तरोन्नत किया जाए और यहां पर रोगियों को रात्रि स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएं। बैठक में मनोहर लाल, ओम प्रकाश, शक्ति चंद शर्मा, देशराज शीतल, संतोष शर्मा, शीतल, रमेश , लेख राज, सुभाष, सतीश, संजय शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहिं गांव से चार पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज की पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पेटी अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई रोहिं गांव में की गई, जहां देवेंद्र कुमार पुत्र जगत राम, निवासी रोहिं, डाकघर धीमी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर के कब्जे से शराब बरामद की गई। बताया जा रहा है कि यह शराब ऊना नंबर की एक गाड़ी में छुपाकर रखी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली और शराब की पेटियां जब्त कर लीं। इस मामले की पुष्टि थाना प्रभारी भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने की है।

### योग जीवन का अनिवार्य हिस्सा : रांगड़ा

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को सुबह की प्रार्थना सभा में योगासन और अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि योग अब लाखों लोगों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। इस योग शिविर का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता संजय कुमार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर स्काउट गाइड यूनिट द्वारा सभी बच्चों के लिए छबील भी लगाई गई। इस मौके पर कुसुम लता, राजेश, सुरेश, रवि, कविता सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### आज इंडोर स्टेडियम में होगा मुख्य योगाभ्यास सत्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग 21 जून को जिला हमीरपुर में सुबह 7 बजे कुल 13 स्थानों पर योगाभ्यास सत्र आयोजित करेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा ने बताया कि पहले जिला स्तरीय कार्यक्रम शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में रखा गया था, लेकिन शनिवार को मौसम के खराब रहने की आशंका के चलते यह योगाभ्यास सत्र अब अणु के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा बचत भवन हमीरपुर, एनआईटी हमीरपुर, जिला पंचायत संसाधन केंद्र सलासी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू, बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर दियोटसिद्ध, डीडीएम साईं कालेज कल्लर नादौन, आईआरबी जंगलबैरी, तहसील भवन भोरंज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहणी, जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर और संत निरंकारी भवन नादौन में भी योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### रंजना बनी भुक्कड़ स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों व अभिभावकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अभिभावकों को बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए शपथ दिलाई गई तथा बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए गहन विचार-विर्मश किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें रंजना देवी को चंपा देवी का प्रस्ताव व रक्षा देवी के अनुमोदन पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह किरना कुमारी व पूजा देवी को सदस्य चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रंजना देवी ने अध्यक्ष चुनने पर समस्त अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

### हेमराज मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता 22 से

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हेमराज मेमोरियल बास्केट बाल एसोसिएशन द्वारा 22, 23 व 24 जून को बास्केट बाल टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जा रहा है जिसमें 19 टीमें भाग ले रही है । यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल बलबीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21 हजार व ट्रॉफी, उपविजेता को 15 हज़ार व ट्रॉफी प्रदान कि जाएगी। आज बैठक में कृष्ण चंद,लवकेश ठाकुर, एसडी शर्मा, जगदीश शर्मा, सुरेंदर कुमार, प्रीतम चंद, रविंदर ठाकुर, हंसराज, सुरेश कुमार जगदीश चंद, भूप चंद आदि उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षुओं ने सीखी नेल डिजाइनिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में शुक्रवार को मुंबई की शिल्स प्रोफेशनल कंपनी ने एक दिवसीय 'लुक एंड लर्न नेल आर्ट' सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर कंपनी के प्रशिक्षित नेल एजुकेटर हार्दिक पाण्ड्य ने कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड की प्रशिक्षणार्थियों को नेल आर्ट के आधुनिक तकनीकों एवं डिजाइन की विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा और कॉस्मेटोलॉजी की अनुदेशिका मीनाक्षी राणा ने सेमिनार के आयोजन के लिए शिल्स प्रोफेशनल कंपनी, एजूकेटर हार्दिक पाण्ड्य, उनके टीम सदस्य मंजीत सिंह राणा और वरुण लूना का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि संस्थान में भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। **वहीं** योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. राधाकृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय हमीरपुर के अतिरिक्त निदेशक अनुपम ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अनुपम ठाकुर ने बताया कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एक वैज्ञानिक पद्धति है जो व्यक्ति के तन, मन और आत्मा को संतुलन प्रदान करती है।

### नौनिहालों के लिए करवाया 'रॉकिंग शो'



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में नौनिहालों के लिए 'रॉकिंग शो' का आयोजन किया गया। एलकेजी व यूकेजी के सुंदर परिधानों में सजे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं दूसरी ओर देश-प्रेम का जज्बा भी मनमोहक प्रस्तुतियों द्वारा झलका। निश्छल रंग रूप से सजा छोटे-छोटे बच्चों का यह रंग-बिरंगा कार्यक्रम निश्चय ही आकर्षण का केंद्र बना रहा। सभी ने बच्चों व अध्यापकों के प्रयासों को खूब सराहा और वाहवाही की। स्कूल के प्रिंसिपल सरजीत कुमार राणा ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अतिथि गणों का भी धन्यवाद किया।

### शिक्षा में आवश्यक सुधार पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, धनेटा में आज शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने की, जबकि स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष रजनीश ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस संवाद कार्यक्रम में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षकों के साथ अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के एफए-1 परीक्षा के परिणाम अभिभावकों को प्रदान किए गए तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और आवश्यक सुधार के क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**हड़कंप** पैसे बचाने का तरीका या शिक्षा व्यवस्था में सुधार के नाम पर 'टाइम पास' नीति

# 100 बच्चों को पढ़ाएगा एक शिक्षक

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

हमीरपुर। जमा एक और दो स्कूलों से लेक्चरर पदों का ब्योरा नए फॉर्मेट में मांगने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचने लगा है। कारण यह है कि दो दिनों के भीतर हर एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल को यह डाटा राज्य निदेशालय को भेजना है। मतलब यह है कि लेक्चर वर्ग के टीचर्स के लिए अब नई शर्तें लागू होने वाली हैं। जो ब्योरा मांगा गया है, उसके मुताबिक 100 बच्चों पर अब एक ही लेक्चर का पद रहेगा। यानी इस हिसाब से जितने भी बच्चे स्कूल में दाखिल हैं, इसका आंकलन हरेक 100 बच्चों की क्लास के हिसाब से किया जाएगा। अब यदि नए फॉर्मेट के हिसाब से संबंधित हिमाचल के सभी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में लेक्चरर के पदों के हिसाब से क्लासें चलेंगी तो फिर इस पर सवाल भी उठेंगे।

कारण यह है कि एक लेक्चरर 100 बच्चों की क्लास को पढ़ाएगा। इससे फायदा क्या होगा? क्या सरकार ने पैसा बचाने के लिए या फिर नए पदों को भरने की बजाए स्कूलों को मर्ज करने और जहां पद खाली हैं, वहां से लेक्चररों को उठाकर दूसरी जगह ट्रांसफर करके क्या काम चलाऊ व्यवस्था तैयार करनी है? फिलहाल हालत तो यही लग रहे हैं। कारण यह है कि वर्ष 2002 के के हिसाब से अब 100 से ज्यादा बच्चों वाली संख्या अब कहां रही हैं। बच्चों की तादाद लगातार काम हो रही है, लेकिन जहां 50 से ज्यादा यानी 70 या 80 बच्चे जिन स्कूलों में हैं, वहां एक ही लेक्चरर पढ़ाएगा।

सवाल इसलिए है की न्यू एजुकेशन पॉलिसी में तो 30 बच्चों की क्लास होनी चाहिए वैसे भी मास्टर रूम या फिर स्मार्ट क्लास रूम बनने पर करोड़ों खर्च गए हैं वहां 40 बच्चों के हिसाब से व्यवस्था की गई है अब वहां पर बड़ी संख्या को एक साथ बिठाकर क्या सरकारी व्यवस्था का सिस्टम खराब करने का कोई नया बीड़ा उठाया जा रहा है?।

**रेशनलाइजेशन पॉलिसी के तहत हर एक स्कूल से लेक्चरर पदों का मांगा ब्योरा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव




### 800 के लगभग पद प्रिंसिपल और हेड मास्टर के हैं खाली

हिमाचल में पिछले 2 साल से न प्रिंसिपल और न ही हेड मास्टर प्रमोट हुए हैं टर्म्स एंड कंडीशन फुलफिल हो चुकी हैं उसके बावजूद भी तैनाती नहीं हो रही। 800 के लगभग पद प्रिंसिपल और हेड मास्टर के खाली चल रहे हैं। ब्योरा इकट्ठा करके क्या सरकार और उसका शिक्षा विभाग लेक्चरर्स को इधर-उधर करेगी, बड़ी संख्या वाली कक्षाओं को पढ़ाने का जिम्मा एक ही लेक्चरर के पास थमा देगी।

### 50 की संख्या के हिसाब से टीचरों की तैनाती रखें बरकरार

**हिमाचल** स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गौतम राणा का कहना है कि सरकार को ऐसा कोई भी फैसला नहीं लेना चाहिए जिससे बच्चों की पढ़ाई पर फर्क पड़े और गुणवत्ता पर सवाल उठे, क्योंकि 80 या 100 बच्चों की क्लास को एक ही टीचर के हवाले छोड़ना न्याय संगत नहीं होगा। इसलिए बच्चे सरकारी स्कूलों से निजी स्कूलों की तरफ रुख कर रहे हैं। जहां पहले ही 40 बच्चों के हिसाब से क्लासेस हैं। गौतम ने यह भी मांग की की स्कूलों में 40 या 50 की संख्या के हिसाब से ही टीचरों की तैनाती बरकरार रखी जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि डीए की किस्त सरकार को जल्द देनी चाहिए। बकाया राशि का भी भुगतान सरकार को शीघ्र करना चाहिए। क्योंकि लंबे समय से इसकी इंतजार हो रही है।

# योग से शारीरिक और मानसिक रूप से रहा जा सकता है स्वस्थ : अत्री




योग के दौरान एक साथ मौजूद नरेंद्र अत्री व साथ हैं अन्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजाराम युवा मंडल, हमीरपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने कहा कि योग हजारों वर्ष प्राचीनतम गौरवमई भारतीय संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण है। खेलों में प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व कर चुके नरेंद्र अत्री ने राजाराम युवा मंडल, हमीरपुर द्वारा वार्ड नंबर 10 में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि यह बात कही।

नरेंद्र अत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योगमयी माहौल बना है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री मोदी के विशेष प्रयासों के चलते पूरी दुनिया में 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में घोषित किया गया है, जिसके चलते आज 200 से अधिक देश विश्व योग दिवस मनाते हैं एवं संपूर्ण विश्व को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

नरेंद्र अत्री ने राजा राम युवा मंडल के अध्यक्ष दीक्षित गौतम व पूरी टीम को इस योग शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी एवं समय-समय पर राजा राम युवा मंडल द्वारा युवाओं को चुस्त तंदुरुस्त रखने के लिए करवाई जाने वाली गतिविधियों के लिए भी साधुवाद दिया। योग शिविर में प्रतिभागियों को एचपी टेक्निकल यूनिवर्सिटी के योग विभाग के प्रतिनिधि आचार्य राजेश कुमार ने योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई व इनके लाभ पर भी प्रकाश डाला।

# शहरों में लागू होगी मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना: शम्मी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** मनरेगा की तर्ज पर नगर निकायों में मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई है जिससे नगर परिषद क्षेत्र में रहने वाले गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा और उन्हें अपना व अपने परिवार का खर्च चलाने में मदद मिलेगी।

यह बात नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कही। सोनी ने बताया कि इस रोजगार गारंटी योजना के तहत पात्र नागरिकों को 120 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा । इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रो में रहने वाले बेरोजगार नागरिकों को स्थानीय



मुख्यमंत्री के साथ नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी।

स्तर पर सम्मानजनक कार्य और आय का स्त्रोत प्रदान करना है। नगर परिषद् नादौन और सम्मलित नए क्षेत्र बेला, टिल्लू प्रथम, टिल्लू डीपीएफ, भरमोटी गगाल आदि के इच्छुक नागरिक शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।

आवेदन के समय आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, पासपोर्ट साइज़ फोटो, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि जमा करवाने होंगे। तत्पश्चात नगर परिषद द्वारा जॉब कार्ड बनाया जाएगा और कार्य आवंटित किया जाएगा। उन्होंने पात्र लोगों से आग्रह किया है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और रोजगार के साथ शहर के विकास में भागीदार बनें।

# सिद्धार्थन ने बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने बाबा बालक नाथ जी की पावन स्थली दियोटसिद्ध में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके उपरांत वे बाबा जी की तपोभूमि शाहतलाई भी पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र गुफा स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, जनकल्याण एवं संगठन की मजबूती की कामना की। सिद्धार्थन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग तथा उनकी वेशभूषा बहुत ही मन को बाह जाने वाली है।



मंदिर की ओर जाते हुए सिद्धार्थन व अन्य।

## कई क्षेत्रों में 22 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 22 जून को नए खंभे लगाने तथा लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते वार्ड नंबर 7, 8, 9 और 10, ठाकुर नर्सिंग होम, पैट्रोल पंप, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बाइपास, ऐम स्कूल, दुलेहड़ा, गरथेड़ी, उसयाना, लोहारडा, हमीरपुर पब्लिक स्कूल, मोरिंगा मॉल, अप्पर गौड़ा, लोअर गौड़ा, मिडल गौड़ा, भोटा चौक, हथली, घनाल और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी एसडीओ सौरभ राय ने दी।

# गांव-गांव तक सड़क पहुंचाना मेरा लक्ष्य : विधायक रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधायक कै. रणजीत सिंह ने ग्राम पंचायत के गांव चलाड़ से बल्ला घिरथा ढंगू सड़क का भूमि पूजन कर कार्य शुरू करवाया।

विधायक ने बताया कि इस सड़क की मांग काफी लंबे समय से थी, जिसके लिए मुख्यमंत्री से 39.35 लाख पास करवाए। विधायक ने कहा कि सड़क न होने से गांववासियो को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। विधायक ने कहा कि जहां-जहां सड़क कि आवश्यकता होगी वहां पर सड़कें प्राथमिकता के साथ बनाई जाएंगी। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष चंद्रशेखर जी, जोन प्रेजिडेंट जगदीश कौशिक, इंस्पेक्टर प्यार चंद सहित स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## वन विहार हीरानगर के हट एवं पार्क की निविदाएं 28 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वन विहार हीरानगर के परिसर में स्थित हट के संचालन एवं रखरखाव हेतु इसे एक साल के लिए लीज पर दिया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने 28 जून सुबह 11 बजे तक सील बंद निविदाएं आमंत्रित की हैं।

वन विभाग के उप अरण्यपाल कार्यालय हमीरपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार ये निविदाएं 28 जून को दोपहर एक बजे खोल दी जाएंगी। हट का न्यूनतम मासिक किराया 15 हजार निर्धारित किया गया है। निविदा में भाग लेने के इच्छुक लोगों को निविदा के साथ 5000 की धरोहर राशि जमा करवानी होगी।




# भागवत कथा महोत्सव सत्यनारायण मंदिर हमीरपुर में शुरू

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ देव जी की 25वां रथयात्रा के उपलक्ष पर 186वां श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन श्री सत्यनारायण मंदिर हमीरपुर में शुरू हो गया है।

शुक्रवार को कथा प्रवक्ता पूज्यपाद श्रीमद भक्ति प्रसाद गिरि महाराज भक्तों के साथ श्री सत्यनारायण मंदिर से लेकर पूरे बाजार में कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा के दौरान ओम विष्णु दंडी स्वामी, विष्णु गोस्वामी, महाराज पूज्यपद नित्य कृष्ण दास बाबा जी महाराज, पूज्यपद गोपाल दास बाबा जी महाराज, सन्यासी महाराज भक्ति प्रसाद साधु महाराज, पूज्य बात भक्ति प्रसाद साधु महाराज, भक्ति प्रसाद नारायण महाराज, भक्ति प्रसाद तापसी महाराज, वासुदेव आनंद ब्रह्मचारी कृष्ण दास, प्रभ फुटबॉल जय कृष्ण दास, प्रभु गोपाल दास सीता चरण प्रभु पुजवा विवेक पंडित रघुनाथ दास प्रभु का प्रभु श्रीपाद राधेश्याम प्रभु इत्यादि शामिल रहे।

**मनमानी** सलौनी-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग के किनारे लोग फेंक रहे वेस्ट मटेरियल

# सड़क किनारे की वन भूमि बनी डंपिंग साइट

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** सलौनी दियोटसिद्ध सड़क मार्ग के किनारे वन विभाग की भूमि पर लोगों अपने टूटे मकानों के वेस्ट मटेरियल को फैक रहे है, जिससे न केवल सड़कों की व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि वन संपदा को नुकसान होने के साथ पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। मामला इसी सड़क मार्ग के डुगाड़ क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। यहां किसी अज्ञात ग्रामीण ने अपने मकान को तोड़ने के बाद उसके वेस्ट मटेरियल को सड़क किनारे ट्रेक्टर में भर कर जगह-जगह फैक दिया है जिससे वन



विभाग की भूमि वेस्ट मटेरियल की डंपिंग साइट बन गई है।

आलम यह है कि मंजर न केवल धार्मिक स्थल को जोड़ने बाले इसी सड़क मार्ग का है, बल्कि उपमंडल के लगभग तमाम सड़कों के किनारे वन भूमि पर इसे मटेरियल के ढेर आम देखे जा सकते है। जबकि नियमानुसार कोई भी व्यक्ति अगर अपने मकान को तोड़ता है तो वह उस वेस्ट मटेरियल को अपनि मलकियत भूमि पर ही फैक सकता है। सरकारी भूमि के लिए ऐसे वेस्ट मटेरियल को फैकना न केवल नियमों की अवहेलना है बल्कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की दिशा में सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है लेकिन विडंबना यह है कि बड़सर सहित जिला हमीरपुर में ऐसी कई मामले हैं जिनपर विभाग मौन रूप धारण किए हुए बैठा हुआ है।

### पौधे हो जाते हैं नष्ट

**मकानों** से निकले बेस्ट मटेरियल मे रेता बजरी के साथ सीमेंट भी शामिल होता है ऐसे में बारीश के साथ सीमेंट बाला पानी निकलकर वनों में पैदा होने बाली नई पौध को नष्ट कर देता है।

> वनों में घरों का बेस्ट मटिरियल फेंकना गलत है, वनों की नई पौध पर असर पड़ता है। यदि किसी ने वन भूमि पर बेस्ट मटेरियल फैका है तो इसकी जांच की जाएगी और ऐसा करने बालों के खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जाएगी।
>
> -विनोद कुमार राणा, बीओ, वन विभाग बिझड़ी।

# प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगस में आयुष विभाग स्वास्थ्य उप केन्द्र जोल सप्पड़ की टीम द्वारा जागरूकता बारे कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज के समय में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक गंभीर समस्या बन गई है, जो न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि समाज और परिवार को भी गहराई से प्रभावित करती है।

इस आयोजन का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसके प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना, युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ अपनी बात कहने, रचनात्मक तरीके से जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करना, समुदाय को इस समस्या के समाधान में शामिल करना, सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाना रहा।

वहीं पोस्टर निर्माण, भाषण और रंगोली बनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर में राधिका कालिया, भाषण में राधिका ठाकुर और रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में लक्ष्मीबाई सदन प्रथम स्थान पर रहे। स्वास्थ्य परामर्शदात्री इंदिरा ठाकुर ने कि प्रतियोगिता से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ेगी।

# धर्मशाला में कल होगा दूसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025'

## मुख्यातिथि पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली करेंगे समारोह का शुभारंभ

### डीसी हेमराज बैरवा विशिष्ट, एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री विशेष एवं एसपी देहरा मयंक चौधरी व एसपी विजिलेंस बलवीर सिंह होंगे विशेष आमंत्रित अतिथि

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान




**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित करने जा रहा है। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। दूसरा अनंत पुलिस प्राइड समारोह धर्मशाला के राजकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार 22 जून को आयोजित होगा। समारोह सायं 3 बजे से शुरू हो जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली करेंगे। डीसी हेमराज बैरवा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री विशेष अतिथि तथा एसपी देहरा मयंक चौधरी व विजिलेंस के एसपी बलवीर सिंह विशेष आमंत्रित अतिथि होंगे।

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

**कार्यालय** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांगड़ा स्थित धर्मशाला के अधीन आते पालमपुर पुलिस थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र ठाकुर, शाहपुर पुलिस थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर करतार सिंह, कांगड़ा पुलिस स्टेशन के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय सिंह, धर्मशाला पुलिस थाना के प्रभारी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार, पालमपुर पुलिस थाना के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेड कांस्टेबल सुदेश कुमार, भवारना पुलिस थाना के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेड कांस्टेबल दुल्लो राम, कांगड़ा पुलिस थाना में तैनात लांस हेड कांस्टेबल अभिषेक को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कांगड़ा स्थित धर्मशाला के अधीन आते इंस्पेक्टर दलीप सिंह, इंस्पेक्टर बचन सिंह, एएसआई यशवंत सिंह और हेड कांस्टेबल मंजीत सिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा देहरा डिवीजन के अधीन आते सीआईए स्टाफ के इंस्पेक्टर संदीप पठानिया, खुंडियां की एसएचओ इंस्पेक्टर पूनम, हरिपुर के एसएचओ सब इंस्पेक्टर मंजीत, संसारपुर टैरेस के एसएचओ सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, मौहीं के सब इंस्पेक्टर संजीव, खुंडियां के सब इंस्पेक्टर रघुजीत, सीआईए स्टाफ के एएसआई अनिल, मौहीं के ऑनरेरी एएसआई सतनाम, सीआईए स्टाफ के हेड कांस्टेबल संजीव, ज्वालामुखी पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल रणवीर, सिक्योरिटी ब्रांच के हेड कांस्टेबल सचिन, साइबर सैल देहरा ब्रांच के कांस्टेबल अवतार सिंह, नोडल पुलिस थाना हरिपुर के कांस्टेबल रमित कुमार, रक्कड़ पुलिस थाना के कांस्टेबल अनिल और देहरा पुलिस थाना के कांस्टेबल राजिंद्र को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, एएसपी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन नॉर्दर्न रेंज के अधीन आते हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार और हेड कांस्टेबल विशाल पटियाल को भी सम्मानित किया जाएगा।

# किसानों को मिले सभी योजनाओं का लाभ : चंद्र कुमार



बालूगंज में आयोजित कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित चंद्र कुमार व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कृषि निदेशालय, बालूगंज में आयोजित कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को 'किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन' सुनिश्चित करने पर बल दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में 'हिम कृषि' योजना पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रौद्योगिकी को एकीकृत किया जा रहा है। क्लस्टर मैपिंग के लिए जीआईएस का उपयोग एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत 5.47 करोड़ आवंटित किए गए हैं, और गिज इंडिया टीम ने 5 जिलों में पायलट गतिविधियां पूरी की हैं।

### मॉडल फार्म और बीज उत्पादन का पुनरुद्धार

**विभागीय** फार्मों के पुनरुद्धार के लिए 2024-25 में 3 मॉडल फार्म विकसित किए गए, जबकि 2025-26 के लिए 5 नए मॉडल फार्म चुने गए हैं। 2018 से बंद पड़ा बीज आलू का उत्पादन खरीफ 2025 से फिर से शुरू होगा। इसके साथ ही, खरीफ 2025 से सभी सरकारी खेतों में चरणबद्ध तरीके से प्राकृतिक खेती अपनाई जाएगी।

### सिंचाई योजनाओं को मिली गति

**'सौर** सिंचाई योजना' के तहत 2025-26 में 2 करोड़ का बजट आवंटन हुआ है, जिसके तहत 26 उपमंडलों में 127 परियोजनाएं प्रगति पर हैं। 'जल से कृषि को बल योजना' के लिए एक करोड़ आवंटित किए गए हैं, जिससे 64 परियोजनाएं चल रही हैं।

# हिमाचल आपदा राहत पर सियासी घमासान

## चौहान ने केंद्र और अनुराग पर साधा निशाना, बोले-प्रदेश को मिले सिर्फ 2006 करोड़

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 2023-24 की भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद राहत राशि को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने केंद्र सरकार पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर प्रदेश के लोगों को समय पर पर्याप्त राहत दिलाने में विफल रहने का आरोप लगाया है। चौहान ने कहा कि केंद्र द्वारा जारी मात्र 2006 करोड़ की राशि आपदा से हुए 10,000 करोड़ के नुकसान की भरपाई के लिए नाकाफी है।



चौहान ने शिमला में जारी एक प्रेस बयान में बताया कि केंद्रीय टीम ने आपदा से हुई क्षति का आकलन लगभग 10,000 करोड़ किया था। मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्र के शीर्ष नेतृत्व से कई बार इस 'पोस्ट डिजास्टर नीड असेसमेंट' पीडीएनए) की राशि को जारी करने का अनुरोध किया, लेकिन केंद्र सरकार ने बार-बार आग्रह के बाद भी केवल 2006 करोड़ रुपए की राशि जारी की।

चौहान ने तल्ख लहजे में कहा न केवल केंद्र सरकार बल्कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी प्रदेश के लोगों को समय पर राहत राशि उपलब्ध करवाने में नाकाम साबित हुए हैं। यह राशि आपदा के कारण प्रदेश में हुए नुकसान की भरपाई के लिए नाकाफी है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार को हिमाचल की आवश्यकताओं के प्रति उदार रवैया अपनाना चाहिए था, जबकि उन्होंने इस संवेदनशील मामले में भी भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया।

उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के लोगों के मकान उजड़ गए, पेयजल, सिंचाई परियोजनाओं, अधोसंरचना, सड़कों एवं पुलों को भारी क्षति पहुंची। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र सरकार को हिमाचल को हुई क्षति को ध्यान में रखते हुए पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए उदार वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए थी।

### पांवटा साहिब प्रकरण पर भाजपा पर माहौल बिगाड़ने का आरोप

**पांवटा** साहिब प्रकरण पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए चौहान ने कहा कि हिमाचल में सभी धर्म के लोग सौहार्दभाव से मिल-जुल कर रहते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर हिमाचल के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने और हर मामले का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया। चौहान ने कहा कि भाजपा नेताओं ने समुदाय विशेष के प्रति टिप्पणी कर उनकी संवेदनाओं को आहत किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी को भी कानून व्यवस्था को हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा और प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से हर कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है।

### अनुराग के बयान पर पलटवार यह हिमाचल का अधिकार

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर के केंद्र सरकार को आभार व्यक्त करने वाले बयान पर नरेश चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लोगों का अधिकार है और केंद्र सरकार प्रदेश के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं रख सकती। उन्होंने अनुराग से सवाल किया कि आपदा राहत राशि उपलब्ध करवाने में इतना समय क्यों लगा और यह प्रदेश की आवश्यकता के अनुरूप क्यों नहीं प्रदान की गई। चौहान ने आरोप लगाया कि अनुराग हिमाचल के लोगों के हितों को ताक पर रखकर केवल भाजपा के आलाकमान को खुश करने के लिए अपने स्वार्थ साधने की राजनीति में लगे हुए हैं।

# स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह की जयंती के अवसर पर, 23 जून को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी के सभी नेताओं, पीसीसी के सभी पूर्व पदाधिकारियों, अग्रणी संगठनों व विभागों के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे 23 जून को सुबह 11.30 बजे राजीव भवन में उपस्थित होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें।



# विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



विधानसभा अध्यक्ष सीएम को आमंत्रित करते हुए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-2 के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। यह महत्वपूर्ण सम्मेलन 30 जून से एक जुलाई तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इस वार्षिक सम्मेलन में जोन-2 के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, लोकसभा के अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति, विभिन्न राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक और राज्यों के विधायक भी इस आयोजन में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की गरिमा बढ़ाने के लिए विशेष अतिथियों के रूप में कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना के अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। पठानिया ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य विधायी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक प्रशासन और क्षेत्रीय सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है।




# एक लाख की स्कूटी 14 लाख में खरीदा नंबर



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** किसी चीज का शौक है तो वहां कीमत मायने नहीं रखती। हिमाचल के जिला हमीरपुर के मट्टनसिद्ध निवासी व्यवसायी संजीव कुमार ने महज एक लाख की कीमत की अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी के लिए 14 लाख में फैंसी वीआईपी नंबर एचपी-21सी-0001 खरीदा है। यह नंबर परिवहन विभाग की ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के तहत लिया है। बोली में केवल दो लोगों ने भाग लिया। सोलन के बद्दी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने साढ़े 13 लाख रुपए की बोली लगाई, लेकिन संजीव ने 14 लाख रुपए में नंबर खरीद लिया। यह राशि हिमाचल सरकार के खाते में राजस्व के रूप में जमा हो गई है। परिवहन विभाग के अनुसार यह अब तक का दोपहिया वाहन का सबसे महंगा नंबर हो सकता है। संजीव ने बताया कि उन्हें खास और यूनिक नंबर रखने का शौक है।

# जयराम ने पुलिस भर्ती धांधली पर सुक्खू सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली के गंभीर आरोप सामने आए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इन आरोपों को लेकर मौजूदा सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने से कतरा रही है और मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।



### अभ्यर्थियों ने लगाए धांधली के आरोप

उन्होंने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि पुलिस भर्ती मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही हैं। युवाओं को परीक्षा पास कराने के लिए ठेके दिए गए और करोड़ों रुपए के लेन-देन की बात सामने आई है। जयराम ने हाल ही में चंबा में पुलिस परीक्षा के कई अभ्यर्थियों, जिनमें अधिकतर युवतियां शामिल थीं, के सामने आकर लगाए गए आरोपों का हवाला दिया। इन अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा के दौरान कुछ लोग एक साथ बैठकर पेपर हल कर रहे थे और उन्हें किसी ने नहीं रोका। अभ्यर्थियों ने सरकार से इन दावों की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की मांग भी की है।

जयराम ने बताया कि पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के दिन भी दो व्यक्तियों को 34 लाख रुपए वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, जयराम ने सवाल उठाया कि इसके बाद यह मामला आगे क्यों नहीं बढ़ा। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इतने गंभीर आरोप लगने के बाद भी सरकार पूरे मामले पर पर्दा डाल रही है। उन्होंने एनटीटी भर्ती प्रक्रिया में भी धांधली का आरोप लगाया।

# विद्या नेगी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बनीं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने मनाली की कांग्रेस नेत्री विद्या नेगी को राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह पद पिछले करीब अढ़ाई साल से खाली चल रहा था। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, उनका मनोनयन तत्काल प्रभाव से तीन वर्ष की अवधि के लिए किया गया है।

विद्या नेगी मनाली के शनाग गांव की मूल निवासी हैं और वर्तमान में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विद्या नेगी को हिमाचल प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पद महिला सशक्तिकरण, न्याय और समाज में उनकी गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### रोष — छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष रहेगा जारी

# अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारियों के बीच छात्रों को लामबंद करने का आह्वान



मांगों को लेकर संघर्ष करते हुए स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने कैंपस में 'स्वाधीनता, जनवाद और समाजवाद' का झंडा फहराया। यह आयोजन एसएफआई की अखिल भारतीय कमेटी के आह्वान पर किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र हितों और राष्ट्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ निरंतर संघर्ष को रेखांकित करना था।

इस अवसर पर कैंपस सचिव रितेश ने बताया कि एसएफआई अपनी स्थापना के समय से ही देश में छात्र विरोधी और जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करती रही है, जिसके लिए संगठन के कई कार्यकर्ताओं ने अपने प्राणों का बलिदान भी दिया है।

यह झंडा फहराना आगामी 18वें अखिल भारतीय सम्मेलन की तैयारियों का भी हिस्सा है, जो 27 से 30 जून तक केरल के कोझिकोड में आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन में देशभर से आए प्रतिनिधि वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा करेंगे और छात्र विरोधी नीतियों पर गहन चर्चा करेंगे। यहीं से आगामी छात्र आंदोलनों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। एसएफआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने इस 18वें सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर विश्वविद्यालय परिसर में कुल 18 झंडे फहराए। कैंपस अध्यक्ष अंकुश ने सबसे पहले ध्वजारोहण किया, जो इस अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। इस पहल के माध्यम से एसएफआई ने छात्रों को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने और भविष्य के आंदोलनों के लिए तैयार रहने का स्पष्ट संदेश दिया है।

# मसलाणा कलां में प्रवासी महिला ने लगाया फंदा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा के मसलाणा कलां में एक प्रवासी युवती गायत्री देवी (19) पत्नी गंगा प्रसाद ने फंदा लगाकर जिंदगी खत्म कर ली है। पुलिस के अनुसार गायत्री गांव बमन पुरी, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी और मसलाणा गांव में रहती थी जो कि दिहाड़ी-मजदूरी का काम करती थी। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में बहसबाजी हो गई होगी, जिससे नाराज होकर गायत्री देवी ने फंदा लगा लिया। जब मृतका का पति थोड़ी देर बाद काम से वापस आया तो उसने देखा पत्नी फंदे से लटकी हुई थी, जिसकी सूचना बड़सर पुलिस को दी। गशई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है तथा शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। मामलेकी पुष्टि करते हुए डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि प्रवासी महिला गायत्री की फंदा लगाने से मौत हुई है। बड़सर पुलिस द्वारा मामले की तफतीश की जा रही है।



# शरीर और आत्मा का संगम योग

“अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जहां एक ओर पूरा विश्व योग के रंग में डूबा हुआ है। वहीं, शिमला में बीसीएस स्थित 'उत्कृष्ट योग संस्थान' में भी विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख योग विशेषज्ञ और संस्थापक **उमेश हरनोट** से योग के महत्व और वर्तमान पीढ़ी के लिए इसकी प्रासंगिकता पर **ब्यूरो चीफ सत्यदेव भारद्वाज** ने विशेष बातचीत की। पेश हैं बातचीत के प्रमुख अंश।”

**आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवाओं के लिए योग कितना महत्वपूर्ण है?**

आज की पीढ़ी तनाव, स्क्रीन टाइम और गतिहीन जीवनशैली से जूझ रही है। ऐसे में योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन का माध्यम है। यह एकाग्रता बढ़ाता है, तनाव कम करता है और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। युवा योग को अपनाकर अपनी ऊर्जा को सही दिशा दे सकते हैं और बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

**आपका संस्थान युवाओं के बीच योग को बढ़ावा देने के लिए क्या विशेष पहल कर रहा है?**

हम युवाओं को आकर्षित करने के लिए कई कार्यक्रम चलाते हैं। हमने विशेष रूप से कॉलेज के छात्रों और युवा पेशेवरों के लिए छोटे-छोटे मॉड्यूल तैयार किए हैं, जिनमें स्ट्रेस मैनेजमेंट, फोकस इंप्रूवमेंट और डिजिटल डिटॉक्स पर आधारित योगाभ्यास शामिल हैं। हम सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं और ऑनलाइन वर्कशॉप भी आयोजित करते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा हमसे जुड़ सकें। हमारा लक्ष्य योग को 'बोझ' नहीं, बल्कि 'जीवनशैली का हिस्सा' बनाना है।

**कई युवाओं को लगता है कि योग बहुत धीमा या बोरिंग है। आप उन्हें क्या सलाह देंगे?**

यह एक आम धारणा है, लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। योग में विभिन्न शैलियां हैं, अष्टांग योग जो काफी गतिशील है। विन्यास योग जो प्रवाह पर केंद्रित है और हठ योग जो स्थिरता देता है। हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। शुरुआत में धीमा लग सकता है, लेकिन नियमित अभ्यास से आप इसके गहरे लाभों को महसूस करेंगे। योग केवल आसन नहीं, बल्कि प्राणायाम (श्वास नियंत्रण) और ध्यान (मेडिटेशन) भी है, जो मानसिक शांति और स्पष्टता प्रदान करते हैं। यह बोरिंग नहीं, बल्कि एक रोमांचक आत्म-खोज की यात्रा है।

**क्या आपको लगता है कि शिक्षण संस्थानों में योग को अनिवार्य किया जाना चाहिए?**

मेरा मानना है कि योग को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। यह सिर्फ शारीरिक शिक्षा का विषय नहीं, बल्कि एक जीवन कौशल है। यदि बच्चे छोटी उम्र से ही योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो वे तनाव, चिंता और शारीरिक समस्याओं से बेहतर तरीके से निपट पाएंगे। यह उन्हें एक संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेगा। हम सरकार और शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर इस दिशा में काम करने के इच्छुक हैं।



योग संस्थान के संस्थापक और प्रमुख योग विशेषज्ञ उमेश हरनोट।

**योग के क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए आपका क्या संदेश है?**

योग एक अद्भुत करियर पथ है, जिसमें आप दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। मेरी सलाह है कि आप गहन अध्ययन करें, किसी योग्य गुरु के मार्गदर्शन में अभ्यास करें और स्वयं को लगातार अपडेट रखें। धैर्य और समर्पण इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। यह सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा भी है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष







बीसीएस स्थित उत्कृष्ट योग संस्थान में योग करते प्रशिक्षार्थी।

# योग से दूर हुआ 20 साल पुराना मधुमेह

रामशिला की शम्मी सूद 13-14 साल से कर रही योग

काफी सालों से शुगर की दवाइयां की हैं बंद

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले चार या पांच वर्षों से योग दिवस मनाया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण योग से देश व दुनिया के लोगों की कई लाइलाज बीमारियों से छुटकारा मिलना है। योग मानव शरीर को स्वस्थ रखने में बेहद कारगर है। इसका एक उदाहरण कुल्लू जिले की रामशिला की 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला शम्मी सूद हैं। शम्मी सूद पिछले करीब 20 वर्षों से मधुमेह की बीमारी से जूझ रही थी और कई दवाइयां खाने के बाद भी उन्हें इस बीमारी से छुटकारा नहीं मिल रहा था, लेकिन योग करने से उन्हें मधुमेह से छुटकारा मिल गया है। बकौल शम्मी सूद 20 साल से उन्हें मधुमेह के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और बार-बार उपचार के लिए अस्पतालों के चक्कर भी लगा रही थी, जिसके चलते उनकी भारी-भरकम धनराशि भी इस उपचार के लिए खर्च हो रही थी। हर दिन दवाइयां खाकर वह परेशान हो गई थी और इस दौरान उन्हें किसी ने योग करने की सलाह दी। शम्मी के अनुसार, करीब 13-14 वर्ष पहले उन्होंने रामशिला में बिंदिया सूद के यहां सुबह के समय योग करना शुरू किया और योग शिविर से प्रभावित होकर वह शाम के समय भी अपने घर पर योग की क्रियाएं करनी लगी। कुछ समय के बाद उन्हें योग का असर दिखने लगा। इसमें बाद लगातार योग करती रही जिसका असर यह हुआ कि आज वह पहले से काफी स्वस्थ हैं और पिछले करीब दो-तीन साल से उन्होंने शुगर की दवाइयां खाना भी बंद कर दी हैं। जब से वह योग कर रही हैं, तब से उन्हें शुगर संबंधित ज्यादा दिक्कतें पेश नहीं आई और टेस्ट करवाने पर शुगर लेवल भी बिलकुल सही पाया गया।



## योग से शुगर से मिला छुटकारा : शम्मी सूद

**शम्मी** सूद ने बताया कि योग ने उन्हें आज शुगर की इतनी पुरानी बीमारी से छुटकारा दिलाकर नया जीवन दिया है और आज वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अपने परिवार के साथ हंसी खुशी जीवन यापन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि योग आज उनके जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है और वह हर दिन जहां बिंदिया सूद के यहां लगाए जाने वाले शिविर में सुबह के समय योग करती हैं। वहीं घर पर शाम के समय भी एक-दो घंटे वह योगासन जरूर करती हैं। शम्मी के अनुसार, अपने शरीर को भला इस संसार में कौन स्वस्थ नहीं रखना चाहता, लेकिन इसके लिए सबसे जरूरी है योगासन। उन्होंने अपील की है कि यदि जीवन में खुशी व सुखी रहना चाहते हैं तो योग को अपने जीवन का हिस्सा जरूर बनाएं।

## योग हमारी धरोहर है, योग से रहें निरोग : बिंदिया

**भारत** स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ कुल्लू जिले की महिला प्रभारी बिंदिया सूद के अनुसार, योग हमारी धरोहर है और हजारों सालों से देश व विदेश में लोगों की जीवन-शैली का हिस्सा बना है। आज के समय में अनिगिनत लोगों ने योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाया है और इसका प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि कपाल भाती, अनुलोम-विलोम सहित अन्य सभी आसन करने से लोगों की सारी बीमारियां जड़ से खत्म हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वह पिछले 10-12 साल से अपने घर के आसपास के बुजुर्ग, महिलाओं व युवाओं को योग करवा रही हैं, जिससे उन्हें और लोगों को काफी सुकून मिलता है।

# डॉ. बालकृष्ण सोनी 53 साल से योग का कर रहे प्रचार

## दिल्ली में 'आदि योगी योग भूषण 2025 अवॉर्ड' से सम्मानित



राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान

**ऊना।** जब योग का इतना प्रचार और प्रसार भी नहीं था, उस समय एक गांव से निर्धन परिवार से संबंधित युवक योग और प्राणायाम कर लोगों को योग के प्रति प्रेरित करता था। साधन और संसाधनों के अभाव में उनकी यह प्रतिभा महज स्कूल के कार्यक्रमों और सालाना समारोह तक सीमित थी। विद्यालय से विश्वविद्यालय तक उन्होंने योग की अलख जगाए रखी। हिंदी विषय में पीएचडी करने वाले डॉ. बाल कृष्ण सोनी भले ही सरकारी सेवा में प्रवक्ता बन गए, लेकिन उनकी छवि उनके छात्रों में योग गुरु की बन गई। जिस भी पाठशाला में उन्होंने पढ़ाई कराई, वहां बच्चों को योग के साथ भी जोड़ा। मूल रूप से ऊना जिले के बंगाणा डोहगी गांव से संबंध रखने वाले डॉ. सोनी कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय योग एवं साधना के शिविरों में ख्याति हासिल कर चुके हैं। वे बताते हैं कि अब तक उन्होंने 5 हजार से अधिक अपने शिष्यों को योग के साथ जोड़ा और लाखों लोगों को योग का प्रशिक्षण भी दे चुके हैं। कई स्कूलों के अलावा गांवों और शहरों में योग शिविर लगाकर लोगों को योग साधना से जोड़ने का काम आज भी कर रहे हैं। सोनी शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद गांवों गांवों में योग की अलख जगा रहे हैं।

## कॉलेजों व पंचायतों में जाकर सिखा रहे योग

**पायथन** गेम 2024 के योग के कांस्य पदक के विजेता डॉ. बालकृष्ण सोनी को नई दिल्ली में आदि योगी योग भूषण 2025 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ की ओर से दिया गया। यह सम्मान 15 जून, 2025 को लाजपत भवन ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित योग महाकुंभ में प्रदान किया गया। इसमें डॉ. अभिषेक वर्मा, राजनेता राष्ट्रीय शिवसेना, वरिष्ठ टीवी पत्रकार दीपक चौरसिया और स्वयं मंगेश त्रिवेदी अखिल भारतीय योग्य योगी के शिक्षक योग शिक्षक महासंघ के फाउंडर उपस्थित रहे। सोनी को यह सम्मान योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने युवाओं एवं विद्यार्थियों को निशुल्क योग सेवा देने के लिए प्रदान किया गया। वह पिछले लगभग 30 वर्षों से विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालय, पंचायतों में जाकर योग सिखा रहे हैं।

# रबड़ डॉल ने योग के नाम किया जीवन सारा

## इस चमकते सितारे ने हिमाचल का नाम पहुंचाया बुलंदियों पर

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिले के सुजानपुर के खियूंद गांव की रहने वाली महज 16 वर्षीय निधि डोगरा ने योग में ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जो हर किसी के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। अपनी अद्वितीय शारीरिक लचक के कारण 'रबड़ डॉल' के नाम से प्रसिद्ध निधि ने आठ साल की कठिन साधना और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। उनके प्रशिक्षक स्वयं उनके पिता हैं, जो शारीरिक शिक्षा शिक्षक हैं। मां आकाशवाणी हमीरपुर में वार्ताकार हैं। अपनी काबिललियत के दम पर निधि डोगरा आज न केवल हिमाचल की, बल्कि पूरे देश की एक युवा प्रेरणा हैं, जिन्होंने योग को जीवन का आधार बनाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। योग के प्रति गहरी रुचि को देखकर ऐसा लगता है कि रबड़ डॉल ने अपना सारा जीवन योग के नाम कर दिया है। वह योग में जीती हैं और योग में रमी हुई हैं।



### रियलिटी शो भी जीते

**मल्टी** टेलेंटेड निधि ने कई रियलिटी शो में भी भाग लेकर जीत हासिल की है, जैसे हिमाचल गॉट टैलेंट और किसमें कितना है दम आदि। उन्हें पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल व अन्य कई गणमान्य लोगों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। योग में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें हिम प्राउड अवार्ड, भारत योग अवार्ड और स्टार ऑफ द ईयर जैसे सम्मान मिल चुके हैं।

### कई मंचों की ब्रांड एंबेसेडर

**निधि** कई मंचों की ब्रांड एंबेसेडर हैं, जैसे योगा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, देवभूमि हिम कला मंच शिमला और करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर। उन्हें 'बॉर्न टू शाइन स्कॉलरशिप' 2022 का खिताब भी मिला। जनरल लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान उन्हें जिला हमीरपुर का स्वीप यूथ आइकन भी घोषित किया गया।

### योग को जन-जन तक पहुंचाने का व्यक्तित्व दायित्व

**निधि** डोगरा, जिन्हें लोग प्यार से 'रबड़ डॉल' के नाम से जानते हैं, योग की अद्भुत साधिका हैं। उनकी शरीर का लचीलापन और योगासन में दक्षता उन्हें एक अलग पहचान दिलाती है, परंतु उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह इस कला को सिर्फ अपने तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि इसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का अथक प्रयास करती हैं। वह मानती हैं कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्तर पर संतुलन प्रदान करती है। निधि डोगरा का मुख्य लक्ष्य बच्चों में योग के प्रति रुचि जगाना है। इसके लिए वह समय-समय पर विभिन्न स्कूलों का दौरा करती हैं, जहां वह बच्चों के साथ प्रत्यक्ष रूप से योगाभ्यास करती हैं। बच्चों को वह न केवल योग की विभिन्न क्रियाएं सिखाती हैं, बल्कि उन्हें यह भी समझाती हैं कि नियमित योग करने से किस प्रकार शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। उनकी सरल, आकर्षक और व्यवहारिक शैली बच्चों को सहज रूप से योग की ओर आकर्षित करती है। यही कारण है कि जिन स्कूलों में वह जाती हैं, वहां के बच्चे न केवल योग करना शुरू कर देते हैं, बल्कि उसमें रूचि भी लेने लगते हैं। निधि का योगदान केवल बच्चों तक ही सीमित नहीं है। वह बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। बच्चों को वह यह भी बताती हैं कि घर पर जाकर वे अपने माता-पिता, दादा-दादी या भाई-बहनों को योग का महत्व समझाएं और उन्हें भी इसमें शामिल करें। इस तरह निधि योग को एक सामूहिक और पारिवारिक गतिविधि बनाने का प्रयास करती हैं, जिससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग स्वयं को तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करें।


### योगासन में छह वर्ल्ड रिकॉर्ड

निधि ने योगासन में छह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं, जिनमें प्रणव आसन में 47 मिनट तक स्थिर रहना और हैंड स्टैंड पर 1 मिनट में 37 आसनों का प्रदर्शन शामिल है। हाल ही में वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में हिमाचल प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली पहली योग खिलाड़ी बनीं। इसके अलावा, उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अनगिनत स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



### जनसेवा से बनीं 'मास लीडर'

**निधि** डोगरा की यह जनसेवा उन्हें एक 'मास लीडर' बनाती है। वह केवल योगगुरु नहीं, बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, जो अपने ज्ञान का उपयोग समाज को बेहतर बनाने के लिए कर रही हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर उम्र के लोग उनके कार्य से प्रभावित होते हैं और उनसे प्रेरणा लेते हैं। उनकी आत्मीयता, सेवा-भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण उन्हें एक अच्छा इंसान भी बनाते हैं। वह अपने जीवन से यह संदेश देती हैं कि अगर हमारे पास कोई हुनर या ज्ञान है, तो उसे बांटने से ही उसका वास्तविक मूल्य सामने आता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में निधि डोगरा जैसे व्यक्ति त्व समाज को न केवल एक स्वस्थ दिशा दिखा रहे हैं, बल्कि भावी पीढ़ी को भी संस्कारित कर रहे हैं। उनके कार्य न केवल प्रशंसा के योग्य हैं, बल्कि अनुकरणीय भी हैं।





# योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला

## अशोक कुमार ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से जन-जन को जोड़ रहे योग से

अनिल शर्मा
अनंत ज्ञान

**मंडी। आज** के दौर में जहां भागदौड़ भरी जिंदगी ने लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। वहीं, मंडी जिले के आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर सेगली में कार्यरत चीफ आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर अशोक कुमार अपने अनुकरणीय प्रयासों से समाज को योग से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। योग को जन-जन तक पहुंचाने का उनका समर्पण उल्लेखनीय है।







### शिक्षण संस्थानों और विभागों में भी सक्रिय भागीदारी

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस से पूर्व अशोक कुमार ने जिले के आयुष चिकित्सालय, शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को योग का गहन प्रशिक्षण दिया। वे ताड़ासन, वृक्षासन, पद त्रिकोणासन, दंडासन, वज्रासन, भुजंगासन, मत्स्यासन, हलासन, शवासन और कई अन्य महत्वपूर्ण आसनों के माध्यम से शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित करने में लोगों की मदद कर रहे हैं। साथ ही, प्राणायाम और ध्यान की विधियों से मानसिक शांति और एकाग्रता को बढ़ावा दे रहे हैं।

### दो साल एक घंटे ऑनलाइन सिखाया योग

**कोविड** काल से लेकर दो साल तक अशोक कुमार तिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक ऑनलाइन योग सत्र का संचालन करते रहे हैं, जिसमें विभिन्न बीमारियों के निदान के लिए विशेष योग अभ्यास करवाए गए हैं। चाहे थायराइड की समस्या हो, पीठ दर्द से निजात पाना हो या फिर मोटापे और कमर की चर्बी से छुटकारा पाना हो, इन सभी के लिए वे प्रभावी आसनों और प्राणायामों के माध्यम से समाधान सुझाते हैं। यह सत्र लोगों के लिए न केवल स्वास्थ्य लाभदायक साबित हुए, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया है।

### योग का सच्चा सेवक

**अशोक** कुमार न केवल एक अधिकारी हैं, बल्कि वे एक योग साधक और समाजसेवी भी हैं। वे निरंतर प्रयासरत हैं कि योग केवल एक दिन की क्रिया न रह जाए, बल्कि यह लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाए। उनका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति योग के माध्यम से स्वस्थ, प्रसन्न और आत्मानंदित जीवन जिए। चीफ आयुर्वेदिक फार्मेसी ऑफिसर अशोक कुमार का यह प्रयास न केवल मंडी जिले, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए एक प्रेरणा है। उनके अथक प्रयासों से यह स्पष्ट होता है कि यदि नीयत साफ हो और उद्देश्य समाज सेवा का हो, तो एक व्यक्ति भी परिवर्तन की लहर ला सकता है। योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की कला है और पूरे समर्पण के साथ अशोक कुमार इसी कला को सिखा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आपातकालीन स्थिति से निपटने की बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा के बारे में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एयरपोर्ट निदेशक धीरेंद्र सिंह ने की। बैठक का उद्देश्य एयरपोर्ट पर आपातकालीन स्थिति निपटने के लिए था, जिसमें सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल, जिम्मेदारियों की स्पष्टता और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था और बैठक में मुख्य उद्देश्य गगल हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना था। स्थानीय पुलिस, प्रशासन और एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों ने संयुक्त रूप से काल्पनिक आपात स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जाना। इस मौके पर एडीएम शिल्पा बेक्टा, एसडीएम इशांत जसवाल, एयरपोर्ट के डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### पीएम मोदी ने देश को दी नई दिशा : अंकुर



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के भाजपा युवा नेता अंकुर इंदौरिया ने लोधवां गांव में प्रेसवार्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल देश के तमाम सिस्टम को नई दिशा देने में सफल साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जब 11 साल पहले भाजपा ने केंद्र में सत्ता संभाली थी, उस समय देश के कितने बुरे हाल थे। यह बात किसी से छिपी नहीं है, लेकिन मोदी सरकार के आते ही देश की जो दशा दिशा बदली है, आज उसी का नतीजा है कि हर क्षेत्र में भारत का विकास हुआ है। भारत विश्व में चौथी सबसे बड़ी शक्ति बन गया है, जिसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है। उन्होंने युवाओं को मोदी सरकार के 11 वर्षों में विकास कार्यों को लोगों तक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### नियमित योग अभ्यास को दिनचर्या में करें शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अभाविप की जिला कांगड़ा के जिला संयोजक अंकित गौड़ ने कहा कि सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट शिमला के तत्वावधान में श्री सत्य साईं एजुकेयर विद्या प्रतिष्ठान में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का समापन 20 जून को सफलतापूर्वक हुआ। विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातः योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा योग दर्शन पर आधारित सत्र आयोजित किए गए। शिविर में कुल 248 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा गया। नियमित योग अभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया गया।

### योग गतिविधियों से 20 हजार लोग लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, देहरा।** आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत सब डिवीजन आयुर्वेदिक चिकित्सा कार्यालयों की ओर से पूरे क्षेत्र में प्रतिदिन प्री-योगा एक्टिविटीज का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अब तक करीब 20,000 लोग योग से लाभान्वित हो चुके हैं। देहरा के सब डिविजन आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और 21 जून को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जनसहभागिता को सशक्त बनाना है।

### रोजगार मेला: 86 युवाओं को मिला रोजगार

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** हिमालयन आईटीआई, लगवलियाना के परिसर में शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेले में एमएम गोदरेज मोहाली, यूएनओ मिंडा और मदरसन सोको गुजरात ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेले में कुल 116 आईटीआई पास प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिनमें से 86 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने बताया कि यह मेला न केवल युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ, बल्कि यह संस्थान के गुणवत्ता प्रशिक्षण और औद्योगिक जुड़ाव की भी पुष्टि करता है। एमएम गोदरेज मोहाली ने 26 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित किया, यूएनओ मिंडा और मदरसन सोको गुजरात ने 60 युवाओं को नियुक्ति के लिए चुना।

### 40 युवाओं व युवतियों ने किया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत कार्यालय कांगड़ा के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने बताया कि विकास खंड धर्मशाला के जनपद कांगड़ा में स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में युवा प्रशिक्षुओं, जिसमें लगभग 40 युवाओं व युवतियों ने योगाभ्यास किया। त्रिगर्त विश्व योग संस्थान कांगड़ा के योग गुरु रणजीत सिंह ने प्रतिभागियों को प्रतिदिन योग करने व इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। मुख्यातिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के निदेशक मदन लाल ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से सुमन कुमार, अतुल शर्मा व मेरा युवा भारत केंद्र कांगड़ा की स्वयंसेवी जानवी भी शामिल रही।

### भगवान की भक्ति देती है सच्चा सुख: सुमित

**अनंत ज्ञान, देहरा ।** सनोट गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन कथा व भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथावाचक पंडित सुमित शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम भक्त सुदामा की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की निष्काम भक्ति ही सच्चा सुख देती है। सुदामा जैसे निर्धन ब्राह्मण जीवन में अनेक अभावों से जूझते रहे, लेकिन कभी भी प्रभु से शिकायत नहीं की। जब वे द्वारका पहुंचे, तो श्रीकृष्ण ने उन्हें गले लगाकर सम्मानित किया, पर विदा करते समय उन्हें कोई भौतिक वस्तु नहीं दी। फिर भी सुदामा के मन में कोई द्वेष नहीं था, क्योंकि उन्होंने प्रभु प्रेम को ही सबसे बड़ा उपहार माना। वहीं, कथा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

### एचआरटीसी उपाध्यक्ष के समक्ष रखी समस्याएं



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के जलाड़ी, राजल और खरट पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा से कांगड़ा स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। एचआरटीसी उपाध्यक्ष ने पंचायत प्रतिनिधियों की समस्यों को सुना और समाधान किया। उन्होंने जलाड़ी से कांगड़ा की लंबे समय से चल रही बस सेवा की मांग को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। पंचायत प्रतिनिधियों ने एचआरटीसी उपाध्यक्ष का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस दौरान जलाड़ी पंचायत के प्रधान राजकुमार, उपप्रधान बोधराज, मेला कमेटी के अध्यक्ष तिलक राज, बलबीर, रतन चंद, अमर सिंह, मदन लाल और अनिल कुमार युवक मंडल राजल के प्रधान उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में किया पौधरोपण



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने 'एक पेड़ मां के नाम' करीब 200 पौधे लगाएं। 5 एचपी एनसीसी धर्मशाला के कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश शर्मा ने भी पौधरोपण किया। पौधरोपण के दौरान जेसीओ सूबेदार सुरेश, सूबेदार संतोष, जीसीआई ज्योति नेगी स्थानीय विद्यालय के एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह व स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

### दो बेटियों का नेशनल एथलीट गेम में चयन



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा से दो बेटियां नेशनल एथलीट गेम कंपटीशन में चयनित हुई हैं। भाजपा के जिला महामंत्री राजेश राणु ने इन दोनों बेटियों की कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल करने पर खुशी जाहिर की है। रानू ने कहा कि जयसिंहपुर के लंबागांव की रहने वाली अदिति ठाकुर 800 मीटर दौड़, तपा (पहाड़ा) निवासी नैंसी चौधरी 1500 मीटर दौड़ के लिए चयनित हुई है। राणु ने बताया कि प्रयागराज में अंडर-20 एथलीट खेलों का आयोजन 22 जून से 24 जून के बीच में होगा।

---

बारिश ने खोली लोक निर्माण विभाग की तैयारियों की पोल, नालियां बंद होने से उत्पन्न हुई स्थिति

# ठेहड़ू में लोगों के घरों में घुसा पानी



ठेहड़ू मार्ग पर नालियां बंद होने से घर में घुसा बारिश का पानी।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** उपमंडल जवाली के हरिया-ठेहड़ू मार्ग पर ठेहड़ू में बारिश ने लोक निर्माण विभाग की पोल खोलकर रख दी है।

सड़क किनारे बनाई निकासी नालियां लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। नालियों के बंद होने से सड़क पर बह रहा पानी घरों में जा घुसा। स्थानीय निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि नालियां तो बना दी हैं, लेकिन पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं की है। लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या के समाधान के लिए विभाग से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। बुद्धिजीवियों ने सरकार ओर प्रशासन से गुहार लगाई है कि सड़क किनारे निकासी नालियों को खोला जाएगा, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। जेई मोहित कुमार ने कहा कि मुझे आपके माध्यम से पता चला है। ऐसी समस्या है, तो जल्द ही समस्या का हल कर दिया जाएगा।

## थोड़ी सी बारिश से कीचड़ से लबालब हुई सड़क

- लाखा मंडल पंचायत के पंतेहड़ के लोगों की बढ़ी दिक्कतें

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की लाखा मंडल पंचायत के पंतेहड़ गांव को जाने वाले मुख्य रास्ते की शुक्रवार को बारिश में हालत खराब हो गई। पानी इतना ज्यादा था कि नाले ने खड्ड का रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क की हालत पिछले तीन साल से बेहद खराब है। कई बार पंचायत से लेकर विभागों तक शिकायतें की गई, लेकिन न तो प्रशासन जागा, न कोई अधिकारी मौके पर आया। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या रोजमर्रा आने-जाने वाले ग्रामीण, हर किसी को इस कीचड़ और बहते पानी में जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। अभी तो मानसून सीजन की शुरुआत ही हुई है, इसके आगे जब मूसलधार बरसात होगी तो न जाने क्या होगा? प्रशासन की तैयारियां कहां हैं? आपदा प्रबंधन विभाग की टीम कहां है?



बारिश होने से पंतेहड़ गांव को जाने वाले मुख्य रास्ते ने खड्ड का रूप धारण कर लिया।

## स्टूडेंट्स को भाषा और कला से करवाया परिचित

**अनंत ज्ञान, योल।** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एवं 'बहुभाषा अभियान' के अंतर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट में भाषा शाला कैंप आयोजन किया गया। पंजाबी भाषा एवं उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा, लोक संगीत, नृत्य, एवं पाक कला जैसे सांस्कृतिक पक्षों से परिचित कराना था। छात्रों ने पंजाबी लोक-जीवन, पारंपरिक व्यंजन, संगीत और नृत्य की शैली को न केवल देखा, बल्कि उसे आत्मसात भी किया। इस अनूठे अनुभव ने विद्यार्थियों में विविध भाषाओं और संस्कृतियों के प्रति सम्मान और जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य बलजीत सिंह ने छात्रों, अध्यापकों और आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## हैप्पी बर्थडे



ज्वालामुखी के चरण दास सूद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## सोशल मीडिया पर कोई भी नकारात्मक पोस्ट न डालें: दलजिंदर ढिल्लों

- कहा- कुछ लोग समाज में अशांति फैला रहे

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, नफरत फैलाने और समाज में अशांति पैदा करने के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दलजिंदर सिंह ढिल्लों पीपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पठानकोट ने कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया लोगों के विचारों को साझा करने और जानकारी फैलाने का एक प्रभावी साधन बन गया है। कुछ लोग इस मंच का उपयोग धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, नफरत फैलाने और समाज में अशांति पैदा करने के लिए कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में जिला पठानकोट में ऐसे मामले सामने आए हैं। इन गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए पठानकोट पुलिस की ओर से विशेष टीम का गठन किया है, जो 247 साइबर पेट्रोलिंग कर रही है। पुलिस जनता से अपील करती है कि वे सोशल मीडिया पर कोई भी नकारात्मक, धर्म विरोधी या घृणास्पद जानकारी पोस्ट न करें। यदि कोई व्यक्ति ऐसा अपराध करता है तो उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

# एक क्लिक से मिलेगी ऑनलाइन शिक्षा के बारे में पूरी जानकारी

## सीयू में दूरवर्ती एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की वेबसाइट का विमोचन

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने हाल ही में विश्वविद्यालय में स्थापित दूरवर्ती एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की वेबसाइट का विमोचन किया।

सीडीओई की इस वेबसाइट पर एक क्लिक से विद्यार्थी केंद्रीय विश्वविद्यालय में ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने से संबंधित कई प्रकार की जानकारी हासिल कर सकेंगे। कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय विभिन्न प्रकार से विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने इस सत्र से ऑनलाइन शिक्षा मुहैया करवाने का निश्चय किया है। विश्वविद्यालय को नैक की ए ग्रेडिंग मिलने के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो ने छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने के लिए हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय को अधिकृत किया है।



वेबसाइट के विमोचन के दौरान मौजूद कुलपति एवं केंद्र के संकाय सदस्य।

### ऑनलाइन शिक्षा को आगे बढ़ाने का सराहनीय कदम

**वेबसाइट** के माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की जानकारी हासिल कर सकेंगे। साथ ही प्रवेश, परीक्षा और परिणाम से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर कुलपति ने दूरवर्ती और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. विशाल सूद को ऑनलाइन शिक्षा को आगे बढ़ाने एवं इस केंद्र को सुचारु रूप से कार्यान्वित करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ, दूरवर्ती और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के सह निदेशक डॉ. चमन लाल, सहायक निदेशक डॉ. हरीश गौतम आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती में बड़े स्तर पर हुई धांधली : विपिन परमार

- कहा- सुक्खू सरकार ने दांव पर लगाया युवाओं का भविष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश में जारी पुलिस भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। ग्राउंड टेस्ट के बाद हाल ही में हुई लिखित परीक्षा पर गड़बड़ी के आरोप अभ्यर्थियों ने लगाए हैं। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर परीक्षा में धांधली हुई है, जिसकी प्रदेशभर से शिकायतें आ रही हैं।



इसी बीच पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी एवं सुलह क्षेत्र के वर्तमान विधायक विपिन सिंह परमार ने भी पुलिस भर्ती पर सुक्खू सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई भर्ती निकलती है, तो प्रदेश के नौजवानों को आस होती है कि वे भी नौकरी हासिल कर लेंगे। इसके लिए वे खूब मेहनत करते हैं और जब परीक्षा की बारी आती है, तो कोई और ही बाजी मार जाता है, जबकि जी-तोड़ मेहनत करने वाले होनहार परीक्षा में गड़बड़ी या धांधलियों के चलते बाहर हो जाते हैं। परमार ने कहा कि वर्तमान में जारी पुलिस भर्ती परीक्षा में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं और आरोप लगाने वालों में ज्यादातर बेटियां हैं, जिनका कहना है कि परीक्षा हॉल में कुछ अभ्यर्थियों ने एक साथ बैठकर आपस में पेपर सॉल्व किया, परंतु उन्हें किसी ने भी नहीं रोका। कई जगहों पर मोबाइल डिवाइस के इस्तेमाल की भी बात सामने आ रही है। इतने गंभीर आरोप लगने के बाद भी सुक्खू सरकार मामले में कोई एक्शन नहीं ले पा रही है।

# लापता ट्रैकर नितिन शर्मा का 7वें दिन भी नहीं लगा सुराग

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/योल**

**आदि** हिमानी चामुंडा ट्रैक पर निकलने के बाद लापता हुए ट्रैकर नितिन शर्मा का सातवें दिन भी कोई पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार को भी मौसम खराब होने के बीच भी नितिन की तलाश को सर्च अभियान जारी रहा। हालांकि, इस दौरान मौसम से सर्च को गए सभी दलों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वीरवार को बनेर खड्ड के आरंभ स्थल के साथ लगते वॉटरफॉल तक चले सर्च अभियान को आगे बढ़ाते हुए ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र अर्जुनताल से चंबा जिले के बताए जा रहे केलंग पास के क्षेत्र में नितिन को तलाशा गया।

सर्च अभियान में पुलिस दल दौरा ड्रोन, एसडीआरएफ टीम, जिला आपदा प्रबंधन दल व नितिन के ट्रैकर मित्र संयुक्त रूप से तलाश में जारी है, लेकिन अभी तक लापता होने से संबंधित एक भी सुराग हाथ नहीं आया है। अब सर्च अभियान को इस आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है कि लापता युवक ने यहां से सीधे चंबा जिले के केलंग ट्रैक की योजना तो नहीं बनाई है। इस आधार पर ही खोज जारी है। गौरतलब है कि आदि हिमानी चामुंडा ट्रैक पर 14 जून की सुबह नितिन शर्मा (27), गांव व डाकघर लोहारा, तहसील अंब, जिला ऊना ट्रैकिंग को निकला था। इसके बाद घर वापस न लौटने पर लापता युवक की बहन ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद बुधवार से पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने त्रियूंड से लेकर खरगोसनी माता मंदिर तक की पहाड़ियों में लापता नितिन की तलाश की थी। वीरवार को भी ड्रोन, जिला आपदा प्रबंधन के दल, एसडीआरएफ नितिन के ट्रैकर मित्र व पुलिस की संयुक्त टीम ने लापता को बनेर खड्ड के आरंभ क्षेत्र व वॉटरफॉल एरिया तक तलाशा, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

> जिला प्रशासन द्वारा लगातार लापता युवक की तलाश को सर्च अभियान जारी है। आदि हिमानी चामुंडा की पहाड़ियों में खोजबीन की जा रही है। चंबा प्रशासन से संपर्क किया गया है, ताकि लापता युवक उस तरफ निकल गया है तो उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जाए, जबकि आवश्यकता पढ़ने पर चौपर उपलब्ध करवाकर भी लापता युवक की तलाश की जाएगी।
>
> **-हेमराज बैरवा, डीसी कांगड़ा।**

# बरसात से नुकसान होने पर करें संपर्क : मोंगरा

## बारिश से टपकी इच्छी पीएचसी की छत, दो लाख रुपए की दिलाई फौरी राहत

- बल्ला में जेसीबी से खुलवाया रास्ता घरों में जा रहा था पानी
- पीडब्ल्यूडी व जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**

**कांगड़ा** घाटी में मानसून की एंट्री होते ही कई जगह से नुकसान की सूचना मिलने पर एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा फील्ड में डट गए हैं। शुक्रवार सुबह भारी बारिश में सबसे पहले इच्छी पीएचसी की छत टपक पड़ी। सूचना मिलते ही निशु मोंगरा ने मौके का दौरा किया और प्रशासन ने पीएचसी के लिए दो लाख रुपए की फौरी राहत दिला दी है।

इसके बाद धर्मशाला पहुंचे मोंगरा ने उच्च अधिकारियों से बात करके दो लाख रुपए का प्रावधान करवाया है। मोंगरा ने कहा कि इस काम को तेजी से करवाया जाएगा। मौजूदा समय में रोजाना इच्छी पीएचसी में 50 के करीब ओपीडी है। मोंगरा ने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इच्छी पीएचसी की खराब हालत के बारे में उन्हें आज ही पता चला है। उन्होंने इसके लिए तुरंत बजट दिला दिया है। इसके लिए सैकड़ों लोगों ने मोंगरा का आभार जताया। जमानाबाद रोड इच्छी से जमानाबाद जाने वाली सड़क पर बारिश का पानी बल्ला गांव में लोगों के घरों तक जा रहा था। मोंगरा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीडब्ल्यूडी को फोन कर जेसीबी का इंतजाम करवाया। मोंगरा ने कहा कि कई इलाकों से जलभराव की शिकायतें आई हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बरसात में दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग-जलशक्ति विभाग, राजस्व व प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट पर रहने को कहा है। वहीं, कांगड़ा हलके की जनता से आग्रह किया है कि कहीं भी बरसात से दिक्कत पेश आती है, तो उनसे संपर्क करें। वह हमेशा जनता की खातिर तत्पर हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर जनता को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि बरसात में कहीं भी सड़क बंद होने या नुकसान की सूचना है, तो लोग मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के निर्देशों पर हम जिलेभर में जनता को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



बल्ला में बंद रोड को जेसीबी से खुलवाते प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा।

**समीक्षा बैठक** उपमुख्य सचेतक बोले- संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर उठाएं उचित कदम

# टैंकों और कूहलों की करवाएं सफाई: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**मानसून** सीजन को लेकर शुक्रवार को शाहपुर उपमंडल के एसडीएम कार्यालय सभागार में आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने की। पठानिया ने संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए कि वे मानसून से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें तथा संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते उचित कदम उठाएं, ताकि जान-माल के नुकसान से बचाव किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि त्वरित प्रतिक्रिया दल आवश्यक उपकरणों सहित पूरी तरह से तैयार रहें तथा विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर किसी भी आपदा की स्थिति से तत्काल निपटने की योजना बनाएं। बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जलशक्ति विभाग आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ले तथा पेयजल टैंकों, कूहलों और स्कूलों के टैंकों की सफाई एवं क्लोरीनेशन भी समय पर करवाना सुनिश्चित करे। लोक निर्माण विभाग, नगर पंचायत, खंड विकास व अन्य विभाग अपने-अपने क्षेत्रों की नालियों व नालों की समय पर सफाई करें। सूखे व कमजोर पेड़ों की पहचान कर उन्हें हटाया जाए, ताकि हादसों से बचा जा सके। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग दुर्गम क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और भंडारण सुनिश्चित करे।



आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

### डैम से पानी छोड़े जाने से पहले दी जाए चेतावनी

**पठानिया** ने डैम प्रबंधन अधिकारियों से भी बैठक कर कहा कि डैम सुरक्षा अधिनियम 2021 के तहत पूर्व चेतावनी प्रणाली अनिवार्य है। डैम से पानी छोड़े जाने से पहले सायरन से चेतावनी दी जाए और जनप्रतिनिधियों को सूचित किया जाए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नदी-नालों के पास न जाएं और आपात स्थिति में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में बताया गया कि शाहपुर उपमंडल में 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष पहले से ही स्थापित है। आपदा की स्थिति में 01892-237007 या 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जीवन में अनुशासन, सेवा मूल्यों को अपनाएं: मनोज



प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में रेजिडेंशियल एनसीसी नेवल यूनिट का कैंप आयोजित।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में आयोजित 10 दिवसीय रेजिडेंशियल एनसीसी नेवल यूनिट कैंप के अंतर्गत कैडेट्स को मनोज ठाकुर एसपी इन्वेस्टिगेशन पठानकोट से संवाद करने का अवसर मिला।

मनोज ने एनसीसी नेवल कैडेट्स को एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने अनुशासन, सेवा और नेतृत्व जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कानून व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न करियर संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और आधुनिक पुलिसिंग की विविध और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं की जानकारी दी। वास्तविक जीवन के उदाहरणों और संवादात्मक चर्चा के माध्यम से कैडेट्स को पुलिस कार्यप्रणाली, जांच प्रक्रिया और सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी के महत्व से अवगत कराया गया। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर एन निशांत ने मनोज का आभार व्यक्त किया। ऐसे सत्र सम्मानजनक सेवा क्षेत्रों में करियर अपनाने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि हमें गर्व है कि हम इस प्रतिष्ठित एनसीसी कैंप की मेजबानी कर रहे हैं और आभारी हैं कि मनोज ठाकुर जैसे वरिष्ठ अधिकारी हमारे कैडेट्स से संवाद कर उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।

# एचएएस व यूजीसी-नीट परीक्षा एक ही दिन, उलझन में अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में हजारों छात्रों का भविष्य अनिश्चितता के भंवर में फंस गया है। आगामी 29 जून को राज्य की प्रतिष्ठित एचएएस प्रारंभिक परीक्षा और राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण यूजीसी-नीट परीक्षा एक ही दिन निर्धारित होने से प्रदेश के युवा गहरे मानसिक तनाव और असमंजस का सामना कर रहे हैं। इस गंभीर मुद्दे पर भाजपा नेता चेतन बरागटा ने प्रदेश सरकार व एचपीपीएससी हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है और तत्काल इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

बरागटा ने इस स्थिति पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार और एचपीपीएससी की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या उन्हें यह ज्ञात नहीं था कि बड़ी संख्या में छात्र इन दोनों महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए पात्र हैं और उनकी तैयारी कर रहे हैं? प्रशासनिक सहूलियत के नाम पर छात्रों की कड़ी मेहनत और उनके भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ किया जा सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला छात्रों के हितों को पूरी तरह से अनदेखा करके लिया गया है, जिसका सीधा नकारात्मक प्रभाव उनके मानसिक स्वास्थ्य और उनके करियर की संभावनाओं पर पड़ रहा है।

### परीक्षा की तारीख को फिर किया जाए निर्धारित: बरागटा

**बरागटा** ने मांग की है कि एचएएस या यूजी-नीट इनमें से किसी एक परीक्षा की तारीख को छात्रों के हित में तुरंत फिर से निर्धारित किया जाए। उनका कहना है कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके करियर को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, एक संवेदनशील और व्यावहारिक समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह इस फैसले की तत्काल समीक्षा करे और हजारों होनहार छात्रों के सुनहरे भविष्य से खिलवाड़ न करे।

# लंबे समय से चली आ रही बागवानों की मांगों को किया पूरा : रोहित ठाकुर

## जुब्बल-कोटखाई के टिक्कर में जनसभा को संबोधित करते हुए बोले शिक्षा मंत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रदेश सरकार बागवानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के टिक्कर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बागवानों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया है, जिससे प्रदेश के बागवानी क्षेत्र को मजबूती मिल रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने सत्ता में आते ही सेब का समर्थन मूल्य बढ़ाया और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत सेब उत्पादकों की देनदारियों को चुकाने के लिए 153 करोड़ रुपए जारी किए, जिसमें पिछली सरकार का 90 करोड़ रुपये का बकाया भी शामिल है। उन्होंने यूनिवर्सल कार्टन लागू करने को बागवानों की आय में बढ़ोतरी करने में अहम भूमिका बताया।



जुब्बल-कोटखाई के टिक्कर में जनसभा को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

जुब्बल कोटखाई में चहुंमुखी विकास को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चहुंमुखी विकास पर विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नावर में सर्वांगीण विकास हो रहा है, जिसमें विशेष रूप से सड़कों का जाल बिछाने पर जोर दिया जा रहा है और हर गांव में समान विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

मंत्री ठाकुर ने जानकारी दी कि क्षेत्र में 136 सड़कों को स्वीकृति मिल चुकी है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-4 और नाबार्ड के तहत 8 सड़कें अनुमोदित की गई हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार क्षेत्र में सड़कों को पक्का करने को प्राथमिकता दे रही है।' जिन प्रमुख सड़कों का काम पूरा हो चुका है, उनमें 9 किमी लंबी बाघी-खदराला सड़क, 5 किमी लंबी खारला सड़क, 5 किमी लंबी खलाई सड़क, 5 किमी लंबी थाना सड़क, 27 किमी लंबी गंगानगर से टिक्कर सड़क और 24 किलोमीटर लंबी मैंदली से धनासी धार सड़क शामिल हैं।

### शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश की बढ़ती पहचान

**शिक्षा** के क्षेत्र में प्रदेश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ठाकुर ने कहा कि राज्य देश में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के स्कूलों में आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है और भवन निर्माण के लिए बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, शिक्षकों व गैर-शिक्षकों के रिक्त पदों को भी भरा जा रहा है।

# प्रोफेसर विपन कुमार की पुस्तक कॉपी राइट कार्यालय में पंजीकृत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विश्वविद्यालय के सांध्यकालीन अध्ययन विभाग (इवनिंग कॉलेज) के सहायक प्रोफेसर डॉ. विपन कुमार भूलाल की लिखी ह्यूमन सोशल रिस्पांसिबिलिटी : एन अप्रोच टू वर्ड्स सोसायटी पुस्तक का कॉपी राइट कार्यालय में पंजीकृत हो गई है। यह पुस्तक समय की मांग के अनुसार अत्यंत प्रासंगिक है। इस पुस्तक में कैसे हम एक जिम्मेदार नागरिक और मानव के रूप में जीवन जी सकते हैं, अपने समाज, राष्ट्र के विकास में कैसे सहयोग कर सकते,सकारात्मक योगदान दे सकते हैं का विवरण है।



डॉ. भुलाल ने बताया कि यह अवधारणा न केवल समाज के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। यह विचार हमें बताया है कि कैसे एक आदर्श और सफल जीवन जीने के साथ स्वयं एक सच्चे इंसान की तरह व्यवहार कर सकते हैं। डॉ. विपन की इस उपलब्धि पर विवि के कुलपति प्रो. महावीर सिंह, प्रति कुलपति प्रो. राजिंद्र वर्मा और विवि के सांध्यकालीन अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी एफ. पॉल ने डॉ. भुलाल को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी है। प्रो. पॉल ने कहा कि यह केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक दिशा-सूचक है-सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास की ओर बढ़ने का मार्ग। विश्वविद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व करता है और आशा करता है कि डॉ. भुलाल की यह प्रेरणादायक सोच समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेगी।

# 'स्वाधीनता, जनवाद और समाजवाद' का झंडा फहराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रामपुर इकाई ने कॉलेज परिसर में 'स्वाधीनता, जनवाद और समाजवाद' का झंडा फहराया। यह आयोजन अखिल भारतीय कमेटी के आह्वान पर किया गया, जो संगठन के छात्र विरोधी और देश विरोधी नीतियों के खिलाफ निरंतर संघर्ष को दर्शाता है।

जिला उपाध्यक्ष राहुल विद्यार्थी ने बताया कि एसएफआई ने अपनी स्थापना से ही कई छात्र-विरोधी और देश-विरोधी नीतियों का विरोध किया है, जिसमें कई कार्यकर्ताओं ने अपनी जान भी गंवाई है। उन्होंने जानकारी दी कि 27 से 30 जून तक केरल के कोझिकोड में 18वां अखिल भारतीय सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में वर्तमान परिस्थितियों और सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों पर चर्चा की जाएगी, जिसके आधार पर भविष्य के आंदोलनों की रणनीति तैयार होगी। कैंपस अध्यक्ष पूजा ने सबसे पहले झंडा फहराया।

# केंद्र को भेजी ठियोग-कुमारसैन में 14 नई सड़कों के निर्माण की सिफारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ठियोग-कुमारसैन** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जल्द ही सड़कों का जाल बिछने वाला है। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी अजय श्याम ने बताया कि ठियोग-कुमारसैन की 14 प्रमुख ग्रामीण सड़कों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की प्राथमिकता सूची में शामिल कर केंद्र सरकार को उनके निर्माण की सिफारिश भेज दी गई है। इसके लिए उन्होंने शिमला के सांसद सुरेश कश्यप का आभार व्यक्त किया।

अजय श्याम ने बताया कि जिन सड़कों के प्रस्ताव भेजे गए हैं, उनमें मेडी मढधार, रेगतू बील, शिलारू-रिग्ता, क्यारू मलेर, नन्नी नाग, केवकली, खलॉन्टू, कनोल-नाला-गढ़ेच, मछिवड़ा, धार-कलाहर-कैंची, खोलवी, शेलग-देवजुब्बढ, धनहाल-धारटी और शैला-नौतोड़ शामिल हैं।

### अजय श्याम ने सांसद सुरेश का जताया आभार

### अन्य जरूरी सड़कों के प्रस्ताव भी सांसद के समक्ष रखे जाएंगे

**अजय** श्याम ने बताया कि क्षेत्र की अन्य जरूरी सड़कों के प्रस्ताव भी सांसद कश्यप के समक्ष रखे जाएंगे ताकि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जल्द ही ठियोग क्षेत्र की जनता की ओर से सांसद का सार्वजनिक अभिनंदन करने की बात भी कही।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद सुरेश कश्यप द्वारा अनुशंसित इन सड़कों के लिए केंद्र सरकार जल्द ही धनराशि उपलब्ध कराएगी और आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू होंगी।

# शिक्षा मंत्री पर लगाया झूठा श्रेय लेने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा कोटखाई-नावर मंडल के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर पूर्व भाजपा सरकार में स्वीकृत और लगभग पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का उद्घाटन कर झूठा श्रेय लेने का गंभीर आरोप लगाया है। डोगरा ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि शिक्षा मंत्री अपने कार्यकाल की कोई भी नई उपलब्धि बताने की स्थिति में नहीं हैं।

सुंदर डोगरा ने मीडिया को बताया कि टिक्कर में पुलिस भवन का निर्माण कार्य पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुआ था और इसका 90 प्रतिशत कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने जुब्बल क्षेत्र की सारी पंचायत में पंचायत घर के निर्माण हेतु 50 लाख की धनराशि स्वर्गीय नरेन्द्र बरागटा के प्रयासों से स्वीकृत होने और मघारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 33 लाख की राशि का प्रावधान भी भाजपा सरकार की देन होने का दावा किया। डोगरा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री दो वर्षों से अपने भाषणों में बार-बार यही दोहराते हैं कि यह कार्य 15 या 20 वर्ष पहले शुरू हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया। इससे स्पष्ट है कि वे अपने कार्यकाल की कोई भी नई उपलब्धि बताने की स्थिति में नहीं हैं। जनता अब यह जानना चाहती है कि मंत्री ने जुब्बल-कोटखाई के लिए पिछले दो वर्षों में क्या नया किया?

# बखराला-अड़ियाला-कौल सड़क की सफल पासिंग, ग्रामीणों ने मंत्री को जताया आभार



बखराला-अड़ियाला-कौल सड़क की पासिंग के दौरान उपस्थित लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कोटखाई** के ऊपरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत रत्लाड़ी में शुक्रवार को बखराला-अड़ियाला-कौल वाया बशनाल सड़क की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर स्थानीय ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

इस सड़क के बनने से क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे। यह सड़क आवागमन को आसान बनाएगी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करेगी, और कृषि-आधारित जीवन शैली को बढ़ावा देगी।

ग्रामीणों का मानना है कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर कलम सिंह चौहान नायब तहसीलदार, कोटखाई, मोती लाल डेरटा अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जुब्बल नावर कोटखाई, सहित हिमाचल पथ परिवहन निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारीगण, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सुक्खू का बागा सराहन दौरा निराशाजनक: ठाकुर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** मुख्यमंत्री सुक्खू का आनी विधानसभा के निरमंड खंड के बागा सराहन दौरा निराशाजनक रहा। क्षेत्र के लोगों को मुख्यमंत्री से बड़ी उम्मीद थी लेकिन यह दौरा पिकनिक भ्रमण तक ही सीमित रहा। लोगों को पर्यटन की दृष्टि से भी क्षेत्र में नई-नई उम्मीदें थी श्रीखंड महादेव एवं बश्लेऊ टॉप व निरमंड खंड के आने को पर्यटन स्थान के लिए लोगों की आशाएं व अपेक्षाएं थीं, परंतु लोगों की उमीदों पर पानी फिर गया, क्योंकि लोगों को बड़ी उम्मीदों का भरोसा था। क्योंकि प्रदेश का मुखिया पहली बार इस क्षेत्र में आये और बिना कुछ बड़ी घोषणाएं किए बिना ही वापस लौटे। यह आरोप भाजपा जिला कुल्लू के अध्यक्ष दिलसुख ठाकुर ने आज लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग एवं पंचायती राज विभाग के कार्य भी पूर्व की भाजपा सरकार की ही देन है।

# देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने और सही व्यवस्था बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है और उसके परिणाम भी दिख रहे हैं। इसी दिशा में एक राष्ट्र एक चुनाव का निर्णय लिया गया है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध किए जा रही है। चिंता की बात तो यह है कांग्रेस के किसी भी नेता का यह बात नहीं पता है कि वह इसका विरोध क्यों कर रहे हैं। अपने विरोध को लेकर वह तर्क तक नहीं दे पा रहे हैं। अनुराग शुक्रवार को जिला बिलासपुर के खारसी व निहारखण बासला में विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित कर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 11 वर्षों में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। कुशल आर्थिक नीतियों से हम 11 वें नंबर से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं। केंद्र सरकार के सिद्धि के इस कार्य में देश में हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। इसी सभा में इसको लेकर सभी ने हामी भी भरी है। उ

# सक्षम स्थापना दिवस : विशेष बच्चे और महिला खिलाड़ी सम्मानित

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों की थपथपाई पीठ

### रक्तदान, नेत्रदान व अंगदान का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सक्षम संस्था के स्थापना दिवस पर घुमारवीं के मिलन पैलेस में समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग रहे। समारोह में विशेष ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले चेतना संस्था के चार बच्चों तथा राष्ट्रीय स्तर पर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में हिमाचल को पहली बार विजेता बनाने वाली सात महिला खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



सक्षम संस्था के स्थापना दिवस पर घुमारवीं के मिलन पैलेस में समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चेतना संस्था के 50 बच्चों एवं उनके शिक्षकों सहित अन्य लोगों ने रक्तदान, नेत्रदान व अंगदान के लिए समाज को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। गर्ग ने कहा कि सक्षम संस्था विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए प्रेरणादायक कार्य कर रही है। इन बच्चों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए सभी से उनके समर्थन की अपील की।

गर्ग ने कहा कि स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक ने एडवाइजरी काउंसिल (एपीएसी) की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा विशेष बच्चों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। डॉ. मल्लिका स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक एडवाइजरी काउंसिल की अध्यक्ष के रूप में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। विशेष बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास भरने और उन्हें मुख्यधारा में लाने के उनके प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी सराहा गया है। उनका मानना है कि हर बच्चा विशेष है और उन्हें समान अवसर देकर हम एक अधिक समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर सक्षम जिला अध्यक्ष जगदीश राम ठाकुर, सचिव अमित कुमार कश्यप, प्रांत उपाध्यक्ष राजेंद्र विशिष्ट, प्रांत कोषाध्यक्ष श्याम चंदेल, जिला संघ प्रमुख सोहन सिंह, नया सवेरा स्कूल के 30 बच्चे सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सतलुज में बही महिला का शव गोबिंदसागर झील में मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर थाना के तहत तरेड़ गांव में 15 जून को सतलुज में बही महिला का शव गोबिंदसागर झील किनारे मलरांव में मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार 15 जून को कौशल्या देवी (40) पत्नी ज्ञान चंद निवासी गांव तरेड़ डाकघर चांदपुर सास के साथ घास काटने के लिए नदी के किनारे गई थी।

इस दौरान उसका पांव फिसला और वह नदी में जा गिरी, उसने सास को आवाज लगाई। सास ने बचाने के लिए दुपट्टा फेंका, लेकिन महिला उसे पकड़ नहीं सकी। इसी बीच किनारे पर खड़े मोटर बोट चालकों ने भी महिला को बचाने के लिए बोट का नदी में चलाया, लेकिन महिला तक नहीं पहुंच सके। पुलिस ने भी लगातार खोज अभियान चलाया था, जिसमें स्थानीय तैराकों की भी मदद ली गई। इसके अलावा ड्रोन से भी महिला की खोज बागछाल पुल तक की गई, लेकिन वह नहीं मिली। वीरवार शाम को मलरांव नामक स्थान पर महिला का शव गोबिंदसागर झील के किनारे मिल गया। पानी का बहाव अधिक होने से महिला का शव इतना आगे पहुंच गया था। जहां से महिला झील में गिरी थी, वहां से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर शव मिला। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

# कर्मचंद बने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रधान



वन वृत्त बिलासपुर में हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वन वृत्त बिलासपुर में शुक्रवार को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव हुए। चुनावी प्रक्रिया का नेतृत्व वन वृत्त अनुभाग अधिकारी जोगिंदर पाल, ग्रेड टू अधीक्षक श्याम लाल लखनपाल, कनिष्ठ कार्यालय सहायक संजीव डोगरा और क्षेत्रीय वन संघ कर्मचारी अध्यक्ष हंस राज द्वारा किया गया। कर्मचंद को संघ का प्रधान, रामपाल को उपप्रधान, महेंद्र कुमार को सचिव, प्रदीप कुमार को कोषाध्यक्ष और अमन को प्रेस सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित उपप्रधान रामपाल ने सभी उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने विशेष रूप से वन अरण्यपाल बि.लासपुर और डीएफओ बिलासपुर का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रामपाल ने कहा कि नया संघ प्रदेश स्तर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों को मजबूती से उठाएगा और विभाग के सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि संघ सभी कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा।

# जर्मनी में पढ़ाई कर रहे लापता भारतीय छात्र आर्यन चंदेल का नहीं लगा सुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जर्मनी** के म्यूनिख में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र आर्यन चंदेल के स्टर्नबर्ग झील में लापता हुए शुक्रवार को छठा दिन हो गया, लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। 15 जून को हैप्पी फादर-डे कहने के उपरांत गायब है आर्यन के पिता विचित्र सिंह चंदेल और माता निशा चंदेल ने बताया कि मम्मी तोड़ी देर बाद बात करूंगा, वह तैरने जा रहा है। यह कहकर चला गया मेरा आर्यन, लेकिन आज दिन तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिवारजनों ने बताया कि उन्होंने जनरिक आधार के सीईओ अर्जुन देशपांडे से संपर्क किया। जर्मनी स्थित भारतीय दूतावास (म्यूनिख/बर्लिन) से बात की है। बताया कि दूतावास ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया है और तलाशी में विशेष रोबोट्स और प्रशिक्षित रेस्क्यू डॉग्स की सहायता ली जा रही है।

यह मामला न सिर्फ एक परिवार के लिए पीड़ा का विषय है, बल्कि विदेश में पढ़ रहे हजारों छात्रों और उनके परिवारों के लिए भी चिंता का कारण बन गया है। चंदेल परिवार ने भारत सरकार और विदेश मंत्रालय से अपील की है कि वे इस संकट की घड़ी में हरसंभव सहायता करें और आर्यन को शीघ्रता से ढूंढने में मदद करें। आर्यन चंदेल कंदरौर के साथ लगते घुमाणी चैक का रहने वाला है।

# घुमारवीं बस स्टैंड पर युवक ने बदले की भावना से किया था दराट से हमला

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** घुमारवीं बस स्टैंड पर वीरवार दोपहर को हुई हिंसक झड़प में बदले की भावना से हमला करने का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार दराट से किया यह हमला युवक द्वारा पूरी योजना के तहत अंजाम देने की कोशिश थी, जो दो दिन पहले खुद पर हुई मारपीट का बदला लेना चाहता था। जांच में सामने आया है कि दोनों युवकों के बीच यह दुश्मनी दो दिन पहले हुई एक मारपीट की घटना से उपजी थी। दो दिन पहले घुमारवीं बस स्टैंड पर ही इन दोनों युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस और फिर हाथापाई हो गई थी।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

इसमें हमलावर युवक को दूसरे युवक ने पीट दिया था। इस घटना के तुरंत बाद घायल युवक ने घुमारवीं पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी, लेकिन जब दो दिन बीत जाने के बावजूद मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो आरोपी युवक ने खुद ही बदला लेने की ठान ली। युवक ने वीरवार को बदला लेने की नीयत से अपने कमीज के अंदर दराट छिपाया और बस स्टैंड जा पहुंचा। वहां पहले से मौजूद दूसरे युवक से उसकी फिर से कहासुनी शुरू हो गई। युवक ने अचानक अपनी कमीज के अंदर से दराट निकाला और हमले की कोशिश की। दूसरा युवक जान बचाने के लिए भागा, लेकिन आरोपी उसके पीछे-पीछे बस स्टैंड के एक कोने तक पहुंच गया और वहीं पर उसने दराट से वार कर दिया। हमले को देखकर मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और एक साहसी महिला ने तुरंत हस्तक्षेप किया और समय रहते बीच बचाव कर दिया। यदि यह हस्तक्षेप कुछ सेकंड भी देर से होता, तो मामला गंभीर रूप ले सकता था। युवक को सिर पर चोटें आई हैं, जबकि बीच बचाव करने वाले एक स्थानीय दुकानदार को दराट लगने से हाथ में गंभीर चोट लगी है, जिसमें तीन टांके लगाए गए हैं। घायल हुए युवक ने हमले में प्रयुक्त दराट को भी अपने कब्जे में लेने के बाद उसे पुलिस थाना ने जमा करवा दिया है। पुलिस थाना घुमारवीं में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# नवीन शर्मा अध्यक्ष और सचिन को चुना उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** दी हिमाचल विपणन एवं आपूर्ति सहकारी सभा सीमित औहर का वार्षिक अधिवेशन का औहर में हुआ। सभा के सदस्यों द्वारा काफी लंबे समय से निष्क्रिय इस को-ऑपरेटिव सोसाइटी को दोबारा सुचारु रूप से चलाने के लिए वार्षिक अधिवेशन रखा था। सभा के सदस्य प्यारे लाल की अध्यक्षता में वार्षिक अधिवेशन की आम सभा हुई। वार्षिक अधिवेशन की शुरुआत में सभा के संस्थापक स्व. जगत राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभा के लिए उनके योगदान को याद किया। सभा ने निर्णय लिया कि सोसायटी को सुचारु रूप से चलाने के लिए सभा में नई प्रबंधक कमेटी का गठन किया जाए। सभा के सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रबंधक कमेटी का चुनाव किया, जिसमें नवीन शर्मा को अध्यक्ष, सचिन शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। निदेशक मंडल में विशाल, शिवकुमार और भावना शर्मा निदेशक बनाया गया। सभा में नए बने सदस्यों की स्वीकृति व निष्कासित करने बारे में चर्चा की गई और यह नए सदस्यों की स्वीकृति की गई। सहकारिता विभाग की तरफ से निरीक्षक राकेश कुमार को इस वार्षिक अधिवेशन के लिए अधिकृत किया गया था, उनकी देखकर में नियमानुसार सारी कारवाई संपन्न की गई।

# बिलासपुर में बाहरी राज्य की नाबालिग युवती से दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले में एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दुष्कर्म की शिकार पीड़िता बाहरी राज्य की रहने वाली है, जो कि बिलासपुर के एक क्षेत्र में किराए के मकान में परिजनों संग रह रही थी। शिकायत पर महिला थाना बिलासपुर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यह घटना लगभग 3-4 महीने पहले की है।

जब वह रात करीब 9 बजे अपने किराए के मकान में अकेली थी, तभी एक नकाबपोश व्यक्ति कमरे में घुस आया। उसने पीड़िता के मुंह पर कपड़ा बांध दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसकी बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता इतनी डर गई थी कि उसने यह बात किसी को नहीं बताई। हाल ही में वह अपने परिवार के साथ



पटियाला में अपनी रिश्तेदारी में गई थी, जहां उसे अचानक पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। संदेह होने पर जब जांच कराई गई, तो वह गर्भवती पाई गई। इस चौंकाने वाली जानकारी के बाद पीड़िता ने पूरी घटना अपनी मां को बताई। यह मामला थाना भराड़ी से ई-मेल के माध्यम से महिला थाना बिलासपुर को भेजा गया था। इसी आधार पर महिला पुलिस थाना बिलासपुर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वर्तमान में पीड़िता का इलाज पटियाला के एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विस अध्यक्ष आज स्टार नाईट में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 21 जून से चंबा प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप पठानिया 21 जून को सिहुंता पहुंचेंगे तथा सायः 7 बजे सिहुंता छिंज मेला कमेटी की ओर से आयोजित स्टार नाईट (सांस्कृतिक संध्या) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 23 जून को सिहुन्ता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रम्या ने संभाला लोकपाल-मनरेगा का पदभार

**अनंत ज्ञान, टीम। चंबा/भरमौर।** हिमाचल प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी



रम्या चौहान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत ज़िला चंबा में लोकपाल का पदभार ग्रहण किया है। रम्या चौहान ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात बताया कि मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। साथ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली शिकायतों की निष्पक्ष जांच और त्वरित निवारण उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### मुहम्मद यासीन ने संभाला मुख्याध्यापक का पद

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** तीसा के शलेला बाड़ी स्कूल में मुहम्मद यासीन ने मुख्याध्यापक का पद संभाला। इस दौरान सीएमसी कार्यकारणी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया इस दौरान मुहम्मद यासीन ने बताया बताया कि अभिभावक शिक्षकों के साथ ओर शिक्षकों को अभिभावकों के साथ जितना तालमेल होगा उनता शिक्षा का स्तर बढ़ेगा व बच्चे शिक्षा के अनुसार आगे बढ़ेंगे। इसके साथ साथ जैसा भी यहां पर हो सके शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम हम हर एक प्रयास करेंगे।

### वन विभाग ने की जानलेवा बने पेड़ों की कटाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के चौंतड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे के किनारे लगे पेड़ों को काटा गया। यह कार्रवाई जल शक्ति विभाग कार्यालय के समीप की गई। पेड़ों की कटाई को लेकर वन विभाग ने पुष्टि की है कि यह कार्य प्रशासन के आदेशानुसार किया गया है। वन मंडलाधिकारी अश्विनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम के निर्देशों पर हाईवे के किनारे खतरनाक स्थिति में खड़े पेड़ों की पहचान की गई थी। इन चिन्हित पेड़ों को शुक्रवार को नियमानुसार काट दिया गया है ताकि भविष्य में कोई भी दुर्घटना न हो।

### समग्रता से लागू करें वन अधिकार कानून

**अनंत ज्ञान, मंडी/बालीचौकी।** जिला परिषद सदस्य हिमा देवी व रीता देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य संतराम व दिल्ला राम तथा ग्राम पंचायत खोलानाल के पूर्व प्रधान मानसिंह ने उपायुक्त अपूर्व देवगन को ज्ञापन देकर वन अधिकार कानून 2006 को जमीनी स्तर पर समग्रता से लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में इन पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि इन दिनों सरकार द्वारा वन अधिकार कानून को उसकी मूल भावना के अनुरूप जमीन स्तर पर लागू करने को लेकर विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत गतिविधियों का एक कैलेंडर भी जारी किया गया है लेकिन बाली चौकी उपमंडल में अभी तक इस कानून को जमीन स्तर पर लागू करने के लिए कोई भी व्यावहारिक कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रतिनिधियों ने कहा है कि सिराज क्षेत्र के तमाम निवासी इस कानून के तहत अन्य परंपरागत वन निवासी की श्रेणी में आते हैं। ये अपनी जीविका के लिए वन और वन संपदा पर कई पीढ़ियों से निर्भर है।

### ट्रांसफार्मर के साथ छेड़छाड़ ने बढ़ाई चिंता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर नगर सब-डिवीजन नंबर-1 क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के साथ की जा रही छेड़छाड़ ने बिजली विभाग की चिंता बढ़ा दी है। विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, बीते 15 दिनों के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रांसफार्मर की जीओ (गैंग ऑपरेटिंग) डिवाइस से छेड़छाड़ की गई, जिससे क्षेत्र में कई बार बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। विभाग ने इस कृत्य को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा है और इसे जान-माल के लिए खतरा बताया है। विभाग ने इस मामले की शिकायत संबंधित पुलिस थाना में दर्ज करवा दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना या नुकसान होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी इस आपराधिक हरकत को अंजाम देने वाले शरारती तत्व की होगी।

### नपं के वार्ड परिसीमन का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि मंडी जिला में पड़ने वाली नगर पंचायत रिवालसर, धर्मपुर, जोगिंद्रनगर तथा करसोग के वार्ड परिसीमन का अंतिम प्रकाशन निर्धारित समय अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई आक्षेप व सुझाव न आने के उपरांत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित नगर पंचायत के वार्ड परिसीमन की सूचना 2 जून को जारी की गई थी। निर्धारित समय अवधि 9 जून तक किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में कोई आक्षेप व सुझाव नहीं दिए गए है, जिसके उपरांत नगर पंचायत रिवालसर, धर्मपुर, जोगिंद्रनगर तथा करसोग के वार्ड परिसीमन का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।


### पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल लडभड़ोल द्वारा 'विकसित भारत का अमृत काल-सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष' विषय पर मंडल संकल्प सभा का भव्य आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लविन्दर सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता व हिमाचल प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक प्रियवत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता प्रियवत शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश की अभूतपूर्व प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कालखंड गरीब कल्याण, पारदर्शी शासन और तकनीकी विकास का प्रतीक रहा है।

# लुडेरा विद्यालय में शिक्षक के ज्वाइन न करने पर ग्रामीणों ने लगाया ताला

## ग्रामीणों और अभिभावकों का ऐलान–जब तक शिक्षक नहीं, तब तक स्कूल नहीं

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान टीम**





**ग्रामीणों को अब उपायुक्त से कार्रवाई की उम्मीद**

**ग्रामीणों** को अब उपायुक्त से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद है, ताकि बच्चों की शिक्षा दोबारा पटरी पर लौट सके और शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बना रहे।

**डीसी कार्यालय पहुंचे सुरजीत**

**लुडेरा** स्कूल की गंभीर स्थिति और बच्चों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ को लेकर युवा कांग्रेस नेता सुरजीत भर्मौरी स्वयं उपायुक्त कार्यालय चंबा पहुंचे और इस विषय में प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**मैहला/चंबा।** विकास खंड मैहला-1, राजकीय प्राथमिक पाठशाला लुडेरा में जारी शिक्षकीय संकट ने अब तूल पकड़ लिया है। बच्चों की पढ़ाई ठप होने पर स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने दो टूक ऐलान कर दिया है कि जब तक शिक्षक नहीं, तब तक स्कूल नहीं।

शिक्षा विभाग द्वारा 4 जून को अशोक कुमार, जेबीटी को तराला से लुडेरा स्कूल स्थानांतरित किया गया था। आदेश में यह स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू माना गया था ताकि स्कूल शिक्षकविहीन न रहे, लेकिन दो सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी अशोक कुमार ने अब तक विद्यालय में ज्वाइनिंग नहीं की है। इससे विद्यालय में पठन–पाठन पूरी तरह बंद हो गया है और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बच्चों की शिक्षा प्रभावित होते देख, 19 जून को अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल न भेजकर प्रतीकात्मक विरोध जताया। इसके बाद 20 जून से स्कूल प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों ने विद्यालय परिसर में तालाबंदी कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक संबंधित शिक्षक कार्यभार ग्रहण नहीं करते, स्कूल नहीं खोला जाएगा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की हो निष्पक्ष जांच : एबीवीपी



एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त चंबा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राज्य** में हाल ही में संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला चंबा ने इस परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका को लेकर एबीवीपी ज़िला चंबा ने उपायुक्त चंबा के माध्यम से मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें परीक्षा में हुई गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि परीक्षा प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं देखी गईं, जो युवाओं के भविष्य से खुला खिलवाड़ है। एबीवीपी के प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर और चंबा विभाग संयोजक अर्पित जरयाल के नेतृत्व में भेजे गए पत्र में कहा गया है किकई परीक्षा केंद्रों में बिना चेकिंग के उम्मीदवारों को बैठने दिया गया। परीक्षा के दौरान बिजली जानबूझकर काटी गई, जिससे पेपर के बीच में रुकावट आई।

संगठन ने सरकार से तत्काल निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों को सख्त सजा देने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस मामले पर शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो विद्यार्थी परिषद प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## बाल स्कूल में प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर फैलाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान, चंबा**



नशे के खिलाफ पेंटिंग बनाते बच्चे।

**पीएमश्री** राजकीय उत्कृष्ट बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में शुक्रवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक प्रभावशाली जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला व नारा लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक सुशांत कुमार ने किया, जबकि निर्णायक मंडल में शिवानी कपूर, नीतिका कौशल, सुशांत कुमार व विनोद पुरी शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों पर गहन विचार रखे। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को इस सामाजिक बुराई से दूर रहने का संकल्प दिलाया और कहा कि नशा समाज के लिए एक नासूर है, इससे बचाव ही सर्वोत्तम उपाय है।

इस अवसर पर सभी विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में नैतिक, गौरव और आसिफ क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे, जबकि जूनियर वर्ग में प्रियांशु, विराट, शिवम और पंकज को सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में अक्षत, सुमित और कार्तिक ने सीनियर वर्ग में तथा राकेश, दिव्यांश और आदित्य ने जूनियर वर्ग में स्थान प्राप्त किए।

## सोमबीर फौजी ने जीता भेकड़ दंगल

**बबलू भटियात, अनंत ज्ञान, बकलोह।** भटियात उपमंडल की जराई पंचायत के गांव भेकड़ में आयोजित दो दिवसीय छिंज मेले के दूसरे दिन रोमांच और उत्साह चरम पर रहा। मेला कमेटी के संचालक कैप्टन किशन सिंह गुरुंग की अगुवाई में विशाल दंगल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बसंत सिंह गुरुंग बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जिन्हें मेला कमेटी के प्रधान धर्मेंद्र थापा द्वारा समृति चिन्ह व बैज भेंटकर सम्मानित किया गया। समाजसेविका धन माया कंवर ने पहलवानों के सम्मान हेतु 5100 रुपए और मुख्य अतिथि ने भी अपनी ओर से धनराशि भेंट की। दंगल में सोमबीर फौजी (हरियाणा) ने सलीम (पठानकोट) को हराकर प्रथम माली का खिताब जीता। द्वितीय माली नजीर (तीसा) और तृतीय माली रवि (तीसा) रहे। सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त मेले में लॉटरी ड्रा भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सीमा देवी (चफ्फड़) को पहला इनाम 9 लीटर ओवन मिला।

# आपदा प्रबंधन में समन्वित प्रयास आवश्यक

## मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोले उपायुक्त मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने मानसून-2025 के दौरान चंबा ज़िला में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों, पंचायती राज जनप्रतिनिधियों तथा आपदा मित्रों व स्वयंसेवकों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता जताते हुए सुनियोजित आपदा प्रबंधन व त्वरित राहत कार्यों के माध्यम से संभावित जोखिमों को न्यूनतम करने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त आज दक्षिण-पश्चिम मानसून-2025 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। मुकेश रेपसवाल ने सभी उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीम) को दूरस्थ ग्राम पंचायतों में आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने तथा उप मंडलीय आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष को लगातार सक्रिय रखने को कहा।

उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग, लोक निर्माण विभाग को संभावित भूस्खलन वाले क्षेत्रों, असुरक्षित सड़कों की सूची तैयार करने व आवश्यक मशीनरी का भी उचित प्रबंध सुनिश्चित बनाने को कहा। साथ में नगर परिषद , नगर पंचायतों को सड़कों के किनारे वर्षा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत बोर्ड, जल शक्ति विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से संबंधित विस्तृत कार्य की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुकेश रेपसवाल ने विभिन्न जल विद्युत परियोजना प्रबंधकों को विशेष नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश देते हुए

आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा करने को कहा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत किया कि आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाया गया है, साथ में डायरिया नियंत्रण के लिए अभियान 31 जुलाई तक संचालित रहेगा। जल शक्ति विभाग के प्रतिनिधि ने बैठक में बताया कि जिला में सभी जल स्रोतों की साफ-सफाई व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है।

## पांच दिवसीय प्रदर्शनी व व्यापार मेला शुरू

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान, मंडी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की खरीद एवं विपणन सहायता योजना (पीएमएस स्कीम) के अंतर्गत मंडी के पड्डल मैदान में आज से पांच दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेला आयोजित किया जा रहा है। एमएसएमई-विकास कार्यालय के सहायक निदेशक ग्रेड-1 एवं कार्यालय प्रमुख अशोक कुमार गौतम ने बताया कि मेले का उद्देश्य राज्य के उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित और विपणन करने का अवसर प्रदान करना और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर उनके व्यावसायिक विकास में सहयोग देना है। उन्होंने बताया कि इस मेले का औपचारिक शुभारंभ 23 जून को हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा किया जाएगा।

## श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा से दिया जा रहा एकता का संदेश

# दिव्य यात्रा को लेकर सहयोग की अपील की

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिलाधीश चंबा को दिव्य यात्रा को लेकर सौंपा ज्ञापन।

**श्री** सत्य साई सेवा संगठन द्वारा आयोजित 'श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी–एक दिव्य रथ यात्रा' अब हिमाचल प्रदेश में भी अपने आध्यात्मिक प्रेम और सेवा के संदेश को पहुंचा रही है। शुक्रवार को चंबा में डॉ. पीके गुप्ता, एडवोकेट अरुण शर्मा, एडवोकेट नवनीत पुरी, नरेश पुरी एवं योगराज गुप्ता ने जिलाधीश चंबा को इस दिव्य यात्रा को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और सहयोग की अपील की।

यह यात्रा भारत को प्रेम, एकता और सेवा के सूत्र में बांधने का एक पवित्र प्रयास है – जो हर दिल को स्वामी जी की शिक्षाओं से आलोकित करेगा। यात्रा का उद्देश्यः प्रेम, करुणा और सेवा के सार्वभौमिक संदेश को देश के कोने–कोने तक पहुचाना, स्वामी सत्य साई बाबा जी के सिद्धांतों 'सभी से प्रेम करो, सभी की सेवा करो और नर सेवा नारायण सेवा' को जीवन में उतारना, मानवता, नैतिकता और आध्यात्मिकता का पुनर्जागरण करना है। यात्रा में शामिल होंगी विविध गतिविधियां: वेद मंत्रोच्चारण और दिव्य भजन, श्री सत्य साई प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल विकास कार्यक्रम, नि:शुल्क चिकित्सा सेवाए, आपदा प्रबंधन और सेवा कार्यशालाएं शामिल होंगी।

## आवश्यकता अनुरूप ही करें मोबाइल का प्रयोग

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** आधुनिकता के युग में बच्चों को मोबाइल फोन जैसे उपकरणों का उपयोग आवश्यकता अनुरूप ही करना चाहिए। ये बात चमन सिंह भरमौर स्कूल में शिक्षा संवाद के अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से बातचीत करते बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आवश्यक शिक्षा के अधिकार 2009 के तहत बच्चों को सरकार द्वारा मुफ्त किताबें, वर्दी और जनजातीय बच्चों को वजीफा दिया जाता है जिसका भरपूर फायदा छात्र छात्राओं को उठाना चाहिए। आधुनिक उपकरणों का उपयोग कम एवम् ड्रग्स जैसी नशीली दवाओं से दूर रहने की आवश्यकता है। स्कूल प्रधानाचार्य अरुणा ने कहा कि वोकेशनल शिक्षा को भी बेसिक शिक्षा के बराबर दर्जा दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर अध्यापकों अभिभावकों ने गुणात्मक शिक्षा पर एक शपथ भी ली। इस अवसर स्कूल विद्यालय के समस्त अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे

## प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में अरमान व आशीष फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में आज शिक्षा संवाद का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अभिभावकों की सक्रिय उपस्थिति रही, इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य शमीम बेगम, कृष्णा कुमारी, भवनों देवी, रेखा देवी, इंद्रो देवी व अध्यक्ष तिलक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन पाठशाला के अध्यापक प्रवीण कुमार एवं युद्धवीर टंडन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अरमान लोन एवं आशीष कपूर ने प्रथम स्थान, अर्णव ठाकुर एवं अर्पिता शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा सनमें ललहाल एवं अभय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जो कि अभिभावकों द्वारा वितरित किए गए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में भरे जाएंगे विभिन्न पद

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि महिला एंव बाल विकास परियोजना भरमौर के अंतर्गत 2 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सात सहायिकाओं के लिए 22 जुलाई प्रात 10 बजे उपमंडल अधिकारी (नागरिक) भरमौर के कार्यालय में साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वृत गरोला के अंतर्गत ग्राम पंचायत उल्लासां के आंगनबाड़ी केंद्र मझाट, वृत दुर्गेठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गेठी के आंगनबाड़ी केंद्र मिन्द्रा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जबकि गरोला वृत की सियुंर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र सियुंर व स्वाई, होली वृत के अंतर्गत ग्राम पंचायत होली के आंगनबाड़ी केंद्र अन्द्रलाग्रां, सिरडी वृत के अंतर्गत पूलन पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र पालन, दुर्गेठी वृत के अंतर्गत ग्राम पंचायत रूणुकोठी के आंगनबाड़ी केंद्र रूणुकोठी, भरमौर वृत के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरमौर के आंगनबाड़ी केंद्र भरमौर-।। और ग्राम पंचायत सचुंई के आंगनबाड़ी केंद्र मलकौता-।। में सहायिका के पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवार समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित छाया प्रतियों सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी भरमौर के कार्यालय में 11 जुलाई साय 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिका के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास रखी गई है। उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सालाना आय 50000 से अधिक ना हो। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय के नंबर 7807083643 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### सूडोकु नवताल- 7467

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7466 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## कृषि बैंक की योजनाओं का ग्रामीण उठाएं लाभ

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** **हिमाचल** प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने जेंजेली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाए जाने के उपलक्ष में महत्वपूर्ण शिविर बैठकों के एक मुख्य शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर आस-पास की सहकारिता समितियों तथा बैंकों के लगभग 350 से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिनिधि उपस्थित हुए। शिविर में बैंक के अध्यक्ष ने किसानों, बागवानों व कामगारों के लिए चलाई जा रही हितकारी ऋण योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक के मंडी क्षेत्र के निदेशक के रवि ठाकुर ने भी बैंक की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संजय सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में कृषकों 3 लाख के ऋण को 50 प्रतिशत ब्याज की रियायत दी है।

# शहीद इंद्र सिंह स्कूल पंडोह तवा रफी में फिर घुसा पानी

**बालक राम, अनंत ज्ञान**



**पंडोह।** शहीद इंद्र सिंह माध्यमिक पाठशाला पंडोह तवा रफी में साथ लगते नाले का पानी घुस जाने से स्कूल प्रांगण झील बन गई है, जबकि क्लास रूम तलाव दिखाई दे रहे हैं। जिससे स्कूली बच्चे बहुत ही परेशान हैं। पढ़ाई पूरी तरह से बाधित हो गई है। बता दें कि इस बरसात ने भारी जिला प्रशासन की आने वाली बरसात से बचाव योजना की पोल खोलकर रख दी है। बारिश के चलते स्कूल का मैदान और प्रवेश द्वार जलमग्न हो गया, जिससे बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया।

गौर हो कि वर्ष 2023 में आई बरसात ने भी इस पाठशाला का कार्यालय व कम्प्यूटर लैब तबाह कर दी थी। अभी तक टूटी हुई चारदीवारी का निर्माण नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल मानसून की शुरुआत में यही स्थिति बनती है लेकिन अब तक जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है। अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्कूल प्रांगण में जल निकासी की उचित व्यवस्था करने और चारदीवारी की मांग की है।

## 7 दिन में केबल नहीं हटाई तो होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड मंडी द्वारा शहर और आस-पास के क्षेत्रों में बिजली के खंभों पर अवैध रूप से डाली गई केबलों को हटाने के लिए संचार सेवा प्रदाताओं व केबल ऑपरेटरों को अंतिम चेतावनी जारी की गई है। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता, हि.प्र.रा.वि.बो.लि. मंडी राजेश कुमार कौंडल ने बताया कि इससे पहले कई बार मौखिक और लिखित चेतावनी देने के बावजूद भी बिजली के खंभों पर अवैध ऑप्टिकल फाइबर केबल और अन्य संचार केबल नहीं हटाई गई हैं। इस लापरवाही को देखते हुए अब अंतिम नोटिस जारी किया गया है।इस नोटिस के माध्यम से संबंधित कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सात (7) दिनों के भीतर स्वयं अपनी अवैध केबलों को बिजली के खंभों से हटा लें। यदि तय समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं की जाती, तो विद्युत बोर्ड द्वारा ये केबलें जबरन हटाई जाएंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित ऑपरेटरों की होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी बताया कि 17 जून को एक दुखद घटना में एक केबल ऑपरेटर का तकनीशियन बिजली के खंभे पर कार्य करते समय करंट लगने से दुखद मृत्यु हो गई।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शनिवार, 21 जून 2025.

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** अष्टमी (11:52) : **नक्षत्र** उत्तरभाद्रपदा (23:05), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** प्रीति (07:39), अभीजित (11:51-12:49)। **राहुकाल** (14:05-15:49)।

**विशेष दिन**

21 जून 2025: विश्व योग दिवस आज।

21 जून 2025: विश्व संगीत दिवस आज।

**मेषः** शनैः शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**वृषः** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**मिथुनः** कार्यारंभ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्कः** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**सिंहः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**कन्याः** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुलाः** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृश्चिकः** मनोविनोद बढ़ेगें। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**धनुः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मकरः** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**कुंभः** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मीनः** मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा. प्रा. पा. खुन्डियाँ का असुरक्षित भवन जो कि SDM महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया है उसे शिक्षा निदेशक के आदेशानुसार गिराया जाना है। अतः आमोखास को सूचित किया जाता है कि उक्त भवन में प्रयोग की गई सामग्री की खुली बोली लगाई जाएगी । बोली लगाने वाले को भवन की जगह साफ़ करके देनी होगी। बोली दिनांक 28-06-2025 को 11:30 बजे लगाई जाएगी। अधिकतम बोली लगाने बाले को बोली उठाने का मौका दिया जाएगा। बोली की राशि बोली उठाने पर ही जमा करवानी होगी। बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति पहले किसी भी कार्यदिवस पर भवन की जाँच कर सकते हैं। अन्य नियम व शर्तें बोली लगाने से पहले समझा दी जाएँगी ।

दिनांक- 20-06-2025

के. मु. शि.
अधिकारी खुन्डियाँ

आदेशानुसार
खंड प्रारंभिक शिक्षा
खुन्डियाँ

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, जय कुमारी,** पुत्री शेर सिंह निवासी गांव कनाला डाकघर खनाग, तहसील आनी जिला कुल्लू, हल्फन ब्यान करती हूं कि ग्राम पंचायत लझेरी के रिकॉर्ड और मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम जय कुमारी (Jai Kumari) है। जो कि मेरा सही नाम है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से जया कुमारी (Jaya Kumari) लिखा गया है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम जय कुमारी (Jai Kumari) दर्ज करना चाहती है। ताकि भविष्य में मुझे किसी तरह के कार्यों के निष्पादन में कोई परेशानी पेश न आये

**आपके** द्वारा निर्धारित उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने विश्वास को एक हथियार बनाएं। **–द्रौपदी मुर्मू**

## संपादकीय

# सवालों के घेरे में पुलिस भर्ती

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को लेकर प्रदेशभर में जो बवाल मचा है, उसने न केवल अभ्यर्थियों के विश्वास को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभ्यर्थियों का आक्रोश, सरेआम नकल के आरोप, रोते-बिलखते युवाओं की मीडिया के सामने बयानबाजी और परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व निगरानी की घोर लापरवाही-ये सब दर्शाते हैं कि कहीं न कहीं पूरी प्रक्रिया में गड़बड़ी तो जरूर हुई है और यह गड़बड़ी महज चूक नहीं, बल्कि सुनियोजित धांधली की ओर इशारा करती है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मीडिया के सामने खुलकर बोले। उनका आरोप है कि परीक्षा केंद्रों के भीतर नकल कराने की खुली छूट दी गई थी। न केवल केंद्रों में सीसीटीवी की अनुपस्थिति या निष्क्रियता को लेकर सवाल उठे हैं, बल्कि परीक्षा स्टाफ की भूमिका पर भी संदेह जताया गया है।

कई छात्रों ने कहा कि जब एक समोसे की सीआईडी जांच हो सकती है, तो लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़े इस गंभीर मामले की पारदर्शी जांच क्यों नहीं हो सकती? एक अभ्यर्थी का कैमरे के सामने रोते हुए यह कहना कि 'मेरी सालों की मेहनत बर्बाद हो गई', सिर्फ उसका अकेले का दर्द नहीं, बल्कि उस जैसे हजारों युवाओं की पीड़ा है, जो ईमानदारी से अपने भविष्य को संवारने की जद्दोजहद में जुटे हैं। ऐसी घटनाएं न केवल उनके मनोबल को तोड़ती हैं, बल्कि व्यवस्था पर से उनका भरोसा भी खत्म करती हैं। पुलिस भर्ती जैसी परीक्षा, जहां से देश और समाज की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ तैयार होती है, वहां इस तरह की गड़बड़ियों को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर इस स्तर पर ही अनुशासन और ईमानदारी का पतन हो जाए, तो भविष्य में पुलिस बल की साख और योग्यता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। यह केवल भर्ती प्रक्रिया की असफलता नहीं, बल्कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था और शासन-प्रशासन की गंभीर चूक का संकेत है। पालमपुर में इस परीक्षा से जुड़े ठगी के एक गिरोह का पर्दाफाश होना इस बात को पुष्ट करता है कि परीक्षा में सुनियोजित धोखाधड़ी की योजना पहले से बनाई गई थी। ऐसे में इस संदेह को नकारा नहीं जा सकता कि कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण या सिस्टम के भीतर के लोगों की मिलीभगत इस गड़बड़ी के पीछे हो सकती है।

इस मुद्दे पर हिमाचल प्रदेश की राजनीति खूब गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने खुलकर कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और सवाल उठाया है कि क्या यह सब किसी 'अपने' को नौकरी दिलाने की साजिश का हिस्सा था? विपक्ष का यह आरोप गंभीर है, क्योंकि यदि भर्ती प्रक्रिया में 'अपने लोगों' को लाभ पहुंचाने की साजिश की पुष्टि होती है, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का मामला होगा। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से परे इस मसले की संवेदनशीलता को समझना आवश्यक है। विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में सवाल उठाने की है, परंतु सरकार की जिम्मेदारी उससे कहीं अधिक है-उसे जवाब देना है, कार्रवाई करनी है और सबसे जरूरी, भरोसा बहाल करना है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह इस मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करवाए।

सीसीटीवी फुटेज, परीक्षा केंद्रों की निगरानी रिपोर्ट, परीक्षा स्टाफ की भूमिका जैसे सभी पहलुओं की गहन जांच होनी चाहिए। यदि कहीं भी किसी स्तर पर लापरवाही या साजिश पाई जाती है, तो दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। केवल निलंबन या ट्रांसफर से काम नहीं चलेगा, बल्कि ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके। इसके अलावा, यदि व्यापक स्तर पर गड़बड़ी सिद्ध होती है, तो बिना देर किए परीक्षा को रद्द कर, दोबारा पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित कराई जानी चाहिए। इसमें प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, केंद्रों की निगरानी, स्टाफ की निष्पक्षता और तकनीकी माध्यमों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए यह मामला एक प्रकार की अग्निपरीक्षा है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वह इस पर क्या कार्रवाई करते हैं। यदि वे दोषियों को पकड़ने और पीड़ित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने में सफल रहते हैं, तो यह उनकी राजनीतिक साख को मजबूती देगा और प्रदेश के युवाओं के बीच सरकार की विश्वसनीयता को बढ़ाएगा, लेकिन यदि मामला लटकाया गया या उसे नजरअंदाज करने की कोशिश की गई, तो यह सरकार की साख पर एक स्थायी दाग बन सकता है। हिमाचल पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का गंभीर मामला है। इसे राजनीतिक बहसों और बयानबाजी तक सीमित रखना अन्याय होगा। सरकार को चाहिए कि वह निष्पक्ष जांच, कठोर कार्रवाई और दोबारा परीक्षा जैसे ठोस कदम उठाकर यह सिद्ध करे कि वह केवल सत्ता में नहीं, बल्कि जनता के प्रति उत्तरदायी शासन में विश्वास रखती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली आदिवासी युवती

**विनीता** सोरेन दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली भारतीय आदिवासी युवती हैं। कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉसिबिलिटी के तहत टाटा स्टील ने सोरेन को एवरेस्ट फतह के अभियान में भेजने का बीड़ा उठाया था। विश्व के सबसे ऊंचे 8,848 मीटर ऊंचे पर्वत शिखर पर ग्रामीण आदिवासी युवती का चढ़ना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। सोरेन झारखंड के सरायकेला खरसांवां जिले के राजनगर प्रखंड के पहाड़पुर गांव की मूल निवासी हैं। ईको एवरेस्ट स्प्रिंग, 2012 अभियान के तहत विनीता सोरेन, मेघलाल और राजेंद्र 20 मार्च, 2012 को जमशेदपुर से चले थे। शनिवार सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर विनीता और मेघलाल महतो ने एवरेस्ट के शिखर पर भारतीय पताका फहराई। राजेंद्र करीब दो घंटे पहले वहां पहुंच चुके थे। अभियान की खासियत यह थी कि एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए दो रास्ते हैं। इस टीम ने शिखर पर चढ़ने के लिए कठिन रास्ता लुकला का चयन किया था। भारतीय दल का मार्गदर्शन बछेंद्री पाल कर रही थीं। बछेंद्री ने ही सोरेन को प्रशिक्षण दिया था। ■



विनीता सोरेन
जन्म : 21 जून, 1987

## कविता



## योग ही योग

सुभाष चंद कासव, कवि, शिक्षक एवं साहित्यकार

*योग ही योग चहुं ओर हो यह योग हरे सब रोग,*
*योग में जब लीन हो तो स्वस्थ दिखे सब लोग।।*
*योग करता है जो व्यक्ति नित्य सुबह और शाम,*
*जागृत चेतन उसकी रहती ठीक हो सब काम।।*
*योगिंग जोगिंग साथ ही समाधि, धारणा ध्यान,*
*सब रोगों को दूर भगाएं आठ प्राणायाम।।*
*सुबह जागकर योग क्रियाएं नित्य करते जाएं,*
*योग के बल से अपना ही स्वस्थ शरीर बनाएं।।*
*योग दिवस के दिन को हम कभी भूल न पाएं,*
*आओ मिलजुल कर हम आज योग दिवस मनाएं।।*
*खुद योग करें परिवार संग सबको योग कराएं,*
*योग करने की भावना को जन आंदोलन बनाएं।।*
*दवाई जहां विफल हो जाए वहां योग बनाए काम,*
*विश्व विख्यात पद्धति योग है समृद्ध इसका नाम।।*
*अष्टांग योग है उत्तम अवस्था नित उसको रखो याद,*
*योग की राह पे चलो सभी है समय की यही फरियाद।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की असली कुंजी है योग, हर बच्चा करे

संपूर्ण विश्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक चेतना, संतुलन और आत्मिक उन्नति का प्रतीक है।

11 दिसंबर 2014 को जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत की पहल पर योग को वैश्विक मान्यता प्रदान की, तो यह भारतीय संस्कृति की वैज्ञानिकता और सार्वभौमिकता का प्रमाण बन गया। आज योग एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति भर नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली के रूप में विश्वभर में स्वीकार किया जा चुका है और सबसे सुखद पहलू यह है कि योग अब केवल व्यस्कों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों के लिए भी यह जीवन की दिशा बदलने वाली शक्ति बन चुका है। प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक खास विषय पर आधारित होता है। इस साल योग दिवस 2025 की थीम है 'एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग'। यह थीम पृथ्वी पर हर व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए योग को प्रोत्साहित करने पर आधारित है। यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य, बल्कि वैश्विक सामूहिक कल्याण की ओर एक स्पष्ट संकेत है। आज का युग प्रौद्योगिकी, प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं से भरा है। बच्चे छोटी उम्र में ही परीक्षा, प्रदर्शन और पहचान की दौड़ में उलझ जाते हैं। स्कूल का दबाव, ट्यूशन, मोबाइल, सोशल मीडिया और सामाजिक अपेक्षाएं उन्हें मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से थका देती हैं।





लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

इस असंतुलन से निकलने का सबसे प्राकृतिक और प्रभावशाली उपाय है योग। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, यह शरीर, मन और आत्मा का समन्वय है। जब बच्चे योग की ओर बढ़ते हैं, तो वे न केवल स्वस्थ शरीर की दिशा में जाते हैं, बल्कि आत्म-नियंत्रण, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे गुणों को भी आत्मसात करते हैं। बच्चों में योग से शरीर की लचीलापन, संतुलन और गति में वृद्धि होती है। सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन जैसे योगासन मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं, पाचन क्रिया को सुधारते हैं और शरीर को ऊर्जावान रखते हैं। लगातार योग करने वाले बच्चे बीमारियों से कम प्रभावित होते हैं। आज बच्चों में ध्यान की कमी, चिड़चिड़ापन और घबराहट जैसे लक्षण बढ़ते जा रहे हैं। योगासन, ध्यान और प्राणायाम से उनके मन में शांति, एकाग्रता और संतुलन आता है।

यह उन्हें अध्ययन में श्रेष्ठ बनाता है और परीक्षा के समय मानसिक दबाव को नियंत्रित करने में सहायक होता है। योग से बच्चे आत्मनिरीक्षण की ओर प्रवृत्त होते हैं। वे अपने भीतर झांकना, अपनी भावनाओं को पहचानना और नियंत्रित करना सीखते हैं। इससे आत्मबल, सहनशीलता और करुणा जैसे मानवीय मूल्य स्वतः विकसित होते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे नियमित योगाभ्यास करते हैं, वे अधिक कल्पनाशील, रचनात्मक और निर्णायक होते हैं। उनका दृष्टिकोण समग्र होता है और वे जीवन में समस्याओं का सामना सकारात्मक दृष्टि से कर पाते हैं। बढ़ती डिजिटल निर्भरता ने बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से निष्क्रिय बना दिया है। घंटों स्क्रीन पर बिताया गया समय उनकी आंखों, रीढ़ की हड्डी और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस पृष्ठभूमि में योग एक आवश्यक उपाय बनकर सामने आता है। योग शरीर को गतिशील और मन को शुद्ध करता है, जिससे बच्चे पुनः प्रकृति से जुड़ पाते हैं। विद्यालयों को योग का केंद्र बनाना समय की मांग है। जब योग को सुबह की प्रार्थना सभा, खेल पीरियड या विश्राम सत्र में शामिल किया जाता है, तो इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक होता है। योग शिविरों का आयोजन, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएं, योग पर नाट्य प्रस्तुतियां बच्चों में न केवल रुचि और ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि सामूहिकता, नेतृत्व और सहयोग की भावना का भी विकास करते हैं। जब बच्चे सामूहिक रूप से योग करते हैं, तो उनमें सामाजिक सौहार्द, अनुशासन और आत्म-अनुशासन विकसित होता है।

घर ही बच्चों की पहली पाठशाला है। यदि माता-पिता स्वयं योग को अपनाएं और बच्चों के साथ अभ्यास करें, तो यह योगाभ्यास उनके जीवन का सहज हिस्सा बन सकता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे योग को केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा न मानें, बल्कि जीवन कौशल के रूप में प्रस्तुत करें। यदि विद्यालय योग को उत्सव की तरह मनाएं, विशेषतः 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन तो यह बच्चों के भीतर गहरे प्रभाव छोड़ सकता है। इसके साथ ही सामाजिक संगठनों, पंचायतों और स्थानीय निकायों को भी योग के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। योग से परिपूर्ण बचपन ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। जब बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और आत्मिक रूप से जागरूक होंगे, तभी वे एक जिम्मेदार, संवेदनशील और सक्षम नागरिक बन पाएंगे। योग उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि यह एक दीर्घकालिक आंदोलन होना चाहिए। हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम योग को बच्चों के जीवन में एक आदत नहीं, बल्कि संस्कृति बनाएं। यदि हम उन्हें जीवन के प्रारंभिक वर्षों में योग के महत्व को समझा पाएं, तो वे हर परिस्थिति में आत्मबल, संयम और संतुलन के साथ आगे बढ़ सकते हैं। योग केवल अभ्यास नहीं, जीवन जीने की कला है और यही कला बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर कर सकती है। यदि बचपन से योग को जीवन में उतारा जाए, तो जीवन की हर चुनौती सरल बन जाती है। योग केवल शारीरिक विकास नहीं, बल्कि चेतना के जागरण का साधन है। इसलिए, इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आइए, हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हर बच्चा योगमय बने, यही हमारे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की असली कुंजी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मानव शरीर को लचीला बनाते हैं योग के विभिन्न आसन

योग भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उपहार है। भारत प्राचीन काल से ही ऋषि और मुनियों की भूमि रही है, इसलिए भारतीय संस्कृति पूरे विश्व के आंगन में अपनी श्रेष्ठता और महानता के लिए प्रसिद्ध रही है। भारतीय संस्कृति के मूल में सभी सुखी रहें कि भावना पूर्ण रूप से निहित है इस कारण हमारे ऋषि और मुनियों ने मानव जीवन को सुखी बनाने के लिए अनेक उपाय किए तथा इसमें से एक उपाय है योग। योग मानव जाति के लिए भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार है। योग शब्द संस्कृत के 'युज' धातु से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है जोड़ना।



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

साधारण शब्दों में अभिप्राय है कि किसी अच्छे कार्य से खुद को जोड़ना। महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योग सूत्र, योग दर्शन का मूल ग्रंथ है। पंतजलि को योग के पिता के रूप में जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष 21 जून को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। 21 जून 2015 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार मनाया गया था। 21 जून को उत्तरी गोलार्ध में साल का सबसे लंबा दिन होता है इस दिन सूर्य जल्दी उगता है और सबसे देर में सूर्यास्त होता है। इसके अलावा भारत में 21 जून ग्रीष्मकालीन संक्रांति का दिन भी होता है।

चित्त की प्रवृत्तियों को रोकना ही योग है। शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है। योग में अनुलोम विलोम, कपालभाति तथा ओम उच्चारण जैसे प्राणायाम से बहुत फायदे मिलते हैं। विश्व योग दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य योग के अद्भुत और चमत्कारी प्राकृतिक फायदों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। ताकि योग के द्वारा विश्व के विभिन्न देशों के बीच आपसी भाईचारे, शांति व समन्वय को बढ़ाया जा सके। आसन की शक्ति शरीर में लचीलापन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जानी जाती है।



कहा भी जाता है कि योग सभी को नियमित रूप से करना चाहिए जिससे मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। एक स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन में बहुत लाभ कमा सकता है और स्वास्थ्य पूर्ण जीवन जीने के लिए नियमित योग बहुत ही आवश्यक है। आज के आधुनिक जीवन में तनाव काफी बढ़ चुका है और आसपास का पर्यावरण भी स्वच्छ नहीं है। परिणाम स्वरूप बड़े शहरों में रहने वाले लोगों को कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आजकल की जीवन शैली के अनुसार योग का हर स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाओं में होना बहुत जरूरी हो गया है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आजकल के युवा ज्यादातर मानसिक तनाव से जूझते रहते हैं जिसके चलते बच्चे गलत गतिविधियों का सहारा ले लेते हैं। इसलिए यदि बच्चे हर दिन योग करेंगे तो नशा व आत्महत्या जैसे मामलों में कमी आएगी साथ ही बच्चे स्वस्थ और शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे। योग के बहुत लाभ है प्राणायाम का अभ्यास करके मनुष्य तनाव को अपने जीवन से हमेशा के लिए दूर कर सकता है। दैनिक योग मांसपेशियों को मजबूत बनाता है योग के विभिन्न आसन शरीर को लचीला बनाते हैं जो कि एक स्वस्थ शरीर की निशानी होती है।

शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ही मनुष्य की असली दौलत है जिसे योग के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। योग ने अपने शारीरिक ,मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों व चमत्कारों के कारण दुनिया भर में अपनी एक अद्वितीय पहचान बनाई है। आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य अपना खान-पान ,आराम करने ,निंद्रा लेने सब बातों को भूल चुका है परिणाम स्वरूप उसे अशांति व तनाव जैसे कारकों ने उसे घेर रखा है। योग के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संगठन ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के रूप में घोषित किया है योग भारतीय संस्कृति की एक प्रमुख देन है जो भारत को विश्व गुरु के रूप में दर्शाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**ग्रामीण** अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रदेश की सुक्खू सरकार ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। सरकार ने अब आलू पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी देने की बात कही है। निश्चित रूप से इससे किसानों की आर्थिकी सुधरेगी। यदि प्रदेश का किसान खुशहाल होगा तो राज्य की अर्थव्यवस्था को स्वतः ही बूस्ट मिल जाएगा। हिमाचल प्रदेश, जो देश के पर्वतीय राज्यों में अग्रणी है, लंबे समय से कृषि और बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था पर निर्भर रहा है। राज्य के अधिकांश लोग प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि से जुड़े हैं। हालांकि, पहाड़ी भूगोल, बदलते मौसम, बाजार की अस्थिरता और वन्यजीवों के उत्पात जैसी समस्याओं ने हिमाचल के किसानों की आजीविका को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। ऐसे में सुक्खू सरकार की ओर से आलू पर एमएसपी घोषित करने की पहल न केवल किसानों के लिए राहत देने वाली है।

**विनोद कुमार, मसरेहड़**

# व्यक्ति,समाज और पर्यावरण को जोड़ने में सक्षम योग

योग शब्द संस्कृत की धातु 'युज्' से बना है, जिसका अर्थ होता है जोड़ना या एकत्र करना। इस शब्द की उत्पत्ति ही इसके गहरे अर्थ को दर्शाती है। इसका उद्देश्य है शरीर और मन को जोड़कर, उन्हें एक साथ शांति से कार्य करने योग्य बनाना। योग का लक्ष्य है—स्व-अनुभूति और शांति प्राप्त करना, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों। जब यह अवस्था प्राप्त होती है तो उसे कैवल्य (पूर्ण स्वतंत्रता) कहा जाता है।



लेखक : मनीष कुमार
जयसिंहपुर, कांगड़ा

यह मानवीय मूल्यों को विकसित करता है और मनुष्य को एक सतत, आनंदमय और कृतज्ञ जीवनशैली की ओर ले जाता है। योग, मानव सभ्यता को मिली उन विरासतों में से एक है, जो समय की सीमाओं से परे जाकर आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी प्राचीन भारत में थी। योग केवल शरीर की मुद्रा बदलने या प्राणायाम करने की क्रिया नहीं, बल्कि यह धरती और मानव के बीच के टूटते रिश्ते को जोड़ने की एक संवेदनशील प्रक्रिया है। आज जब विश्व एक साथ शारीरिक, मानसिक और पारिस्थितिक असंतुलन से जूझ रहा है, तब योग एक ऐसा सूत्र बनकर उभरा है, जो व्यक्ति, समाज और पर्यावरण-तीनों को जोड़ने में सक्षम है। वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने ऐतिहासिक भाषण के दौरान योग को विश्व मानवता के कल्याण हेतु एक अमूल्य उपहार बताया था। केवल 90 दिनों में 177 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया—यह अपने आप में वैश्विक इतिहास का एक अद्वितीय क्षण था और तभी से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अपनी 11वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक वैश्विक चेतना का आह्वान है।

यह विचार कि जब तक हमारी पृथ्वी अस्वस्थ है, तब तक मनुष्य भी पूर्णतः स्वस्थ नहीं हो सकता—यह हमें प्रकृति से अपने संबंधों की समीक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। एक हालिया वैश्विक स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण से हर वर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु होती है, जिनमें से एक तिहाई भारत और चीन से हैं। यह स्थिति बताती है कि केवल औषधियों से नहीं, बल्कि जीवनशैली में बदलाव और प्रकृति के साथ संतुलन से ही स्वास्थ्य संभव है—और यही योग का मूल दर्शन है। योग का अर्थ है जोड़ना ।



शरीर को मन से, मन को आत्मा से और आत्मा को प्रकृति से जोड़ना। यह एक स्थायी स्वास्थ्य व्यवस्था है जो न केवल बीमारी का इलाज करती है, बल्कि बीमारी को होने ही नहीं देती। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन और डिप्रेशन आज दुनिया में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए योग को एक प्रभावी चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया गया है। योग के वैज्ञानिक लाभों पर अनेक शोध हो चुके हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह सामने आया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल का स्तर 25 प्रतिशत तक घट जाता है। इसके अतिरिक्त, मानसिक स्वास्थ्य पत्रिका 'जामा' में प्रकाशित एक रिपोर्ट बताती है कि ध्यान और योग का अभ्यास करने वाले लोगों में चिंता, अवसाद और नींद की समस्याएं 60 प्रतिशत तक कम हो जाती हैं। ये आंकड़े इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि योग आज की दुनिया में केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनना चाहिए। योग का प्रभाव केवल शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें हमारे उपभोग केंद्रित जीवन से सह-अस्तित्व की ओर ले जाता है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब हम ध्यान करते हैं, तो हम केवल अपनी सांसों पर नहीं, बल्कि धरती की नब्ज पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जब हम शवासन में विश्राम करते हैं, तब हम प्रकृति की गोद में लेटते हैं। जब हम वृक्षासन करते हैं, तो हम खुद को पेड़ों की तरह स्थिर, मजबूत और संतुलित बनाने का प्रयास करते हैं। योग हमें केवल यह नहीं सिखाता कि कैसे जीना है, बल्कि यह भी सिखाता है कि कैसे दूसरों को जीने देना है—यह भाव ही 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' का सार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रभाव अभूतपूर्व रहा है। 2015 से अब तक 190 से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा चुका है। अमेरिका में हर सप्ताह लगभग 36 मिलियन लोग योग करते हैं, जबकि यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में पिछले तीन वर्षों में स्कूलों में योग शिक्षा 65 प्रतिशत तक बढ़ी है।

नीति आयोग के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, देश के 27 राज्यों में अब योग को स्कूल पाठ्यक्रम में अनिवार्य किया जा चुका है। इतना ही नहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 600 से अधिक सरकारी अस्पतालों में योग आधारित चिकित्सा सुविधाएं शुरू की हैं। जब हम कहते हैं 'योग', तो हम केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक विश्वदृष्टि की बात करते हैं—एक ऐसी दृष्टि, जिसमें शरीर, मन, आत्मा और प्रकृति—चारों एक ही ऊर्जा के स्रोत से संचालित होते हैं और जब हम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' कहते हैं, तो यह केवल थीम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक वचन बन जाता है—कि हम धरती को वैसी ही स्वस्थ, शुद्ध और समर्पित अवस्था में छोड़ेंगे जैसी हमें विरासत में मिली थी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अतीत की विरासत, वर्तमान की आवश्यकता व भविष्य की नींव है योग

पूरी दुनिया 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाती है। यह केवल एक दिन योग करने का अवसर नहीं, बल्कि इस प्राचीन भारतीय विद्या की वैश्विक स्वीकार्यता और इसकी जीवन-दृष्टि को पहचानने का पर्व है। आज जब मानवता मानसिक, शारीरिक और सामाजिक तनावों के जाल में फंसी है, तब योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली, एक समाधान, एक उम्मीद है।



लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार, नूरपुर

**योग का अतीत-भारत की अनमोल देन :** योग की उत्पति हजारों वर्षों पहले भारत में हुई थी। ऋग्वेद, उपनिषद, पतंजलि के योग सूत्र, और बाद में भगवद्गीता में भी योग का गहरा उल्लेख मिलता है। यह केवल आसनों की श्रृंखला नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन की प्रक्रिया है-'योग-चित्त वृत्ति निरोध' (योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है)। भारत ने इस विद्या को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए दिया है।

**वर्तमान में योग की प्रासंगिकता-एक वैज्ञानिक समाधान :** आज का युग तकनीक और तनाव का युग है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, 2024 तक दुनिया की लगभग 1 बिलियन आबादी किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से ग्रस्त है। Depression, An&iety, Obesity, Diabetes, और Hypertension जैसे रोग महामारी की तरह फैल रहे हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के रूप में योग को पूरी दुनिया ने अपनाया है। अमेरिका में हर 7 में से 1 व्यक्ति योग का अभ्यास करता है। यूरोप के कई देशों में योग स्कूल पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है। U NESCO ने 2016 में योग को Intangible Cultural Heritage of Humanity घोषित किया। भारत सरकार ने आयुष मंत्रालय के तहत योग प्रमाणन बोर्ड, मोबाइल ऐप्स (Y-Break), और फिट इंडिया मूवमेंट जैसे कई प्रयास किए हैं। AIIMS और ICMR जैसी संस्थाओं के अध्ययन यह सिद्ध करते हैं कि योग ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, तनाव, और नींद संबंधित समस्याओं में आश्चर्यजनक रूप से लाभकारी है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

**भविष्य की ओर-योग एक वैश्विक नेतृत्व का माध्यम :** आज जब जलवायु संकट, युद्ध, महामारी, और डिजिटल ब्रेन रॉट जैसी चुनौतियां मानव सभ्यता के सामने हैं, तब योग केवल व्यक्तिगत लाभ नहीं देता, बल्कि यह वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के साथ मनुष्य को प्रकृति और समाज से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों का समर्थन मिला और 21 जून को International Yoga Day घोषित किया गया-यह भारत के सांस्कृतिक नेतृत्व का प्रमाण है। आज भारत के नेतृत्व में योग, Soft Power Diplomacy का सबसे प्रभावशाली माध्यम बन गया है- International Yoga Conferences, Common Yoga Protocol, और Yoga for Humanity जैसे अभियान भारत को एक आध्यात्मिक महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

**योग केवल कसरत नहीं, दर्शन है :** योग न धर्म है, न संप्रदाय-यह चेतना का विज्ञान है। यह हमें खुद से जोड़ता है, समाज से जोड़ता है, प्रकृति से जोड़ता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत की यह प्राचीन विद्या आज भी उतनी ही सार्थक है जितनी वैदिक काल में थी, और आने वाले समय में यह मानवता के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

आइए, हम योग को एक दिन की रस्म न बनाकर, जीवन की लय बनाएं-शरीर, मन और आत्मा के संतुलन की दिशा में एक संकल्प लें। यही हमारी संस्कृति का सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छत्तर गांव में दो साल पुराने भू-स्खलन की अनदेखी, दो परिवारों पर फिर मंडराया खतरा

अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर



जोगिंदनगर के छत्तर गांव में दो साल पुराने भू-स्खलन की अनदेखी।

**जोगिंदनगर** क्षेत्र की ग्राम पंचायत मसौली के छत्तर गांव में दो वर्ष पूर्व हुए भू-स्खलन के जख्म आज भी ताजा हैं। बरसात के मौसम की शुरुआत होते ही गांव के ज्योति प्रकाश और हुक्म चंद के घरों पर एक बार फिर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के साथ जमीन में दरारें आने का डर सताने लगता है, जिससे उनकी रातों की नींद उड़ चुकी है। साल 2023 में हुई भारी बारिश के कारण गांव के एक हिस्से में भू-स्खलन हुआ था, जिससे कई घर प्रभावित हुए थे। हालांकि तब अस्थायी तौर पर कुछ मलबा हटाया गया था, लेकिन स्थायी समाधान के नाम पर आज तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब, दो साल बाद भी लोक निर्माण विभाग ने न तो सुरक्षा दीवार बनाई और न ही भू-स्खलन वाले क्षेत्र को स्थिर करने के लिए कोई इंजीनियरिंग उपाय किए। गांव के निवासी ज्योति प्रकाश ने बताया, 'हमारे घर के पास की जमीन में पहले ही दरारें हैं, बारिश आते ही डर लगता है कि कहीं जमीन और न खिसक जाए। दिन हो या रात, चैन की नींद नहीं है।' वहीं, हुक्म चन्द ने कहा, 'बारिश के पानी से जमीन कमजोर हो रही है, लेकिन सरकार और विभाग को कोई चिंता नहीं। अगर जल्द कुछ नहीं हुआ, तो बड़ा हादसा हो सकता है।' वहीं लोक निर्माण विभाग की ओर से अभी तक इस मामले में कोई बयान नहीं आया है, जिससे लोगों में नाराजगी और भय दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

# एनएच कंपनी ने मलबा डालकर खड्ड की बंद

## अवैध रूप से किया डंप, शिकायत के बावजूद पुलिस ने कंपनी पर दर्ज नहीं की एफआईआर: भूपेंद्र

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



गासियां खड्ड पर पाड़छु के पास बन रहे पुल के नीचे डाला गया मलबा।

**सरकाघाट।** धर्मपुर-सरकाघाट उपमंडलों को जोड़ने के लिए, एनएच पर गासियां खड्ड पर पाड़छु के पास बन रहे पुल के नीचे गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने हजारों टन मलबा डालने से खड्ड बंद कर दी है। ये मलबा कंपनी ने अवैध रूप से बिना किसी की अनुमति के डंप किया है और अब प्री मानसून शुरू हो गई है, लेकिन मलबा नहीं हटाया गया है। हिमाचल किसान सभा ने पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इसके खिलाफ 4 जून को सरकाघाट थाने में कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत की है लेकिन बड़ी हैरानी की बात है कि पुलिस ने अभी तक कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की है और रपट रोजनामचा पर ये लिखा गया है कि इसके लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति ली जा रही है। शिकायतकर्ता भूपेंद्र सिंह ने सरकाघाट पुलिस पर आरोप लगाया है कि वे कंपनी के बचाव के लिए कार्य कर रहे हैं, जबकि ये एफआईआर उनको व यहां की एसडीएम को दर्ज करवानी चाहिए थी जिन्हें ये सब पता है कि कंपनी ने खड्ड में सारा मलबा अवैध रूप में डाल कर उसे बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि वे अब एफआईआर दर्ज करने के लिए क़ानून के प्रावधानों अनुसार पुलिस अधीक्षक को मामला भेज रहे हैं और उसके बाद फिर हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। जिसमें कंपनी के साथ-साथ सरकाघाट के प्रशासन को भी पार्टी बनाया जाएगा और अगर बरसात में मलवा बहने से धर्मपुर कस्बे में कोई नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी भी प्रशासन की होगी। भूपेंद्र ने बताया कि किसान सभा और धर्मपुर थाना से सबंध रखने वाले प्रभावित परिवार 23 जून को धर्मपुर थाने में एक और एफआईआर दर्ज करवाने जा रहे हैं।

**कहा- अब कोर्ट के माध्यम से दर्ज करवाई जाएगी एफआईआर, प्रशासन को भी बनाएंगे पार्टी**

### पुलिस कर रही है नियमानुसार कार्रवाई : डीएसपी

**डीएसपी** संजीव गौतम ने कहा गायक मिलने के बाद पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। निर्माण कंपनी से जवाब मांगा गया है। वन विभाग भी कार्रवाई कर रहा है। इसके अतिरिक्त पॉल्यूशन कंट्रोल विंग को लिखा गया है और वहां से कार्रवाई भी की जा रही है अगर नियमों अनुसार कुछ भी गलत हुआ तो उन्हीं के निर्देशों पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

# न्यूज ब्रीफ

### दानकर्ताओं को लौटाई सहयोग राशि

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** देव बालाकामेश्वर भंडारा एवं सांस्कृतिक कमेटी चांगर वार्षिक भंडारे को लेकर एकत्रित की गई करीब एक लाख की सहयोग राशि दानकर्ताओं को लौटा दी गई है। जानकारी देते हुए कमेटी के सचिव गुरबचन सिंह ने बताया राशि लौटाने का निर्णय वर्तमान में उत्पन्न हुए विवाद एवं तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया क्षेत्र में एक अन्य समिति के हस्तक्षेप के कारण भंडारे के आयोजन को लेकर बाधा उत्पन्न हुई है। जिसके कारण कमेटी के सदस्यों के मान सम्मान एवं आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले व्यवहार और अनुचित टिप्पणियां देखने को मिली। उन्होंने कहा कि उनकी कमेटी सदैव धार्मिक सौहार्द, सेवा भावना एवं शांति में विश्वास रखती है। परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए अब तक प्राप्त समस्त सहयोग राशि दानकर्ताओं को लौटा दी गई है, ताकि राशि को लेकर कोई विवाद न हो। उन्होंने कहा कि अगर किसी की दी हुई सहयोग राशि वापिस न मिली हो तो वह कमेटी से संपर्क कर सकते हैं।

### अब टाउन हाल में होगा योग समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह अब ऐतिहासिक सेरी मंच की बजाय टाउन हॉल मंडी में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की संभावनाओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ. राजेश कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर योगाभ्यास में भाग लें और स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाएं।

### शिक्षा संवाद के उद्देश्यों पर डाला प्रकाश

**पीयूष, अनंत ज्ञान, करसोग।** सेरी बंगलों स्कूल में शुक्रवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय, परिवार व समाज के बीच शिक्षा को लेकर संवाद स्थापित करना था, ताकि मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कार्य किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय की अर्थशास्त्र प्रवक्ता शकुंतला सैनी ने शिक्षा संवाद के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह संवाद एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक व पंचायत सभी की समान भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को शपथ भी दिलाई गई।

### महादेव में शिक्षा संवाद के एजेंडों पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महादेव स्कूल में शुक्रवार को प्रधानाचार्य राजेश सैनी की अध्यक्षता में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों के 130 अभिभावकों तथा अध्यापकों ने भाग लिया और एक प्रभावी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न शिक्षा संवाद के एजेंडों पर चर्चा की गई। संवाद में शिक्षा को प्रभावशाली बनाने, बच्चों के सर्वांगीण विकास और परीक्षा परिणाम को कैसे बेहतर करें इस पर विस्तार से चर्चा की गई। संवाद में एसएमसी अध्यक्ष गुरनाम सिंह और कार्यकारिणी के सदस्यों व विभिन्न विषयों के अध्यापकों ने बच्चों की बेहतरी के लिए फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूलों में चल रही पीएम पोषण योजना, व्यावसायिक शिक्षा के महत्व और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के फायदे और नुकसान पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानाचार्य ने बच्चों की बुरी आदतों से बचाव तथा उनके सुनहरे भविष्य के लिए सभी सहयोग करने की अपील की।

### पलाहोटा स्कूल में खाली पदों को भरने की मांग

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** पलाहोटा स्कूल में शिक्षा संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठशाला की प्रधानाचार्य किरण चौधरी ने की जबकि स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान देसराज की विशेष रूप से मौजूद रहे। पाठशाला में हाल ही में ज्वाइन हुए प्रधानाचार्य किरण चौधरी का एसएमसी व माता-पिता अभिभावकों ने स्वागत किया। इसके साथ प्रधानाचार्य के ज्वाइन करने पर स्कूल प्रबंधन समिति पलाहोटा ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में विभाग की ओर से तय मुख्य बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति माता-पिता व अभिभावकों ने पाठशाला में चल रहे खाली पदों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पाठशाला में चल रहे खाली पदों को जल्द भरा जाए।

### लपास स्कूल में संवाद कार्यक्रम आयोजित

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लपास में शुक्रवार के दिन शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग चालीस अभिभावकों ने भाग लिया। इस संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों, प्रधानाचार्य तथा अध्यापकगण के बीच बच्चों की पढ़ाई से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा व परिचर्चा की गई। इस दौरान स्कूल स्टाफ तथा बच्चों द्वारा शपथ भी ली गई।

### छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** पीएमश्री आदर्श कन्या स्कूल जोगिंदनगर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के साथ-साथ छात्राओं के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच शिक्षा संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, स्कूल विकास एवं छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति जैसे अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पाठशाला के प्रधानाचार्य मनोज चौहान तथा स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सुझाव प्रस्तुत किए और स्कूल की बेहतरी के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना और छात्राओं को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना रहा।

### योजनाओं का किया जाए प्रचार-प्रसार: वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद मंडी की त्रैमासिक बैठक अध्यक्ष पाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों सहित जिला परिषद सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं की प्रगति तथा पंचायत स्तर पर हो रही गतिविधियों की समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा योजना के तहत 3945 लाख रुपए की योजनाएं अनुमोदित की गईं, जिसमें मनरेगा के लिए 2973 लाख, लाइन डिपार्टमेंट के लिए 787 लाख व अमृत सरोवर के लिए 166 लाख रुपए शामिल हैं। जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। बैठक में चालू वित्त वर्ष की तिमाही के आय-व्यय का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। ग्रामीण विकास, सड़क, फोरलेन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बागवानी और कृषि से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## सुंदरनगर में पुलिस की एसआईयू टीम की बड़ी कार्रवाई

# जट्टानाला में 23 ग्राम हेरोइन सहित 4 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान। सुंदरनगर

**एसआईयू** सुंदरनगर की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने चार युवाओं को 23 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शांतनु भारद्वाज निवासी गांव एवं डाकघर पुजारली तहसील टिक्कर जिला शिमला, पाले खान निवासी घाड़ा तहसील सुंदरनगर, अविनाश उर्फ गोलू निवासी घाड़ा तहसील सुंदरनगर और क्षितिज उर्फ कालू निवासी घाड़ा तहसील सुंदरनगर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों को उस समय पकड़ा जब वे दो वाहनों एक कार नंबर एचपी 10बी 8998 और एक स्कूटी एचपी 31डी 6639 में सवार थे। एसआईयू टीम ने मौके पर गहन तलाशी ली और आरोपियों के पास से हेरोइन की यह खेप बरामद की है। इस मामले को लेकर थाना बीएसएल कॉलोनी में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि नशे के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी और इस नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## पिकअप सवार दो लोगों से 509 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल की एसआईयू टीम ने नेरचौक-ऊना हाईवे पर अप्पर भांबला में नाकाबंदी के दौरान बोलेरो पिकअप में सवार दो व्यक्तियों से 509 ग्राम चरस बरामद कर मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर एसआईयू यूनिट सरकाघाट व हटली की संयुक्त टीम ने नेरचौक ऊना सुपर हाइवे पर अप्पर भांबला में नाकाबंदी करके हाईवे से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे तो एक पिकअप एचपी 87-2010 को जांच के लिए रोका। पूछताछ के दौरान जीप सवार दो व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर घबरा गए। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर गाड़ी की तलाशी ली तो 509 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान दौलत राम गांव रमहणी डाकखाना छतरी व पवन कुमार गांव रमहणी तहसील थुनाग के रूप में हुई है। डीएसपी सरकाघाट संजीव ने मामले के पुष्टि की है।

# बायोडिग्रेडेबल बैग्स की बिक्री पर पूर्ण रोक: देवगन

## ठोस कचरा प्रबंधन व प्लास्टिक प्रतिबंध की समीक्षा बैठक में बोले डीसी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

**मंडी।** जिला में ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में ठोस कचरा निपटान, प्लास्टिक प्रतिबंध, उसके नवाचारपूर्ण पुनः उपयोग तथा जनजागरूकता अभियानों की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई। प्लास्टिक प्रतिबंधों की सख्त अनुपालना के निर्देश उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 20 अप्रैल से बायोडिग्रेडेबल कंपोस्टेबल कैरी बैग की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसी के अंतर्गत उन्होंने 'मैं प्लास्टिक नहीं हूं' नामक ब्रांड से बेचे जा रहे बायोडिग्रेडेबल बैग्स की बिक्री पर भी पूर्ण रोक सुनिश्चित करने को कहा। सार्वजनिक और निजी परिवहन वाहनों में डस्टबिन की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए वहीं 500 मिलीलीटर तक की प्लास्टिक बोतलों का सरकारी बैठकों व सरकारी और प्राइवेट होटलों में पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से पालन करने के आदेश दिए। इस बैठक में एडीसी मंडी गुरसीमर सिंह, नगर निगम मंडी के आयुक्त रोहित राठौर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विनय कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी रजनीश शर्मा, आरटीओ नवीन कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता डीके वर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर, जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 39.47 लाख से तैयार बहाव सिंचाई उपपरियोजना का केवीए समखेतर को किया हस्तांतरण

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** जोगिंदनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत बुल्हा भड़याड़ा के अंतर्गत गांव समखेतर में खंड परियोजना प्रबंधन इकाई सरकाघाट द्वारा बहाव सिंचाई उपपरियोजना भेड़ा नाला से समखेतर को कृषक विकास संघ (केवीए) समखेतर को विधिवत रूप से हस्तांतरित कर दिया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला परियोजना प्रबंधक हेमराज वर्मा ने की। इस कार्यक्रम के दौरान जायका अधिकारियों ने अपनी विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी साझा की तथा उपस्थित ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला परियोजना प्रबंधक हेमराज वर्मा ने जानकारी दी कि इस बहाव सिंचाई उपपरियोजना के निर्माण पर लगभग 40 लाख रुपए की लागत आई है, जिससे 12.80 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और लगभग 70 लाभार्थी किसान परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य गांव में सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करना और कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

# पेयजल को तरसे डोल के बाशिंदे

## कई दिनों से पानी न आने से गांव में लगे नल बने मात्र शोपीस

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



खाली बर्तनों के साथ थाना पंचायत के डोल गांव के लोग।

**उपमंडल** सरकाघाट की ग्राम पंचायत थाना के अंतर्गत डोल गांव के दो दर्जन परिवार पिछले कई दिनों से पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार विभागीय कर्मियों से लेकर उच्च अधिकारियों तक हमने अपने गांव की पानी की समस्याओं को बताया परंतु आज दिन हमारे गांव में विभाग का एक कर्मचारी तक नहीं पहुंचा। पानी न आने के कारण गांव में लगे नल मात्र शोपिस बन कर रह गये है। स्थानीय लोगों में राकेश कुमार, प्यार चंद, सोनू, प्रेम सागर, तृप्ता देवी, नंद लाल, परस राम, रत्न चंद, तिलक राज, जय चंद, रेखा कुमारी, प्रकाश चंद, विशाल, ओम चंद आदि लोगों का कहना है कि उन्हें लगभग आधा किलोमीटर दूर प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है जिस कारण हमारा पूरा दिन पानी लाने व ले जाने में व्यर्थ जा रहा है लोगों ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द हमे पेयजल उपलब्ध करवाया जाए अन्यथा हम सब लोग जल शक्ति विभाग कार्यालय का घेराव करने से भी गुरेज नही करंगे। वहीं जल शक्ति विभाग सरकाघाट के कनिष्ठ अभियंता परमार ने बताया कि डोल गांव की पाइप लाइन में दिक्कत आई थी जिसे ठीक कर दिया गया है और भंडारण टैंक भी भर चुका है कल तक डोल गांव में पानी दे दिया जाएगा।

# लडभड़ोल की 17 पंचायतों में नियमित जल आपूर्ति का दावा

अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर

**जल शक्ति विभाग ने किया पानी की समस्या की खबरों का खंडन**

**हाल** ही में विभिन्न समाचार पत्रों में लडभड़ोल क्षेत्र की 20 पंचायतों में पेयजल संकट गहराने और ग्रामीणों द्वारा विधायक प्रकाश राणा के नेतृत्व में जल शक्ति उपमंडल कार्यालय के घेराव की खबरें प्रकाशित हुई थीं। इन खबरों को लेकर अब जल शक्ति विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए उनका खंडन किया है। जल शक्ति विभाग उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता देशबंधु शर्मा ने बताया कि लडभड़ोल उपमंडल के अंतर्गत 20 नहीं, बल्कि कुल 17 पंचायतें आती हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश पंचायतें जिनमें डटपुर, सिमस, खदर, ममान, बनांदर, रोपड़ी, पीहड़, बेहडलू, कथोन, गोलवां, बाग, तुलाह व खुड्डी शामिल हैं, इसमें पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। विभाग ने यह भी बताया कि संबंधित पंचायतों के प्रधानों ने लिखित रूप में पुष्टि की है कि उनके क्षेत्रों में जलापूर्ति नियमित रूप से हो रही है। उपमंडल में जल जीवन मिशन के तहत कुल 7 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनमें से 5 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। शेष 2 योजनाएं 80% पूर्ण हो चुकी हैं और स्वीकृत निधि की शेष राशि प्राप्त होते ही इन्हें भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और किसी भी समस्या की जानकारी सीधे विभाग को दें।

# मोदी युग है परिवर्तन और विश्वास का युग : राकेश

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**भाजपा** द्वारा करसोग विधानसभा क्षेत्र के चिंडी में 'विकसित भारत का अमृतकाल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष' विषय पर जिलास्तरीय प्रोफेशनल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस संवादात्मक कार्यक्रम में चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा प्रोफेशनल्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा सुंदरनगर जिला अध्यक्ष हीरा लाल ने की, जबकि करसोग के विधायक दीप राज ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस तेज गति से बदलाव का अनुभव किया है, वह देश के इतिहास में एक स्वर्णिम कालखंड के रूप में दर्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी युग परिवर्तन और विश्वास का युग है।

### मोदी ने गांव-गांव में रखी विश्वास की नींव: दीप

**निहरी** मंडल में भी संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में दीप राज ने कहा मोदी सरकार की योजनाओं ने गांव-गांव में विश्वास की नींव रखी है। इसी कड़ी में भाजपा निहरी मंडल द्वारा भी संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं, युवाओं व ग्रामीणों ने भाग लिया।

## अवैध मछली बिक्री के दो मामलों में वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मत्स्य मंडल मंडी की सहायक निदेशक नीतू सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा जिला में अवैध मछली पकड़ने तथा उसका व्यापार करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में सामान्य जल में मछली प्रजनन को प्रोत्साहित करने तथा मत्स्य संरक्षण के दृष्टिगत मछली शिकार व उसकी बिक्री करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी तेज राम के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है, जो कि जिला के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण कर मछली को पकड़ने तथा उसकी बिक्री करने वालों पर नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा गत दिनों ब्यास नदी, ज्यूणी व सुकेती खड्ड में गश्त के साथ-साथ पंडोह, स्यांज, गोहर, चैलचौक, डडौर व नेरचौक आदि स्थानों पर मछली विक्रेताओं की दुकानों में दबिश देकर अवैध मछली शिकार का एक व अवैध मछली बिक्री के दो मामले पकड़े गए, जिनसे मौके पर ही नियमानुसार जुर्माना व मुआवजा वसूला गया। उन्होंने जिला के नागरिकों से आग्रह किया कि वे अवैध मछली शिकार व व्यापार करने से बचें। यदि उनकी नजर में अवैध मछली पकड़ने का कोई मामला आता है तो वे इसे बारे विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचित करें।

# जोगिंद्रनगर में बारिश होने से खिले किसानों के चेहरे, धान की रोपाई शुरू

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान



जोगिंदनगर में छत्तर में धान का कार्य करती हुई महिलाएं।

**जोगिंदनगर।** उपमंडल में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर राहत की मुस्कान बिखेर दी। लंबे समय से बारिश की प्रतीक्षा कर रहे किसानों ने जैसे ही मौसम मेहरबान देखा, धान की रोपाई का कार्य आरंभ कर दिया। छत्तर में किसानों ने खेतों में उतरकर पारंपरिक विधि से धान की बुआई शुरू कर दी। छत्तर गांव में महिलाओं ने धान रोपते हुए लोकगीतों की स्वर लहरियों से खेतों को गूंजा दिया। गीतों की मधुरता और बारिश की सौंधी खुशबू ने गांव की फिज़ाओं में लोक संस्कृति की एक अनोखी झलक बिखेरी। स्थानीय किसान ज्योति प्रकाश ने बताया कि 'हमारे गांव में दो वर्ष पूर्व भूस्खलन के कारण सिंचाई की पाइपें बह गई थीं, जिसके बाद से बारिश ही एकमात्र सहारा रह गई है। आज की बारिश ने खेतों को संजीवनी दी है।' कृषि विभाग के अनुसार पिछले कुछ दिनों से मानसून की धीमी गति से किसानों की चिंता बढ़ गई थी, लेकिन शुक्रवार की बारिश ने खेती की उम्मीदों को फिर से हरा-भरा कर दिया। अब उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में मानसून सक्रिय रहेगा और फसलों की अच्छी पैदावार संभव होगी।

## उपायुक्त को भेंट कीं 129 पुस्तकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला प्रशासन की अपना पुस्तकालय पहल को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। विशेषतौर पर युवा वर्ग न केवल इस पहल की सराहना कर रहा है अपितु इसमें पुस्तकें भेंट कर अपना सहयोग भी प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त अपूर्व देवगन को क्रयाश चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से अपना पुस्तकालय के लिए 129 उपयोगी पुस्तकें भेंट की गईं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने क्रयाश चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्चतर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तैयारियां कर रहे छात्रों को स्तरीय पाठ्य सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने बताया कि ये पुस्तकें करसोग में स्थापित अपना विद्यालय में रखी जाएंगी, ताकि दूरदराज क्षेत्रों के बच्चे इनका भरपूर लाभ उठा सकें।

**कार्यक्रम** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर का वार्षिक उत्सव उल्लास और गरिमा के साथ संपन्न

# शिक्षा से ही असली तरक्की संभव: साक्षी वर्मा

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर ने अपना वार्षिक उत्सव अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मंडी की एसपी साक्षी वर्मा ने शिरकत की और कॉलेज की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों व प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के निदेशकों डॉ. अनिल सिंगला, डॉ. आशिमा सिंगला, डॉ. विकास जिंदल एवं डॉ. कनिका जिंदल के मार्गदर्शन व प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एसपी ने कहा कि शिक्षा से ही असली तरक्की संभव है। साक्षी वर्मा ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर होने के नाते पुलिस को डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राओं से नशे के खिलाफ जारी अभियान में सहभागिता जरूर दर्ज करवाएं। कार्यक्रम के दौरान मंच से कॉलेज की त्रैमासिक न्यूजलेटर 'ब्रूज' का विमोचन भी किया गया, जो संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को उजागर करेगा। इस न्यूजलेटर की मुख्य संपादक डॉ. श्वेता, सह-संपादक डॉ. राजीव बिस्वास और डॉ. आकाश अग्निहोत्री, जबकि छात्र संपादक की भूमिका में सिमरन कालिया हैं। विद्यार्थियों के नृत्य, संगीत और नाट्य मंचन ने पूरे समारोह को यादगार बना दिया।

### एक लाख से अधिक ओपीडी स्क्रीनिंग व सैकड़ों का मोबाइल वैन से उपचार

**कॉलेज** के प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्थान ने ओपीडी में एक लाख से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग की। 6,000 से अधिक मरीजों की चिकित्सा शिविरों में जांच की गई, जबकि 650 से अधिक मरीजों को मोबाइल डेंटल वैन के माध्यम से उपचार प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में शोध प्रकाशित कर डेंटल साइंस के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।



### इन्हें मिला सम्मान

**कार्यक्रम** के दौरान कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसमें एमडीएस ऑर्थोडॉन्टिक्स में डॉ. इंदु टॉपर, एमडीएस एंडोडॉन्टिक्स डॉ. प्रकृति शर्मा प्रथम वर्ष में यूनिवर्सिटी टॉपर, पेरिओडॉन्टिक्स डॉ. जीवनज्योत यूनिवर्सिटी द्वितीय स्थान, ऑर्थोडॉन्टिक्स डॉ. विभूति शर्मा यूनिवर्सिटी द्वितीय स्थान, बीडीएस फाइनल ईयर अंकिता पटियाल टॉपर और बीडीएस थर्ड ईयर सारा ठाकुर फाइनल परीक्षा में यूनिवर्सिटी पुरी टॉपर को सम्मानित किया गया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को भी पुरस्कार दिए गए। इनमें क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, लूडो, कैरम, टेबल टेनिस, टग ऑफ वॉर आदि शामिल रहे।

## सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस के नेता पर गैर-कानूनी धंधों में शामिल होने का लगाया आरोप, कहा-

# सत्ता में आते ही अवैध संपत्तियों पर चलेगा बुलडोजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि भाजपा सत्ता में आकर गैर कानूनी धंधे से कमाई हुई संपत्ति पर बुलडोजर चलाएगी। सबसे पहले ऊना में ऐसी संपति बनाने वालों पर बुलडोजर चलेगा। उन्होंने स्थानीय कांग्रेस के नेता पर गैर कानूनी धंधों में शामिल लोगों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कुछ पुलिस चौकी और थानों में भ्रष्टाचारी कर्मियों की तैनाती का भी विरोध किया। सत्ती ने कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है, तो उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की तर्ज पर माफिया के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहला एक्शन जिला ऊना में होगा।

सत्ती ने विशेष रूप से अवैध खनन में लिप्त लोगों पर निशाना साधा। ऐसे लोगों की संपत्ति की गहन जांच की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि उनका कानूनी कारोबार क्या है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले दिनों में अवैध गतिविधियों में शामिल सभी लोगों की पूरी सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर करोड़ों रुपए की बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनें उनके पास कहां से आ रही हैं और पंजाब से कई टिप्पर ऊना क्यों लाए जा रहे हैं?



### सीआईए विंग को भंग किए जाने पर उठाए सवाल

**सत्ती** ने पुलिस के सीआईए (क्राइम इंवेस्टिगेशन एजेंसी) विंग को भंग किए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि 5 लाख रुपए नकद और लॉटरी से जुड़े कई लोगों को पकड़ने वाली पुलिस की सीआईए विंग को आखिर क्यों भंग किया गया? उन्होंने जानना चाहा कि किसके इशारे पर यह कार्रवाई हुई है। सत्ती ने याद दिलाया कि प्रत्येक जिले में एसपी के अधीन एक सीआईए विंग होता है, जिसका काम अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करना है। उन्होंने हाल ही में मैहतपुर में हुई कार्रवाई का जिक्र किया, जहां लाखों रुपए की राशि पकड़ी गई थी, लेकिन इसके तुरंत बाद ही इस विंग को भंग कर दिया गया। उन्होंने इसे एक बड़ा सवाल बताते हुए कहा कि उनके पास 1 से 16 जून तक सीआईए द्वारा जिले में की गई छापेमारी की सूची है, जिसमें नशीले पदार्थ और जिस्मफरोशी सहित कई मामले पकड़े गए थे। ऐसे में इस विंग को भंग करना समझ से परे है। उन्होंने जोर दिया कि माफिया कभी किसी का नहीं होता और भाजपा सरकार के समय भी अवैध धंधों में संलिप्त कई लोगों ने पार्टी में शरण लेने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें दुत्कार दिया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा कभी भी अवैध धंधों का समर्थन नहीं करती।

### पटरी से उतरी कानून व्यवस्था

**सत्ती** ने मुख्यमंत्री पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री कहते हैं कि किसी भी प्रकार का माफिया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, तो दूसरी तरफ ऐसे निर्णय लिए जाते हैं, जिनसे अवैध कार्य करने वालों को संरक्षण मिलता है। उन्होंने बंदोवस्त विभाग में एक सेवानिवृत्त अधिकारी को बार-बार तैनाती दिए जाने पर भी आपत्ति जताई, जिस पर एक मामला दर्ज था। उन्होंने कहा कि लोग इस मुद्दे पर आंदोलन भी कर चुके हैं, लेकिन फिर भी ऐसे अधिकारियों को फिर से तैनात करने की क्या मजबूरी है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो एसपी कार्रवाई करने जा रहे थे, उनके हाथ बांध दिए गए। सत्ती ने संतोषगढ़ और मैहतपुर पुलिस थानों के साथ-साथ कुछ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

## ऊना में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना शहर में फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त कर राहगीरों, कॉलेज-स्कूली बच्चों और आम नागरिकों को सुगम व सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा अभियान छेड़ा जा रहा है। 'मिशन फ्री-फुटपाथ' नाम से चलाया जा रहा यह विशेष अभियान 21 जून को सुबह 11 बजे से शुरू किया जाएगा। इसके तहत जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर निगम ऊना की संयुक्त टीमें अतिक्रमण हटाने को लेकर निर्णायक कार्रवाई करेंगी।

## किसान मक्की की करें बिजाई

**अनंत ज्ञान ऊना।** इन दिनों प्री मानसून के चलते जिला ऊना में बारिश की बूंदाबंदी जारी है। सिंचित इलाकों के साथ गैर सिंचित क्षेत्रों में खेतों में पर्याप्त नमी हो चुकी है। इसलिए किसान बिना किसी देरी के मक्की की फसल की बिजाई कर दें। अगले दिनों में बरसात का मौसम शुरू होते ही भारी बारिशों का दौर शुरू हो जाएगा। जिससे किसान खेतों में अधिक नमी के कारण मक्की की फसल की बिजाई नहीं कर पाएंगे और देरी के कारण किसानों को मक्की की फसल से अच्छी पैदावार नहीं मिल पाएगी।

# विधायक विवेक ने बसाल में सुनीं लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बसाल गांव में विधायक विवेक शर्मा ने घर-द्वार अभियान के अंतर्गत जनसंपर्क यात्रा करते हुए जनता की समस्याएं सीधे तौर पर सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान कराना और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुटलैहड़ के बसाल गांव की जनता ने विधायक विवेक शर्मा के समक्ष बिजली, पानी, सड़क और शिक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखीं।

विशेष रूप से बिजली की समस्या को लेकर लोगों ने बताया कि गर्मियों के दौरान क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है, जिससे आम जनजीवन और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बड़े ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना की जा रही है। यह कार्य तेजी से चल रहा है और आने वाले समय में क्षेत्रवासियों को बिजली संकट से पूरी तरह निजात मिलेगी।

विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर ही बिजली विभाग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात की और समस्याओं के समाधान की स्पष्ट समयसीमा तय की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक मशीनरी को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाना उनका कर्तव्य है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और जल आपूर्ति जैसी मूलभूत सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष बजट आवंटित किया गया है और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी सुधार लाने के लिए शिक्षकों की नियुक्तियां और विद्यालयों में अधोसंरचना विकास कार्य तेजी से जारी हैं। कुटलैहड़ में गर्मियों में वर्षों से झेल रही बिजली की समस्या पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### विभिन्न हिस्सों में लगाए जा रहे ट्रांसफॉर्मर

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में उच्च क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर लगाए जा रहे हैं, जिससे वोल्टेज की समस्या और बार-बार की कटौती से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये ट्रांसफॉर्मर केवल वर्तमान आवश्यकता के अनुसार नहीं, बल्कि भविष्य की बढ़ती मांग को ध्यान में रखकर लगाए जा रहे हैं।

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए भारी वर्षा और बाढ़ की चेतावनी के मद्देनजर विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे नदी-नालों के पास न जाएं और सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना होती है, जिससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रायपुर मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता कल

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के रायपुर मैदान में स्व. कैप्टन प्रीतम चंद मैमोरियल क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता 22 जून को आयोजित जा रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन क्लब के सक्रिय सदस्य एवं स्व. कैप्टन प्रीतम चंद के पुत्र विजय कुमार द्वारा उनके पिता की पुण्य स्मृति को समर्पित करते हुए किया जा रहा है। विजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी केवल कुटलैहड़ क्षेत्र के ही होंगे। कबड्डी की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे। कबड्डी की विजेता टीम को ट्रॉफी 31 00 एवं उपविजेता टीम को 2100 तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही प्रतियोगिता में 'बेस्ट रेडर' और 'बेस्ट कैचर' को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। स्थानीय ग्रामीणों ने स्वर्गीय कैप्टन प्रीतम चन्द के सुपुत्र विजय कुमार की इस प्रकार के आयोजन कर प्रशंसा करते हुए कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता को लगातार करवाने का आह्वान, जिससे युवाओं को न केवल मंच मिल सके बल्कि समाज के प्रति उनका दृष्टिकोण भी सकारात्मक बने।

### डिजिटलीकरण को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और दक्ष बनाने के लिए आज शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के सर्किल कार्यालय ऊना में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग ऊना के ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर साहिल शर्मा ने किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन सरकारी सेवाओं, डिजिटल भुगतान प्रणाली, ई-गवर्नेंस के विभिन्न आयामों तथा अन्य प्रमुख डिजिटल पहलों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने इन सेवाओं के सुचारु प्रबंधन और उन्हें लागू करने तथा आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उपायों पर विशेष बल दिया। साहिल शर्मा ने बताया कि डिजिटल माध्यमों से कार्य प्रणाली को पेपरलेस बनाकर कार्यक्षमता और पारदर्शिता को बढ़ाया जा रहा है।

### श्रमिकों के लिए करवाया निःशुल्क कौशल पाठ्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों के लिए निःशुल्क कौशल पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें प्रोडक्शन मशीन ऑप्रेटर-स्टेराइल फार्मुलेशन ग्रनुलेशन, पैकिंग टेबलेट्स और कैप्सूल, मैन्युफैक्चरिंग एंड पैकेजिंग असिस्टेंट- फार्मा, बायोलॉजिक्स और मेडिकल डिवाइसिस, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, एसोसिएट-रेगुलेटरी अफेयर्स एंड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पाठ्यक्रम शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 10 दिनों के भीतर जिला श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय ऊना मे सम्पर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला श्रमिक कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने दी।

### गर्मी से बचाव के लिए जुगाड़ से बनाया कूलर

**अनंत ज्ञान, हरोली।** औद्योगिक क्षेत्र में एक युवा का लोगों को गर्मी से बचाव के



लिए नवाचार काफी पसंद किया जा रहा है। इस युवक ने ऐसा वाटर कूलर तैयार किया है, जिसे कोई भी आसानी से खरीद सकता है। मतलब यह कूलर निर्धन से निर्धन व्यक्ति की पहुंच में है। महज 1100 रुपए में सस्ता कूलर तैयार करने वाले नंगल खुर्द निवासी वंश ने अब तो कूलर डिलीवर करने शुरू कर दिए हैं। वंश टाहलीवाल में घंटी मार्किट जहां सब्जी मंडी भी लगती है उनके पास ही दुकान पर मिनी कूलर तैयार कर रहे हैं, जिसका वंश को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

### 23 को पांच घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड विद्युत उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 23 जून 2025 को बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार, 33 केवी उपकेंद्र बंगाणा में आवश्यक मरम्मत एवं उच्च स्तरीय रख-रखाव कार्य किए जाएंगे। इसी कारण इस उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी फीडरों के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता उदित सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा और भविष्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित समय में कार्य को पूरा करने के लिए तकनीकी टीम प्रयासरत रहेगी।

### प्रिशा ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपतहसील जोल के तहत पड़ती ग्राम पंचायत अम्बेहड़ा धीरज के गांव अम्बेहड़ा रामकिशन की प्रिशा शर्मा व उनके पारिवारिक सदस्यों ने बेटी का पांचवा जन्मदिन दस फलदार पौधे लगाकर मनाया। जिसमे प्रिशा द्वारा चीकू, लीची, आम, संतरा व अमरुद का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रिशा शर्मा की माता अंजना देवी ने कहा कि बदलते



पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए अब समय आ गया है कि हर व्यक्ति अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों को पर्यावरण के प्रति समर्पित करे। उसी उद्देश्य से उन्होंने बेटी के जन्मदिन पर पौधरोपण कर समाज को एक संदेश देने का प्रयास किया है।

# चिंतपूर्णी में कांग्रेस को मजबूत करने पर दिया जोर

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



### अंब में यूथ कांग्रेस की बैठक आयोजित

**अंब।** यूथ कांग्रेस चिंतपूर्णी की एक बैठक विश्रामगृह अंब में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अमन जस्वाल ने की, जबकि विधायक सुदर्शन सिंह बबल व जिला प्रभारी राहुल चौहान ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने युवाओं से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया गया।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जनकल्याणकारी है। यूथ कांग्रेस के युवाओं को चाहिए कि वे प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। इंटरनेट मीडिया के इस दौर में भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम का मजबूती से जवाब दें। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र और संगठन दोनों मजबूत बनते हैं। जिला प्रभारी राहुल चौहान ने कहा कि यूथ कांग्रेस संगठन को और सशक्त करने के लिए जल्द ही चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में यूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा।

यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राघव ठाकुर ने कहा कि युवा देश और समाज का भविष्य हैं और यूथ कांग्रेस उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने का मंच है। हमें नए युवाओं को संगठन से जोड़ना है और उन्हें जिम्मेदारियां देनी हैं।

# नगर निगम ऊना में फॉगिंग और ड्रेनेज सफाई अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर निगम ऊना द्वारा मानसून सीजन के मद्देनजर शहर में विशेष स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग तथा जलभराव की समस्या से निपटने हेतु ड्रेनेज सिस्टम की व्यापक सफाई की जा रही है।

नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने जानकारी दी कि विशेष फॉगिंग अभियान के अंतर्गत मिनी सचिवालय परिसर, जिलाधीश कॉलोनी, वार्ड नंबर 9 तथा संतोषगढ़ रोड क्षेत्र में फॉगिंग कार्य किया गया ताकि मच्छरों के प्रकोप एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम को सुनिश्चित बनाया जा सके।

इसके अतिरिक्त निगम क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ड्रेनेज लाइनों, नालियों और जल निकासी मार्गों की समुचित सफाई की जा रही है ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो। आयुक्त ने अपील की है कि वे घरों में सफाई बनाए रखें, गंदा पानी इकट्ठा न होने दें और मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में सक्रिय सहयोग करें।

## योग कार्यक्रम में बलबीर चौधरी होंगे विशेष अतिथि

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अंब में एक मंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक, आनंदा हाल, निकट गणपति मंदिर, रेलवे रोड, अंब में आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर चौधरी अपनी टीम और प्रशिक्षित योग शिक्षकों सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से योग अभ्यास को सफल बनाने की अपील की है।

# 'नशा मुक्त ऊना' अभियान के तहत बच्चों को बांटी क्रिकेट जर्सियां



बच्चों को क्रिकेट जर्सियां बांटते आयोजक।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर एवं महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा द्वारा 'नशा मुक्त ऊना' अभियान के तहत तलमेहड़ा में युवा खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट जर्सी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर उनके साथ रिटायर्ड प्रिंसिपल जीवन मोदगिल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ट्रस्ट के चेयरमैन डेजी डोगरा ने बताया कि 'नशा मुक्त ऊना अभियान' के मार्गदर्शन में डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर समय-समय पर नशे के प्रति जागरूक और खेलों के प्रति बढ़ावा देते हुए कार्य कर रहा है। ट्रस्ट द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत खरयालता (तलमेहड़ा) और ग्राम पंचायत डीहर एवं क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट जर्सी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड प्रिंसिपल जीवन मोदगिल ने कहा कि हम सब की यह जिम्मेदारी है कि पहले हम खुद को सुधारें, फिर परिवार, आसपास और स्कूलों में नशे को घुसने न दें। मुख्यातिथियों द्वारा दोनों पंचायतों के क्रिकेट के युवा खिलाड़ियों को 50 से अधिक क्रिकेट जर्सी वितरित की गई।

# युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ना जरूरी : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त जतिन लाल को सम्मानित करते महाविद्यालय प्रबंधन।

युवाओं में उद्यमिता एवं नवाचार को प्रोत्साहन देने के मकसद से राजकीय महाविद्यालय ऊना में शुक्रवार को 'सृजन-विचार से विस्तार तक' थीम के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन, आईआईटी रोपड़ एवं स्थानीय स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा नवाचार को बढ़ावा देने हेतु उपयुक्त मंच प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उपायुक्त ने प्रतिभागियों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं और स्थानीय समुदाय को उद्यमशील मानसिकता विकसित करने, नवाचार को व्यवहार में लाने, और आत्मनिर्भरता एवं सतत आर्थिक विकास की दिशा में सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण व शहरी युवाओं को आधुनिक तकनीकों, स्टार्टअप कल्चर और व्यावसायिक कौशलों से जोड़ा जाए ताकि वे स्वयं के व्यवसाय शुरू कर सकें और दूसरों को भी रोजगार दे सकें।

इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पप्रिंसिपल डॉ. मीता शर्मा ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए नवाचार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की वर्तमान समय में आवश्यकता पर बल दिया। ट्रिपल आईटी ऊना से डॉ. मृत्युंजय सिंह एवं दिव्यांश ठाकुर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जमीनी स्तर का तकनीकी दृष्टिकोण साझा किया।

कार्यक्रम में बीडीओ केएल वर्मा बीडीओ ने स्वयं सहायता समूहों की व्यावहारिक यात्रा और उनकी चुनौतियों को साझा किया। वहीं, टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर फाउंडेशन (आईआईटी रोपड़) के सीईओ सत्यम शर्मा ने ग्रामीण विकास में तकनीक और नवाचार की भूमिका पर अपने विचार रखते हुए बताया कि किस प्रकार तकनीकी समाधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में आयोजित स्टार्टअप पिचिंग सत्र के दौरान ऊना, हरोली, गगरेट व बंगाणा ब्लॉक्स से आई महिला उद्यमियों ने अपने नवाचार पर व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए।

## प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कृषि विभाग आत्मा परियोजना विकास खंड बंगाणा द्वारा प्राकृतिक खेती के विषय पर ग्राम पंचायत कठोह के गांव अमरोह में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत के लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। शिविर में प्राकृतिक खेती के बारे मे जाना।

किसानों ने इस शिविर में पूरा सहयोग दिया और इसका आयोजन सुचारु रूप से संपन्न करवाने में भूमिका निभाई। आत्मा परियोजना विकास खंड बंगाणा के और उन्नतिशील किसानों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न घटकों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस जागरूकता शिविर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर राज कुमार व सी आर पी सोनिका कुमारी ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व और इसके विभिन्न लाभों के बारे में जागरूक किया।

**सराहनीय** पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष 100 से अधिक पौधे लगाने का लिया संकल्प

# पौधरोपण में जुटे बलबीर सिंह और अंकुश शर्मा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश में आज के दौर में जब प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं, ऐसे समय में कुछ लोग समाज के लिए प्रेरणा बनकर उभर रहे हैं। बंगाणा अस्पताल में कार्यरत वेटनरी फार्मासिस्ट बलबीर सिंह गोगी और पर्यावरण प्रेमी अंकुश शर्मा ऐसे ही दो जागरूक नागरिक हैं, जो पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए।

पशु पालन विभाग बंगाणा के कार्यरत बलबीर सिंह गोगी और अंकुश शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए थे। इनमें आम, लीची, अमरूद, नींबू, पीपल और घासदार पौधों की संख्या कुल 72 रही। यह सभी पौधे अब एक वर्ष के भीतर



अच्छी तरह से विकसित हो चुके हैं और अपनी बढ़त से यह सिद्ध कर रहे हैं कि सही देखभाल और संरक्षण के साथ कोई भी प्रयास सफल हो सकता है। उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम यह रहा कि सभी पौधे जीवित बचे और अब पेड़ों का रूप लेने लगे हैं।

गोगी और शर्मा का कहना है कि केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं, उनकी उचित देखभाल और संरक्षण भी आवश्यक है। इसी सोच के साथ वे समय-समय पर इन पौधों की निरंतर देखरेख करते हैं और स्थानीय निवासियों को भी इस कार्य में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करते हैं।


गौरतलब है कि बलबीर सिंह गोगी और अंकुश शर्मा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करते रहते हैं, वे घर-घर जाकर किसानों और युवाओं से संवाद करते हैं और उन्हें पौधे लगाने की महत्ता समझाते हैं। उनकी इस मुहिम का सकारात्मक असर देखने को मिला है और अब कई गांवों में लोग स्वेच्छा से पौधारोपण करने लगे हैं। इस वर्ष दोनों पर्यावरण प्रेमियों ने 100 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

यह लक्ष्य न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि एक आंदोलन का प्रतीक है। उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग इस कार्य से जुड़ें और पर्यावरण संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाया जाए। बलबीर सिंह गोगी कहते हैं कि हम जो हवा में सांस लेते हैं, वह वृक्षों की देन है।

### समाज के लिए बने एक मिसाल

**इन** दोनों पर्यावरण सेवकों का यह प्रयास न केवल समाज को जागरूक कर रहा है, बल्कि एक हरित क्रांति की ओर भी अग्रसर कर रहा है। उनकी इस पहल की सराहना न केवल स्थानीय स्तर पर हो रही है, बल्कि अन्य क्षेत्र के लोग भी उनसे प्रेरणा लेकर इस नेक काम से जुड़ने लगे हैं। बलबीर सिंह गोगी और अंकुश शर्मा जैसे लोग समाज के लिए एक मिसाल हैं। उनका यह सतत प्रयास न केवल पर्यावरण के लिए वरदान है, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रतीक भी है। यदि हर व्यक्ति उनकी तरह आगे आए, तो निश्चित रूप से हमारा देश एक बार फिर हरियाली से आच्छादित हो सकता है।

# आरुषि शर्मा ने राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में चमकाया नाम



आरुषि शर्मा को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा की आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा की होनहार छात्रा आरुषि शर्मा ने पंजाब के धूरी में आयोजित केकेएचडी ( किसमें कितना है दम ) योग फाइनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है।

प्रतियोगिता में आठ राज्यों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जहां कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन आरुषि ने कठिन से कठिन योगासन प्रस्तुत करते हुए निर्णायकों का दिल जीत लिया और दूसरा स्थान अपने नाम कर लिया। आरुषि शर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने दादा लेख राज माता-पिता, रज्जू देवी, संदीप कुमार, स्कूल प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य एवं स्कूल के समस्त शिक्षकों को दिया है, जिन्होंने निरंतर उसका मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने के उपरांत स्कूल के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आरूषी शर्मा का अभिनंदन किया और कहा कि यह होनहार छात्रा भारत का प्रतिनिधित्व करेगी और अपने दादा लेख राज, माता-पिता, स्कूल एवं के क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाएगी।

आरूषी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा 'विक्कू' ने आरूषी को बधाई दी। वहीं शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियानी ने आरुषि शर्मा का स्वागत किया। प्रधान जोगिंद्र शर्मा पौणु, उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर व अन्य ने भी बधाई दी।

### हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच का अधिवेशन कुल्लू में आयोजित

# हम भीख नहीं, कमाई मांग रहे: बृजलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष बृजलाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार यदि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान नहीं कर सकती है, तो उन्हें सत्ता से बाहर हो जाना चाहिए। साथ ही मुख्यमंत्री सुक्खू को भी तुरंत प्रभाव से कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। यह बात उन्होंने कुल्लू में आयोजित मंच के कार्यक्रम में कही।

शुक्रवार को हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की ओर से कुल्लू में जिला स्तरीय पांचवें त्रैवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष बृजलाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार पर एचआरटीसी पेंशनर्स की अनदेखी का आरोप लगाते हुए लंबित पेंशन भुगतान जल्द करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सरकार को इस वर्ग की परेशानियों को गंभीरता से लेना चाहिए। यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ, तो पेंशनर प्रदेशभर में सरकार और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे। बृजलाल ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों व अधिकारियों को यदि उनकी देनदारी सरकार नहीं दे सकती है, तो उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बृजलाल ने टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू से त्यागपत्र की मांग की है। उन्होंने सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता में बैठने लायक कर्म करे। साथ ही उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि सरकार कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों से इसी तरह करती रही तो 50 वर्षों तक आपको सरकार ढूंढे नहीं मिलेगी। वर्तमान सरकार पहली ऐसी सरकार है, जो कर्मचारियों के हकों पर कुंडली जमाए बैठी है। उन्होंने कहा कि हम भीख नहीं, बल्कि अपनी कमाई को मांग रहे हैं, जिसे सरकार नहीं दे रही है। जनवरी-2016 से उन्हें कुछ नहीं मिला है। बृज लाल ने कहा कि हमने भी तो अपना परिवार पालना है।



हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के पदाधिकारी बैठक के पश्चात।

### जोगिंद्र कुमार कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

इस अवसर पर मंच की कुल्लू इकाई की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जोगिंद्र कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा जीतराम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जयवंती उपाध्यक्ष, बाबू राम उपाध्यक्ष, कुलभूषण उपाध्यक्ष, किशोरी लाल सचिव, बाबू राम आनी सह सचिव, धनवीर दास कोषाध्यक्ष, बलवीर सहकोषाध्यक्ष, जय चंद संगठन मंत्री, श्रीकांत सह संगठन मंत्री, कृष्ण लाल शर्मा मुख्य सलाहकार, मधुबन शर्मा लेखा परीक्षक व रणवीर को प्रेस सचिव बनाया गया। वहीं, चमन लाल शर्मा, श्याम पाल शर्मा, चंद लाल, विशेष कुमार, मनीराम, छापे राम, गोकलचंद, डोला सिंह, नेत्र सिंह, धर्म चंद, प्रदीप कुमार, काली दास, परम देव, कर्मा डोलमा, संतोष कुमार और प्रेमलता को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू के तत्वधान में विकास खंड आनी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुन में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोध दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवी रचना शर्मा ने स्कूली छात्रों, व उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाया और नशा न करने के प्रति सभी छात्रों, अध्यापकों व लोगों ने शपथ ली तथा औरों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की। स्वयंसेवी रचना शर्मा ने छात्रों व उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गर्त की ओर बहुत ही ज्यादा अग्रसर हो चुकी है, जो देश और प्रदेश के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन चुकी है और हम सभी को इस चुनौती को स्वीकार करते हुए नशामुक्त भारत अभियान के लिए अपनी क्षमतानुसार निरंतर हर संभव प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विद्या नेगी को बड़ी जिम्मेदारी पर मनाली में खुशी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने मनाली निवासी कांग्रेस नेता विद्या नेगी को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष मनोनीत किया है। विद्या नेगी मनाली के शनाग गांव की रहने वाली हैं। वह तत्काल प्रभाव से तीन वर्ष की अवधि के लिए अध्यक्ष बनी हैं। इस संबंध में सरकार की ओर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी की गई।

मनाली की विद्या नेगी कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं। उनके अध्यक्ष बनने से मनाली में खुशी की लहर है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मनाली के लिए यह दूसरी बार खुशी की बात है। इससे पहले मनाली की भाजपा नेत्री धनेश्वरी ठाकुर भी महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने विद्या नेगी को हिमाचल प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि यह पद महिला सशक्तीकरण, न्याय और समाज में उनकी गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या नेगी अपने अनुभव, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प से महिला आयोग की कार्यक्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। विद्या नेगी के गौड़ निवास कटराई पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



विद्या नेगी का स्वागत करते हुए मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़।

### जिम्मेदारी का बखूबी करूंगी निर्वहन: विद्या

**इस** दौरान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बनने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए विद्या नेगी ने प्रदेश सरकार और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, इसका वह बखूबी निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को आ रही समस्याओं को सुलझाने के लिए जल्द ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। शिमला में पदभार ग्रहण करते ही प्रदेश में महिलाओं को आ रही समस्याओं से संबंधित जानकारी ली जाएगी और उनका समाधान किया जाएगा। विद्या नेगी ने कहा कि इससे पहले भी उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को अपने स्तर पर हल किया है। ऐसे में अब उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने पर बेहतरीन तरीके से महिलाओं की समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।

# सूत्रधार कला संगम की 48वीं वर्षगांठ पर मची धूम

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** कुल्लू में सूत्रधार कला संगम के 48वें उत्सव की खूब धूम मची हुई है।

तीन दिन तक होने वाले इस उत्सव का आगाज हो गया है और इसका शुभारंभ मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया। उत्सव में कुल्लू घाटी के 30 स्कूलों के 1500 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न 11 विधाओं में भाग ले रहे हैं और अपना हुनर दिखा रहे हैं। तीन दिवसीय इस उत्सव में जहां दिन के समय देवसदन में कार्यक्रम हो रहे हैं। वहीं शाम को ऐतिहासिक कलाकेंद्र में सुरों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल सज रही है। उत्सव के पहले दिन लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में सैकड़ों विद्यार्थियों ने कला की वाद्यवृंद, समूह गान, लोकगीत, फिल्मी गीत, फैशन शो, प्रिंसेस सूत्रधार साड़ी राउंड और समूह नृत्य में प्रस्तुति दी। वाद्यवृंद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाशिंग, ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल शास्त्रीनगर, अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल शमशी, समूहगान में चंद्र आभा मेमोरियल स्कूल फॉर ब्लाइंड कुल्लू, आर्य आदर्श हाई स्कूल आखाड़ा बाजार, अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल शमशी, आनंद मार्ग हाई स्कूल शाढ़ाबाई, सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर, डीएवी मौहल के बच्चों ने हुनर दिखाया। लोकगीत में चंद्रताल पब्लिक स्कूल डोभी (खराहल), राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाशिंग, कुल्लू साइंस स्कूल बाशिंग, अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल शमशी, मैक्स इंटरनेशनल स्कूल जिया, नव ज्योति पब्लिक स्कूल कुल्लू, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला, फिल्म गीत में चंद्र आभा मेमोरियल स्कूल फॉर ब्लाइंड कुल्लू, ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल शास्त्रीनगर, देव भूमि पब्लिक स्कूल बाशिंग, ट्रिनिटी स्कूल मौहल, नालंदा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढालपुर, कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर, कुल्लू वैली स्कूल रामशिला तथा ट्रिनिटी स्कूल मौहल के बच्चों ने प्रस्तुति दी। प्रिंसेस सूत्रधार का प्रथम राउंड भी हुआ।





कलाकेंद्र में स्कूलों के प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति देते हुए।

### डीम स्कूल में बच्चों को करवाया योग अभ्यास

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डीम में बच्चों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग अभ्यास करवाया गया। उल्लेखनीय है कि कल विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने बताया कि कल बच्चे विद्यालय में अध्यापकों के साथ मिलकर योग के विभिन्न आसन करेंगे। शुक्रवार को विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मान सिंह ठाकुर ने विद्यालय में योग की विभिन्न क्रियाएं की। इस अवसर पर प्रवक्ता दलीप शर्मा, आत्मा सिंह, रूप सिंह, कुलदीप, धर्म दास, सुरेंद्र कुमार, लता, रेनू, धर्म पॉल, बबीता, बृज लाल, राम सिंह सहित अनेक शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद था।

# आनी को डे-बोर्डिंग स्कूल देने की सौगात से लोगों में खुशी

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी उपमंडल में जल्द ही एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार की मांग पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बागा सराहन में गत मंगलवार को आयोजित हुए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मंच से आनी में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री सुक्खू ने आनी उपमंडल के ही एक बड़े स्कूल में अगले सत्र में सीबीएसई बोर्ड की कक्षाओं को शुरू करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि आनी में डे-बोर्डिंग स्कूल और सीबीएसई बोर्ड की कक्षाओं को शुरू करना का उनका मकसद गांव में रहने वाले उस गरीब तबके के हर एक बच्चे तक बेहतर शिक्षा पहुंचाना है, जिसके अविभावकों के पास संसाधनों का अभाव है।

### विधायक लोकेंद्र कुमार सदन में भी रख चुके हैं मांग

**प्रदेश** सरकार ने जब आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की थी, तो विधायक लोकेंद्र कुमार ने विधानसभा सत्र में सरकार के फैसले का स्वागत किया था। साथ ही लोकेंद्र कुमार ने मांग की थी कि आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी उपमंडल के दूरदराज क्षेत्र के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए, जिसके लिए एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल आनी में भी खोला जाए क्योंकि आनी उपमंडल के दूरदराज क्षेत्रों खुपुर, करशेईगाड़, जलोड़ी का इलाका हो या बुछैर, डीम, देवठी, चवाई या दलाश का क्षेत्र, चारों ओर के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए रामपुर, शिमला, कुल्लू या मंडी आदि बहुत दूर के स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है।

### शिक्षा में सुधार लाने का काम कर रही सरकार

**आपको** बता दें कि हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से हर एक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

**राजीव** गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं जैसे हाईटेक स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, रेसिंग ट्रैक और स्विमिंग पूल से सुसज्जित किया जाएगा। हर स्कूल 50 बीघा के क्षेत्र में फैला होगा। यहां पर स्कूली बच्चों के रहने के लिए हॉस्टल की सुविधा भी होगी। इसके अलावा जो बच्चे रोजाना स्कूल से घर आना-जाना चाहते हैं, उन्हें भी स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा। राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल अपने आप में अनोखे स्कूल के तौर पर स्थापित होगा। स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने का दृढ़ संकल्प प्रदेश सरकार ने लिया है।

### लोगों में खुशी की लहर

**आनी** में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोलने और एक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की कक्षाओं को शुरू करने की मुख्यमंत्री सुक्खू की घोषणा से आनी क्षेत्र में खुशी की लहर है। सचेत संस्था, हिम संस्कृति संस्था, व्यापार मंडल, विभिन्न महिला मंडलों, युवक मंडलों, पंचायत समिति के सदस्यों सहित सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया। साथ ही उम्मीद जताई कि जल्द ही आनी में डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की कवायद शुरू कर दी जाएगी।

### अग्निवीर ऑनलाइन परीक्षा के लिए कैंडिडेट्स को हिदायतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** सेना भरती निदेशक, आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस मंडी (हिमाचल प्रदेश) कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि कि अग्निवीर की ऑनलाइन परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी कैंडिडेट्स से आग्रह है कि वे अपने दिए हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाला एडमिट कार्ड का प्रिंट लेकर जाएं। परीक्षा केंद्र का नाम और परीक्षा का समय कैंडिडेट्स के एडमिट कार्ड में दिया हुआ होता है। सभी कैंडिडेट्स joinindianarmy.nic.in वेबसाइट से अपनी यूजर आईडी के द्वारा एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड सीईई एडमिट कार्ड टैब स्क्रीन के नीचे लेफ्ट साइड में दिखाई देता है। डाउनलोड सीईई एडमिट कार्ड टैब पर क्लिक करने पर एक नया विंडो खुलता है, उसमें अपना रोल नंबर और जन्म तारीख भर कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# पर्यटन नगरी मनाली पर्यटकों से गुलजार

**एम बोकटापा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं, वीकेंड के लिए पर्यटन नगरी में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

मनाली में पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। वीरवार को लगभग तीन हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। शुक्रवार को यह आंकड़ा 3500 के पार पहुंच गया है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के अनुसार रोजाना औसतन तीन हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं, लेकिन शुक्रवार और शनिवार को यह संख्या बढ़कर 3500 से 4000 तक पहुंच रही है। 12 जून को मनाली में सर्वाधिक चार हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे थे। इसके अलावा, 150 से अधिक वोल्वो बसें और टेम्पो ट्रैवलरों से भी हजारों पर्यटक मनाली का रुख कर रहे हैं। इन दिनों मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल जैसे रोहतांग दर्रा और अटल-टनल पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। दिन के समय पर्यटन स्थलों पर भीड़ बढ़ने के साथ शाम होते ही मनाली का प्रसिद्ध माल रोड पर्यटकों से भर जाता है। होटल संचालक रंजीत ने बताया कि उनके होटलों में वर्तमान में 70 से 80 फीसदी ऑक्यूपेंसी चल रही है। होटलियर एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर और उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी की पुष्टि की। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के उपमहाप्रबंधक बीएस ओक्टा के अनुसार, निगम के होटलों में 80 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं।



पर्यटन नगरी मनाली के माल रोड में चहलकदमी करते हुए पर्यटक।

### सैंज में आज बंद रहेगी बिजली





**अनंत ज्ञान, सैंज।** बिजली उपमंडल लारजी के अंतर्गत आने वाले 33/11केवी स्टेशन सैंज में मरम्मत व अन्य कार्य आज किए जाएंगे। इस कारण अनुभाग सैंज-1, सैंज-2, तथा आसपास आने वाले क्षेत्र सैंज, न्यूली, रेला, शांघड़, शैंशर, रोपा, पुखरी, देओरी, सलबाड़ कनोंन, मेल-मन्हन, लपाह, गोही, सुचेहन आदि गांवों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम को 6 बजे तक प्रभावित रहेगी। बिजली बोर्ड उपमंडल लारजी के सहायक अभियंता मनमोहन चंदेल ने निर्माण कार्य के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों व आम जनता से सहयोग की अपील की है।

### लोगों को सरकार की चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर की पंचायत शकोली में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत धरती आबा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें स्वास्थ्य, आयुष, पशु पालन, राजस्व, तहसील कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खंड विकास कार्यालय, कृषि व बागवानी विभागों द्वारा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने भी इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाई। राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनवाने का कार्य भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 50 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया और निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास लाहौल अकांक्षा शर्मा ने बताया कि जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 23 जून को तिंदी ग्राम पंचायत में धरती आबा जनजातीय अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### ठाकर चतुर्भुज मुरलीधर मंदिर कमेटी की बैठक 22 को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ठाकर चतुर्भुज मुरलीधर मंदिर कमेटी की सार्वजनिक बैठक 22 को 11 बजे नग्गर स्थित ठाऊआ मंदिर में होगी। मंदिर के कारदार एवं कमेटी के अध्यक्ष विधि चंद नेगी ने बताया कि मंदिर के रखरखाव एवं ठाकर महाराज के त्योहारों और अन्य मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों को और अच्छा कैसे बनाया जाए, इस पर बैठक में चर्चा होगी। इस बैठक में ठाकर महाराज के हरियान, मुजारियान एवं नग्गर कोठी के समस्त देवी-देवताओं के देऊलू सादर आमंत्रित हैं, ताकि आने वाले समय में ठाकर महाराज के मंदिर की व्यवस्था को पारदर्शिता और पुरातन परंपरा से मनाने की उचित चर्चा की जाए। किसी भी प्रकार का संदेह और गलतफहमियां न रहे। उन्होंने कहा कि सभी मंदिर परिसर में आकर बैठक को सफल बनाएं।

**बैठक** फलोत्पादक मंडल की बैठक में उपसमितियां गठित

# नीतीश लेखा उपसमिति के चेयरमैन

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक प्रधान प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बागवान भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में संघ के महामंत्री रीमन सिंह ठाकुर ने कार्यसूची का वाचन किया। बैठक में कुल 49 सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने कहा कि इन नवगठित उपसमितियों से मंडल को फलोत्पादकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद मिलने की उम्मीद है। बैठक का मुख्य एजेंडा विभिन्न महत्वपूर्ण उपसमितियों का गठन था, जो मंडल के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने में मदद करेंगी। नवगठित उपसमितियां और उनके पदाधिकारी इस प्रकार हैं।



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए अध्यक्ष व अन्य गणमान्य लोग

### पशु कल्याण उपसमिति

**भाग** दास महंत इस समिति के चेयरमैन होंगे। गंगा सिंह, मेहर चंद नेगी, देवी सिंह राणा, हरि चंद और भरतेंद्र को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

### प्रचार-प्रसार उपसमिति

**मंडल** की सबसे अहम मानी जाने वाली इस उपसमिति की जिम्मेदारी दिनेश सेन को दी गई है। सुधीर शर्मा, प्रेम चंद पुजारी, चमन लाल, देवी सिंह, भुवनेश्वर पुजारी और लाल चंद इस समिति के सदस्य होंगे।

### पौध संरक्षण उपसमिति

**इस** उपसमिति की कमान कर्मवीर को सौंपी गई है और भाग चंद, तुले राम, सुंदर सिंह, प्रताप पठानिया, केहर सिंह तथा पृथ्वी कटोच इसके सदस्य होंगे।

### लेखा उपसमिति

**नीतीश** उपाध्याय को लेखा उपसमिति का चेयरमैन बनाया गया है। संगत राम, प्रेम सिंह, कैलाश, रोशन लाल शर्मा और मनोहर लाल इस समिति के सदस्य नियुक्त हुए हैं।

### परिवहन व्यवस्था उपसमिति

**इस** समिति के चेयरमैन ओम प्रकाश होंगे, जबकि राजगीर, भगत राम, शमशेर सिंह, दिनेश नेगी और धरवन लाल को सदस्य बनाया गया है।

### दुर्घटना राहत उपसमिति


भुवनेश शर्मा को इस समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनके साथ बालकृष्ण महंत, तेज राम, जोगिंद्र और योग राज सदस्य के रूप में कार्य करेंगे।

# मुख्यमंत्री का बागा सराहन दौरा निराशाजनक : नरोत्तम

**अनंत ज्ञान निरमंड**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आनी विधानसभा के निरमंड खंड के बागा सराहन का दौरा निराशाजनक रहा।

क्षेत्र के लोगों को मुख्यमंत्री से बड़ी उम्मीद थी, लेकिन यह दौरा पिकनिक भ्रमण तक ही सीमित रहा। भाजपा मंडल निरमंड के मंडल अध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर ने बताया कि लोगों को मुख्यमंत्री से पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र में कई उम्मीदें थी। पर्यटन स्थल के लिए लोगों की आशाएं व अपेक्षाएं थीं, लेकिन लोगों की उमीदों पर पानी फिर गया, क्योंकि लोगों को बड़ी उम्मीदों का भरोसा था क्योंकि प्रदेश का मुखिया पहली बार इस क्षेत्र में आए और बिना कुछ बड़ी घोषणाएं किए बिना ही वापस लौटे, जो कोई घोषणाएं हुई, वह पिछली भाजपा की जयराम सरकार के समय के कार्य थे और लोक निर्माण विभाग से भी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों की ही शिलान्यास की पटिकाएं लगवाई। जल शक्ति विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के कार्य भी पूर्व की भाजपा सरकार की ही देन है। रही बात महिलाओं के 1500 रुपए देने की आज ढाई वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और 1500 देने की याद आज आ रही है अच्छा होता यदि घोषणा पत्र के अनुसार यह 1500 रुपए शुरू से ही मिलते, तो महिलाएं भी आज गुणगान करती, लेकिन इसके विपरीत आनी विधानसभा की मात्र 7 पंचायतों को ही इसका लाभ मिलेगा। इस पर भी संशय है कि कब तक यह राशि मिलेगी और आगे कब तक चलेगी। सरकार गांव के द्वार जन शिकायतों का भी निपटारा नहीं हुआ, लोगों का मन इस सरकार से ऊब चुका है। बागा सराहन दौरे में मंच से कोई भी जनहितैषी घोषणाएं नहीं हुई और श्रीखंड यात्रा का नाम तो मंच से जिक्र तक नहीं हुआ, अच्छा होता यदि क्षेत्र की सड़कों पर ध्यान देते और स्कूलों में अध्यापकों की कमी, अस्पतालों में डॉक्टर के रिक्त पद प विभिन्न विभागों में चल रहे खाली पद भरते, तो शायद ही जनता गुणगान करती। बरसात शुरू होने वाली है और सेब का सीजन बिलकुल सिर पर है। श्रीखंड यात्रा भी 10 जुलाई से शुरू होने वाली है और सड़कों के हालात काफी खराब है इस पर न ही विभाग और न ही सरकार ध्यान दे रही है।



### छात्रों को मिला करियर व मानसिक स्वास्थ्य पर मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी, जिला कुल्लू में शुक्रवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में विद्यालय प्रभारी रणधीर ठाकुर और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष चमन शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को समग्र शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, तकनीकी ज्ञान, करियर मार्गदर्शन और जीवन कौशल जैसे विविध विषयों पर जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षकों द्वारा विषयवार प्रस्तुतियां दी गईं। नागेश्वर सिंह (टीजीटी गणित) ने मानसिक स्वास्थ्य और स्कूली परामर्श सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। नीरज कुमार (टीजीटी कला) ने ई-लर्निंग और स्मार्ट क्लास रूम की बदलती भूमिका पर चर्चा की। हीरा लाल (ओटी) व यशवंत सिंह (टीजीटी कला) ने समग्र एवं सतत मूल्यांकन प्रणाली और नई शिक्षा नीति के महत्व को रेखांकित किया। रणधीर ठाकुर (प्रवक्ता, अर्थशास्त्र) ने समावेशी शिक्षा व मोबाइल तकनीक के सकारात्मक उपयोग की जानकारी दी।

# 30 जून तक लाहौल में आयोजित किए जा रहे जागरूकता शिविर: आकांक्षा



एसडीएम केलांग आकांक्षा शर्मा बैठक की अध्यक्षता करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

एसडीएम केलांग एवं परियोजना अधिकारी आईटीडीपी केलांग अकांक्षा शर्मा ने डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल लाहौल में आयोजित बैठक में प्रतिभागियों को धरती आबा अभियान के बारे में अवगत कराया। उच्च प्राधिकारी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार उन्होंने 30 जून तक जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

बैठक में उन्होंने बताया गया कि मिशन मोड में इस अभियान के कार्यान्वयन के माध्यम से लोगों के अधिकारों से अवगत करने तथा निम्न उद्देश्य पूर्ण करने पर बल दिया जाएगा, जिनमें आधार कार्ड/जाति प्रमाण पत्र/अधिवास प्रमाण पत्र से पहचान और मूल दस्तावेज सुनिश्चित करना। राशन कार्ड (एनएफएसए)/ पोषण अभियान (आईसीडीएस)। स्वास्थ्य और बीमा-आयुष्मान कार्ड/पोषण अभियान/अभियान/आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई / पीएम मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)/टीबी मुक्त भारत और निक्षय पोषण योजना/मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीएम जन धन योजना/स्टैंड अप इंडिया योजना/मुद्रा योजना/वन धन योजना/पीएम विश्वकर्मा योजना से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना तथा केसीसी/पीएम-किसान/मनरेगा और अन्य प्रासंगिक योजना के माध्यम से कृषि व आजीविका को बढ़ावा देना है। चर्चा के दौरान, केलांग में आईटीडीपी लाहौल के संबंध में शिविरों के आयोजन की अनुसूची को अंतिम रूप दिया गया। लाहौल के प्रत्येक चयनित गांवों में सभी विभागों के माध्यम से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 23 जून तिंदी, 25 जून उदयपुर, 27 जून त्रिलोकनाथ तथा 30 जून को केलांग में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने मॉल रोड पर अशोक गुप्ता व गुप्ता परिवार के लगाए दूध के भंडारे में दूध का प्रसाद वितरित किया व गुप्ता परिवार को माता शूलिनी देवी मेले की बधाई दी ।

## दाड़लाघाट के मलावन गांव में तेंदुए का आतंक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के गांव मलावन में तेंदुए द्वारा पालतू कुत्ते को अपना शिकार बनाया, जिससे इलाके में डर का माहौल है। स्थानीय निवासी रामलाल ने बताया कि घर के साथ खेत से उनकी दूसरी मंजिल के लिए रास्ता है, जहां से विगत दिनों आधी रात के समय तेंदुए ने उनके पालतू कुत्ते को एक मिनट के अंदर ही अपना शिकार बना दिया। इस घटना की वीडियो उनके घर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस घटना के बाद उनके गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय गांव के लोगों में मुकेश, भगतराम, दीपराम, ओमदत्त, दीपा, कृष्णा व दयावती सहित अन्य का कहना है कि दिन के समय में भी तेंदुआ अक्सर दिखाई देते हैं। पहले भी कई बार तेंदुए द्वारा पालतू कुत्तो को शिकार बनाया गया है, लेकिन पहली बार इस तरह की घटना कैमरे में कैद हुई है। गांव में जिस घर से तेंदुए ने कुत्ते को उठाया है, वह घर अन्य घरों के साथ लगता है। इसमें सभी लोगों में डर का माहौल है व खेतों व घासनियों में जाने से बच रहे है। उन्होंने वन विभाग से आग्रह किया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए, ताकि लोगों व जानवरों को होने वाली हानि से बचाया जा सके। उधर, इस बारे वन क्षेत्र अधिकारी दाड़लाघाट सुदर्शन सिंह ने कहा विभाग को तेंदुए को लेकर ग्रामीणों की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है, अगर लोगों की मांग होगी तो विभाग द्वारा पिंजरा लगा दिया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी तरह का नुकसान होने से बचा जा सके।

## ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोजेक्ट की शुरुआत

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** रोटरी पांवटा ने अपने शहर की यातायात प्रणाली को सुचारु और सशक्त करने बारे पहल करते हुए एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट किया। रोटरी पांटवा प्रधान महेश खुराना ने अपनी टीम के साथ मिलकर ट्रैफिक अवेयरनेस एंड एक्सीडेंट प्रिवेंशन नामक प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस आयोजन के मुख्यातिथि कारोबारी सुरेश गर्ग रहे, जबकि एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत चीमा गेस्ट ऑफ ऑनर उपस्थित हुए। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोटरी पांवटा ने हाई क्वालिटी कानवैक्स मिरर, गलियों के नाम के बोर्ड, स्प्रिंग पोस्ट, स्टॉप लुक एंड गो के बोर्ड, लेफ्ट टर्न, आदि बोर्ड लगाने की शुरुआत की। यह प्रोजेक्ट रोटरी पांवटा का एक बहुत बड़ा व महत्वपूर्ण प्रयास है, जहां एक ओर गलियों के बोर्ड राहगीरों का समय बचाएंगे। वहीं, दूसरी और बाकी सामान पांवटा की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाते हुए कई लोगों की जान बचाएगा। एसडीएम चीमा ने रोटरी पावंटा की जमकर तारीफ करते हुए इस प्रोजेक्ट की उपयोगिता के बारे सबको अवगत कराया।

## साधुपुल में जाम हुआ आम, लोग हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल-कंडाघाट सड़क पर शुक्रवार करीब तीन बजे साधुपुल में जाम लगने से लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। पर्यटन नगरी चायल की यह प्रमुख सड़क बहुत संकरी है। पर्यटन सीजन में जगह-जगह जाम लगना आम बात है। इससे स्थानीय लोग और पर्यटक भारी परेशानी झेलने को मजबूर होते हैं। पटियालाशाही रियासत के समय बनी इस संकरी सड़क को डबल लाइन करने की तरफ आज तक की सरकारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसका नतीजा आज जाम लगने से लोगों को भुगतना पड़ता है। शुक्रवार को साधुपुल में जाम की स्थिति विकराल बनी रही और घंटों लोग जाम में फंसे रहे। साधुपुल एक पर्यटन आकर्षण केंद्र है और जिला सोलन और शिमला की 11 पंचायतों का व्यवसायिक केंद्र है। पर्यटन सीजन में अधिक वाहन आने के कारण यहां जाम लगना आम बात है । इस जाम को बहाल करने के लिए एक एक पुलिस कर्मचारी तैनात किया जाता है। कई किलोमीटर लंबे जाम को बहाल करने के लिए दो- तीन पुलिसकर्मियों की आवश्यकता रहती है। साधुपुल इस सड़क का वह स्थान है, जहां सबसे अधिक जाम लगता है, वहां इसे बहाल करने की कोई सुचारु व्यवस्था नहीं है। लोगों ने मांग की है कि ट्रैफिक बहाली के लिए और सड़कों में यहां-वहां खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस के दो-तीन कर्मचारियों को उस समय तैनात किया जाए।

## नगर पंचायत को हटाने की मांग रखी

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** मुख्यमंत्री सुक्खू का शूलिनी मेले सोलन को जाते समय कंडाघाट बाजार में स्वागत किया गया। इस दौरान उनके समक्ष क्षेत्र की कई मांगे रखी गईं। दोपहर डेढ़ बजे मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री डॉ कर्नल धनीराम शांडिल सहित प्रदेश सरकार के कई पदाधिकारियों के काफिले को स्वागत के लिए रोका गया। उनका स्थानीय अस्पताल भवन का निर्माण पूरा करने के लिए राशि जारी करने पर आभार जताया। लोगों ने मांग की कि स्थानीय पंचायत को साढ़े चार साल पहले नगर पंचायत बनाया गया, जिसे रद्द करके ग्राम पंचायत बनाया जाए। इसके अतिरिक्त लोगों ने कई व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यों से संबंधित मांग पत्र मुख्यमंत्री को दिए। श्री गुरुद्वारा सिंघ सभा कंड़ाघाट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री को कृपाण भेंट की।

# भाजपा के समय पेपर लीक गिरोह था सक्रिय अब दी जा रही पारदर्शिता से नौकरी : सीएम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि पूर्व सरकार ने पेपर लीक कर अपनों को नौकरी बांटी और हमारी सरकार ने पेपर लीक करने वालों को जेल में डाल कर बेरोजगार युवाओं को पारदर्शिता नौकरी दी। उन्होंने यह बात सोलन में शूलिनी मेले के दौरान मीडिया के सवालों के जवाब में कही। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें फेक्ट पर बात करनी चाहिए। पुलिस भर्ती में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती गई है। हमनें तो उन्हें भी अरेस्ट किया, जो भाजपा के समय में पेपर लीक गिरोह में शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के समय में चयन बोर्ड में नौकरियां बेची गईं। मेहनती युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर रही है 6000 एनटीटी की भर्ती की जा रही है। बिजली मित्र, पशु मित्र, वन मित्र लगाए जा रहे हैं।

## 5.32 करोड़ से नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोलन जिले के जटोली में 5.32 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित मॉडल करियर सेंटर का उद्घाटन किया। यह केंद्र युवाओं को रोजगार से जुड़ी आधुनिक, समसामयिक और महत्वपूर्ण जानकारी तथा मार्गदर्शन प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा।

इस केंद्र में करियर परामर्श, स्किल मैपिंग, साक्षात्कार की तैयारियां तथा सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार की जानकारी समय पर उपलब्ध होगी। यह प्रदेश सरकार का युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2.27 करोड़ रुपए की लागत से आबकारी एवं कराधान विभाग के नवनिर्मित कार्यालय का भी लोकार्पण किया। विभाग की दो शाखाओं के पुनर्गठन के बाद इस भवन में कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक कार्यालय और आमजन के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी।



'सोलन वाटिका पार्क' का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सुक्खू व साथ हैं अन्य नेता।

सुक्खू ने नगर निगम सोलन द्वारा 44.99 लाख रुपए की लागत से निर्मित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का भी उद्घाटन किया। यह सेंटर वैज्ञानिक तरीके से आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस केंद्र में आधुनिक ऑप्रेशन थियेटर और पशु चिकित्सा से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री ने 53 लाख रुपए की लागत से निर्मित 'सोलन वाटिका पार्क' का लोकार्पण किया। यह पार्क शहरी क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और स्थानीय लोगों व पर्यटकों के मनोरंजन के लिए एक बेहतरीन स्थान सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने अर्जुन का पौधा भी रोपित किया। मुख्यमंत्री ने सोलन क्षेत्र के लोगों को उन विकासात्मक परियोजनाओं के लिए बधाई देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से उनका जीवन और अधिक सुविधानजक होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने क्षेत्र के लिए विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के कार्यकाल के दौरान सोलन क्षेत्र के विकास को तीव्र गति प्राप्त हुई है।

## नगर पंचायत कंडाघाट रहे या बने ग्राम पंचायत पर गरमाई राजनीति

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय में बनाई नगर पंचायत यथावत रहने और इसे नगर पंचायत के स्थान पर ग्राम पंचायत बनाने के मामले लोग दो तरफ बंट गए हैं। मामला प्रदेश सरकार के मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंच गया है।

इस मामले स्थानीय राजनीति गरमाई हुई है। करीब साढ़े चार साल पहले सीरिनगर ग्राम पंचायत का शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ लगता क्षेत्र जहां कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय है, उसको नगर पंचायत बनाया गया। इसके बाद सीरिनगर ग्राम पंचायत का कार्यालय नगर पंचायत का कार्यालय बना। गठन के बाद इस मामले कंडाघाट दो पक्ष में बंट गया। एक पक्ष इसे नगर पंचायत रखना चाहता है और दूसरा पक्ष ग्राम पंचायत बनाना चाहता है। पिछले दिनों कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर के नेतृत्व मे ग्राम पंचायत बनाने के पक्ष में करीब दो सौ लोगों का प्रतिनिधि मंडल कैबिनेट मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से मिला। इसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों विचारधारा के लोग शामिल रहे। उन्होंने इसे ग्राम पंचायत बनाने की मांग रखी। विगत दिन कंडाघाट को नगर पंचायत यथावत रखने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता संजीव के नेतृत्व में 200 लोगों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री से मिला। उन्होंने कंडाघाट कस्बाई क्षेत्र होने और उनकी जरूरत अनुसार इसे नगर पंचायत यथावत रखने की मांग की।

इस प्रतिनिधिमंडल में भी भाजपा और कांग्रेस दोनों विचारधारा के लोग शामिल रहे। इस मामले दोनों पक्ष अपनी अपनी दलीलें दे रहे हैं। अभी सरकार की तरफ से नगर पंचायत को हटाने का कोई निर्णय नहीं आया, लेकिन दोनों पक्ष अपने-अपने मोर्चे पर डटे हैं। इस बीच स्थानीय स्तर पर राजनीतिक माहौल गर्म है। सभी की नजरें सरकार के फैसले की तरफ लगी हैं। हाल ही में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर परिसीमन हो रहा है। यह प्रक्रिया 30 जून तक बताई जा रही है। इस बीच सरकार का कंडाघाट को नगर पंचायत के स्थान ग्राम पंचायत बनाने का निर्णय नहीं आता, तो कंडाघाट यथावत नगर पंचायत रह सकती है।

## संगड़ाह की वंशिका व अंकिता ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल संगड़ाह की शामरा पंचायत के गांव नाईचना की रहने वाली वंशिका ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना डॉक्टर बनने के सपनों को साकार किया। वंशिका ने नीट परीक्षा में 511 नंबर लेकर 98.5 फीसदी के साथ अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रौशन किया।

प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए गांव नाईचना (टिक्कर) से बोगधार स्कूल की किलोमीटर की खड़ी चढ़ने वाली इस छात्रा ने +2 में विज्ञान संकाय में प्रदेश भर में 9वां स्थान प्राप्त किया था। वंशिका के पिता रमेश कुमार ठाकुर भारतीय सेना में लॉस नायक पद से सेवानिवत्त हैं और माता गृहिणी हैं। उपमंडल संगड़ाह के गांव देवामानल गांव की किसान की बेटी अंकिता ने



नीट परीक्षा निकालने का अपने जीवन का लक्ष्य पूरा किया है। किसान परिवार में पल्ली बढ़ी खेत खलिहान में काम करने वाली यह बेटी क्षेत्र के अन्य किसान परिवारों के बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई है। अंकिता के पिता पूर्व पंचायत उपप्रधान वीरधन के अनुसार उन्होंने काफी संघर्ष झेले, मगर तीन बेटियों व एक बेटे की पढ़ाई पर कभी आंच नहीं आने दी। क्षेत्र की इन दोनों बेटियों की कामयाबी से उनके परिजनों व परिचितों में खुशी की लहर है और सोशल मीडिया पर लगातार लोग इन्हें बधाई दे रहे हैं।

## सूरत नेगी ने प्रशासन से मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** भाजपा के नेता सूरत नेगी ने कल्पा में हाल ही में आयोजित साहित्य महोत्सव के दौरान एक वक्ता द्वारा कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की है। नेगी ने इस घटना को निंदनीय और शर्मनाक बताते हुए जिला प्रशासन से इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने की मांग की है। नेगी ने जोर देकर कहा कि यदि प्रशासन स्पष्टीकरण देने में असमर्थ रहता है, तो संबंधित वक्ता को बिना देरी किए जिले के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। हम इस जातिसूचक शब्दों के प्रयोग की कड़ी निंदा करते हैं। यह निंदनीय और शर्मनाक है। नेगी ने कहा, किन्नौर जिले में लोग एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहते हैं, यहां जातिसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता है और न ही किन्नौर जातिवाद पर विश्वास करता है।

## सिरमौर जिले में 21 हजार 81 राजस्व मामलों का हुआ निपटारा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व संबंधी शिकायतों तथा लंबित मामलों को व्यवस्थित संगठन के माध्यम से निवारण के लिए राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने लोगों को और अधिक कुशल शासन का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन आरंभ किया है।

प्रदेश सरकार की नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण प्रणाली को प्रदर्शित करती राजस्व लोक अदालतों के परिणाम स्वरूप अक्तूबर, 2023 से मई, 2025 तक जिला सिरमौर की विभिन्न तहसील और उपतहसील में 21 हजार 081 राजस्व मामलों का निपटारा किया गया। जिला सिरमौर के विभिन्न तहसील व उप तहसीलों में आयोजित राजस्व लोक अदालतों में 23 हजार 767 राजस्व मामले प्राप्त हुए। इनमें से 21 हजार 081 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। जिले में राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से 15 हजार 823 इंतकाल मामले प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 15 हजार 486 इंतकाल मामलों का निपटारा किया गया है। इसी प्रकार, राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से 1 हजार 491 तकसीम के मामले प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 803 तकसीम मामलों का निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त, निशानदेही के 5 हजार 540 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 4 हजार 10 मामलों का निपटारा किया गया तथा 913 दुरुस्ती के मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 782 मामलों का निपटारा किया गया। जिला सिरमौर में राजस्व लोक अदालतों के सफल आयोजन के फलस्वरूप लोगों को उनके घरद्वार पर राजस्व सेवाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है और लंबित राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा हो रहा है।

## शिक्षा संवाद से संबंधित बिंदुओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 का प्रथम शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा संवाद की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने की। वरिष्ठ प्रवक्ता मोहिंद्र पाल कौंडल ने उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा शिक्षा संवाद से संबंधित मुख्य बिंदु रखे। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने विद्यालय में हो रही विभिन्न गतिविधियों की और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों व उपस्थित सभी अभिभावकों से साझा की और शिक्षा संवाद से संबंधित सभी मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की।

## पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा में अनियमितता बरती गई, तुरंत किया जाए निरस्त : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने पहली बार अपने दो साल के कार्यकाल बीत जाने के बाद पुलिस भर्ती करवाई थी। इसकी लिखित परीक्षा इसी महीने की 15 जून को हुई है।



इसमें कथित तौर पर अनियमिता बरती गई, जिसकी खबरें रोज सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं। इस पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा में बैठे बच्चों ने बताया कि लिखित परीक्षा केंद्रों में बच्चे ग्रुप में बैठकर पेपर लिख रहे थे, लेकिन पूछने वाला कोई नहीं था। इसलिए इस बात को ध्यान में रखते हुए इस पुलिस लिखित परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए। रावत ने बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ऐसी हरकत जानबूझकर करती है, ताकि अपने लोगों को फायदा पहुंचाया जा सके, जिन बच्चों ने साल भर मेहनत की है, वह बच्चे लिखित परीक्षा में रह जाते हैं।

## कल्पा साहित्य महोत्सव में जातिसूचक शब्दों के प्रयोग पर रोष

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** रिकांगपिओ में लोगों ने एक विशाल रोष रैली निकाली।

यह रैली कल्पा में 7 और 8 जून को आयोजित साहित्य महोत्सव के दौरान लेखिका प्रोफेसर मीनाक्षी पाल द्वारा कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के विरोध में आयोजित की थी। इस रोष रैली में जिले के तीनों खंडों निचार, कल्पा और पूह से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। इससे पहले भी, इस मुद्दे को लेकर जिले के लोगों ने जिला प्रशासन से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें मीनाक्षी पाल से लिखित और वीडियो के माध्यम से प्रशासन के समक्ष माफी मांगने की मांग की गई थी। रामलीला मैदान रिकांगपिओ में मंच से जिला परिषद सदस्य आराधना नेगी, रूप नेगी सोई और अन्य वक्ताओं ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि कल्पा में प्रशासन द्वारा आयोजित साहित्य महोत्सव में लेखिका मीनाक्षी पाल ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। वक्ताओं ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि मौके पर मौजूद बुद्धिजीवी लोगों ने उस वक्त किसी प्रकार की आपत्ति या विरोध दर्ज नहीं किया। रैली में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि इस मामले में न तो पुलिस प्रशासन ने एफआईआर दर्ज की है और न ही मीनाक्षी पाल से माफीनामे को लेकर कोई बातचीत की गई है। इसी के चलते जिले के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मीनाक्षी पाल और जिला प्रशासन के खिलाफ रिकांगपिओ में रोष रैली निकाली। इस संबंध में जिले के लोगों ने डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा को एक ज्ञापन भी सौंपा।




**परेशानी** आपात स्थिति में आगजनी की घटनाओं से निपटना बड़ी चुनौती

# डेढ़ लाख आबादी अग्निशमन चौकी अर्की के सहारे

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** उपमंडल की करीब डेढ़ लाख की आबादी आज मात्र एक अग्निशमन चौकी अर्की के भरोसे है। यदि कभी भी कहीं भी आगजनी होती है, तो अग्निशमन दल अर्की अग्निशमन चौकी से भेजा जाता है यदि अग्निशमन चौकी का कार्यक्षेत्र देखा जाए।

नालागढ़ वाले डुमेहर गंभर पुल की बनलगी चौकी से अर्की फायर चौकी की दूरी लगभग 35 किलोमीटर, गलोग से अर्की चौकी 15 किलोमीटर, ममलीग से अर्की चौकी 28 किलोमीटर, लोहार घाट से अर्की चौकी 50 किलोमीटर, भराड़ी घाट नलाग से अर्की चौकी 30 किलोमीटर तथा कंधर बैरल से अर्की चौकी लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है, जो कि अर्की फायर चौकी की अंतर्गत आती है। यदि इन क्षेत्रों में कहीं भी आगजनी होती है, तो अर्की अग्निशमन चौकी से अग्निशमन कर्मचारी आगजनी पर काबू पाने के लिए जाते हैं। साथ ही इन क्षेत्रों में लगने वाली जंगल की आग को बुझाने की जिम्मेदारी भी इस फायर चौकी में कार्यरत 15 कर्मचारियों पर है, जिनमें से 7 रेगुलर कर्मचारी, 1 लीडिंग फायरमेन, 4 फायर में, 2 ड्राइवर/पंप आपरेटर हैं तथा 8 हिमाचल होमगार्ड के कर्मियों में से 2 ड्राइवर, 6 अग्निशमन ट्रेंड होमगार्ड हैं। साथ ही इस फायर चौकी में एक वाटर टेंडर है। इसकी कैपेसिटी 4500 लीटर है, जो किसी



भी आग पर लगातार पानी फेकने के समय मात्र 15 मिनट में खाली हो जाता है। साथ ही एक क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल है।

इसकी क्षमता मात्र 300 लीटर है। ऊपर से दुख की बात यह है कि अर्की फायर चौकी के पास वाहनों में आग बुझाने के लिए पानी भरने का कोई विकल्प नही है। आग लगने पर चौकी प्रभारी व कर्मियों को निजी बोर के मालिकों या अंबुजा कंपनी से पानी मांगना पड़ता है क्योकि अर्की में कोई भी स्थान ऐसा नहीं है, जहां फायर टेंडर को पानी मिल सके। यदि अर्की बाजार में आग लग जाए, तो फायर टेंडर को दोबारा पानी भरने अंबुजा कंपनी जाना पड़ेगा, जो कि अर्की मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर दूरी पर है और आवागमन व पानी भरने में लगभग 4 घंटे का समय लगेगा। इतने में अर्की बाजार राख के ढेर में बदल चुका होगा, जब मुख्यालय पर ही ये हाल होगा, तो अन्य क्षेत्रो में क्या हाल होगा। इसके बारे में आज तक किसी भी सरकार व सरकारी नुमाइंदे ने सोचा है, जबकि होना यह चाहिए कि अर्की में अस्पताल, स्कूल, आईटीआई आदि के पास पानी भरने के हाईडेंट होने चाहिए। साथ ही नगर पंचायत के हर वार्ड में एक हाईडेंट और अर्की क्षेत्र की हर पंचायत में दो हाईडेंट होने चाहिए क्योंकि स्थानीय निवासी भी पानी के टैंक से पानी नहीं भरने देते हैं।

आपात स्थिति में फायर टेंडर को आग बुझाने के लिए नजदीक ही पानी मिल जाए, लेकिन राजनेता आते हैं कोरी घोषणाएं कर लोगों को लॉलीपॉप पकड़ा कर चले जाते हैं। शायद वह किसी बड़े हादसे के मौके के तलाश में रहते हैं, जहां मगरमच्छ आंसू बहाकर एक-दूसरे पर दोषरोपन कर कुछ सहायता राशि कर वाह-वाह बटोर कर चले जाते हैं यदि सूत्रों की माने, तो कहीं भी आग लगी हो, तो कोई भी अधिकारी कभी किसी फायर टेंडर भरने के लिए फोन नही करते हैं, लेकिन किसी वीआईपी के हेलिकॉप्टर उतारने के लिए बनाए गए हेलिपैड पर फायर टेंडर को पानी भी उपलब्ध हो जाता है और पानी का छिड़काव भी फायर कर्मी करते हैं, जबकि यह सरासर गलत व फायर सर्विस नियम के विरुद्ध है। इस बारे में जब भी फायर कर्मियों से पूछा जाता है, तो जवाब होता है कि उच्चाधिकारियों का मौखिक आदेश होता है। हालांकि, वर्ष 2019 में भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में दमकल इकाइयों को खोलने के लिए नियम तय किए थे कि सब डिवीजन स्तर पर सब फायर स्टेशन खोले जाएंगे, लेकिन वह निर्णय आजतक ठंडे बस्ते में ही पड़ा हुआ है, जबकि अर्की उपमंडल में फायर चौकी को केवल अपग्रेड कर सब फायर स्टेशन बनाए जाने की जरूरत है। संतोष शर्मा (कमांडेंट गृह रक्षा 11 बटालियन सोलन)- माह 8 वर्ष 2023 में 19,43218 की राशि का एस्टीमेट जलशक्ति विभाग द्वारा डीसी सोलन को हाईडेंट लगाने के बारे में लिखा था, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। विवेक कटोच(एक्सइएन जलशक्ति विभाग अर्की) कमांडेंट सोलन के पत्र मिले थे, हमने जवाब दिया था कि विभाग के पास पानी व फंड नहीं है। वर्ष 2018 में तत्कालीन एसडीएम अर्की द्वारा भी उपायुक्त सोलन से फंड मांगा था, लेकिन अभी तक फंड नहीं मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में रिश्वत लेते एएसआई दबोचा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) हिसार की टीम ने सिविल लाइन थाने के एएसआई को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एएसआई पर केस से गंभीर धाराएं हटवाने के बदले 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2023 में शिकायतकर्ता पर सिविल लाइन थाने में एक केस दर्ज किया गया था, जिसमें उस पर 1.30 लाख रुपए हड़पने का आरोप था। बाद में पीड़ित पक्ष से उसका आपसी समझौता हो गया और लगभग एक लाख रुपए लौटा दिए गए। जब शिकायतकर्ता केस में आगे की कार्रवाई के लिए सिविल लाइन थाने के एएसआई से मिला, तो अधिकारी ने मामला रफा-दफा करने या धाराएं कम करने के बदले एक लाख रुपए की मांग की। बाद में बातचीत 60 हजार पर पहुंची और अंततः 15 हजार रुपए में डील तय हो गई। शिकायतकर्ता ने इस पूरे मामले की सूचना एसीबी हिसार को दी। एसीबी की टीम ने योजना बनाकर एएसआई को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पुलिस अधिकारी से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### रेवाड़ी के खोरी गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने रेवाड़ी जिले के खोरी गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को मंजूरी देकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से औपचारिक मंजूरी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने शुक्रवार को बताया कि सरकार राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और हर नागरिक की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उनकी त्वरित मंजूरी और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, जिससे इस अति आवश्यक परियोजना के समय पर क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह उप स्वास्थ्य केंद्र टीकाकरण, बुनियादी चिकित्सा उपचार और निवारक देखभाल के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा। यह पहल स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राज्य के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम 'स्वस्थ हरियाणा' के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, और ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### फतेहाबाद: नहर में पड़ी दरार, 150 एकड़ फसल हुई जलमग्न

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** जिले के गांव मल्लड़ व ढाणी ठोबा के बीच शुक्रवार अलसुबह मुंशीवाली नहर में तीन जगह दरार आ गई। नहर टूटने की सूचना मिलते ही किसानों में हड़कंप मच गया और काफी संख्या में किसान मौके पर पहुंच गए। इस बारे सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से नहर में आई दरारों को भरने का काम शुरू करवाया। नहर टूटने से करीब 150 एकड़ खेत जलमग्न हो गए। समाचार लिखे जाने तक जेसीबी की सहायता से दरारें भरने का काम चल रहा था। अधिकारियों का कहना है कि शाम तक इन सभी दरारों को भर दिया जाएगा। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि यह पिछले करीब तीन महीनों से बंद थी। साइफन बनाने के कारण पानी सप्लाई बंद की हुई थी। तीन महीने के बाद दो दिन पहले बुधवार को ही इस नहर में पानी छोड़ा गया था। पानी छोड़ने के अगले दिन ही रात में नहर टूट गई। सिंचाई विभाग के एक्सईएन एसके भोला का कहना है कि मुंशीवाली नहर टूटने की खबर मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी। नहर में आई दरार को जेसीबी की मदद से पाटने का काम चल रहा है।

### महेंद्रगढ़ में परीक्षाओं के मद्देनजर लगाई धारा 163

**अनंत ज्ञान, नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर (रेवाड़ी) द्वारा राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित बीएड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए धारा 163 लगाई गई है। इसके तहत 9 जुलाई तक परीक्षा के दौरान दोपहर एक से चार बजे तक महाविद्यालय से 200 मीटर की परिधि में सभी फोटोकॉपी मशीन की दुकानों और कोचिंग सेंटरों के संचालन पर पाबंदी रहेगी। जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने अनुच्छेद को दिए आदेशों में स्पष्ट किया है कि राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की 500 मीटर की परिधि में कोई भी हथियार ले जाने पर पाबंदी रहेगी। राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में परीक्षा केंद्रों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पहचान पत्र के बिना किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी।

### रेपिस्ट की फांसी की सजा बदलकर 25 साल की

**एजेंसी, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 4 साल की बच्ची के साथ रेप के दोषी को राहत दी है। हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने उसकी फांसी की सजा को 25 साल की सजा में बदल दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस देवनारायण मिश्रा की डिवीजन बेंच ने कहा, 'दोषी निरक्षर और आदिवासी है। बचपन में उसे अच्छी शिक्षा नहीं मिली, जिसके चलते उसने यह अपराध किया था।' मामला खंडवा जिले में 30 और 31 अक्टूबर 2022 की दरमियानी रात का है। 4 साल की बच्ची अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान परिजन उठे तो वह बिस्तर पर नहीं दिखी। तलाश करने पर बच्ची घर के पास बने आम के बगीचे में मरणासन्न हालत में मिली। खंडवा में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया था। पुलिस ने आरोपी राजकुमार को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। अप्रैल 2023 में ट्रायल कोर्ट ने बच्ची के साथ रेप और हत्या के प्रयास के आरोप को सही पाते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई थी। (अनंत ज्ञान)

### अंग्रेजी शर्म की नहीं, सशक्तिकरण की भाषा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। यह भाषा सशक्तिकरण करती है। यह शर्मिंदा नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें। राहुल का यह पोस्ट अमित शाह की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें शाह ने कहा था कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। दरअसल, दीरवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी समेत भारतीय भाषाओं के भविष्य पर कहा था कि अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। (अनंत ज्ञान)



### शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन फिर टला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन एक बार फिर टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। बता दें कि एक्सियम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

# अब एसएएस नगर में बनेगा जेल विभाग का मुख्यालय

## जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब सरकार एसएएस नगर (मोहाली) में जेल विभाग का मुख्यालय 'जेल भवन' बनाएगी। इस संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पंजाब के जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने शुक्रवार को इस जेल भवन की आधारशिला रखी। नया मुख्यालय समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाएगा।

इस अवसर पर जेल मंत्री भुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब की जेल प्रणाली में बड़े सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार जहां राज्य की सभी जेलों को अत्याधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है, वहीं जेल विभाग का पृथक मुख्यालय भी निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल विभाग आधुनिकता और प्रशासनिक दक्षता की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह 'जेल भवन' न केवल विभाग के लिए केंद्रीकृत नीति निर्धारण में सहायक होगा, बल्कि नवीनतम तकनीकों और कार्यशैली को अपनाने में भी सहायक सिद्ध होगा।

### दो वर्षों में 35 करोड़ की लागत से पूरा होगा भवन निर्माण

मंत्री भुल्लर ने बताया कि मुख्यालय भवन 35 करोड़ रुपए की लागत से दो वर्षों में तैयार होगा। यद्यपि इसकी समयसीमा अप्रैल 2027 निर्धारित की गई है, परंतु ठेकेदार को कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि इस भवन का निर्माण विभाग की आधारभूत संरचना एवं सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, साथ ही वर्तमान किराये (7 लाख प्रति माह, 84 लाख वार्षिक) की बचत भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने बताया कि एसएएस नगर के सेक्टर-68 में इस मुख्यालय की इमारत के निर्माण के लिए एएसवी बिल्डर को ठेका दिया गया है। इस परियोजना के लिए कुल 35 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। भवन का कुल प्लॉट क्षेत्रफल 43,700 वर्ग फुट (1 एकड़) और निर्मित क्षेत्रफल 83,947.71 वर्ग फुट होगा। इसमें 115 कारों की पार्किंग क्षमता होगी।

### गुरुग्राम: जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** सोहना क्षेत्र में शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खाने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव गढ़ी मुरली के 22 वर्षीय सचिन ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन किया। इसके बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। उसने अपने एक दोस्त को सूचित किया। दोस्त ने तुरंत उसे सोहना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोहना सिटी थाना प्रभारी प्रवीण मलिक ने बताया कि पुलिस ने परिजनों के बयान पर कार्रवाई करके शव का पोस्टमॉर्टम कराकर उन्हें सौंप दिया गया है। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर सुधीर के अनुसार युवक के विसरे को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### यमुनानगर: अपराध और अपराधी को नहीं पनपने देंगे : कृष्ण बेदी

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर**

जिला सचिवालय के सभागार में कष्ट निवारण समिति की बैठक कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान मिली 21 शिकायतों में से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष छह शिकायतें को आगामी बैठक के लिए लंबित किया गया, जिनका शीघ्र ही निपटान किया जाएगा। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बेदी ने कहा कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है न कि औपचारिक बैठक करना है। उन्होंने कहा कि आज यहां पर जो भी शिकायतकर्ता पहुंचे उनकी समस्याओं का तत्काल जिला प्रशासन के सहयोग से निवारण किया गया। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है, न कि सिर्फ प्रशासनिक औपचारिकता निभाना है।



उन्होंने मुख्यमंत्री की 'नायब सरकार' की सराहना करते हुए कहा कि सरकार कष्ट निवारण समिति में आने वाली हर शिकायत को गंभीरता से ले रही है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पत्रकारों के शराब ठेकेदारों के सवालों पर मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि अब तक कोई भी ठेकेदार खुलकर यह नहीं कह रहा कि उसे कानून व्यवस्था से खतरा है या उसकी जान को कोई खतरा है। यदि किसी को वित्तीय परेशानी है तो वह सरकार से बात करे, मुख्यमंत्री खुद समाधान निकालने को तैयार हैं। अगर सुरक्षा को लेकर चिंता है, तो सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। यमुनानगर में फायरिंग और फिरौती की घटनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा। हरियाणा सरकार लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है।

### प्रोफेशनल मीट में मोदी सरकार की 11 साल की बताईं उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भाजपा चंडीगढ़ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिले द्वारा विकसित भारत का अमृतकाल: सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक ने की। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विकसित भारत की संकल्पना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास की दिशा में उठाए गए कदमों पर विस्तार से अपने विचार रखे। भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव मनीष शर्मा ने मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों और ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सोनम वर्मा, महामंत्री संदीप महाजन, एलडी शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रोफेशनल्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

यह कार्यक्रम भाजपा द्वारा पूरे देश में चलाए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक और प्रेरित करना तथा 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेना तथा सभी नागरिकों की भी यह संकल्प दिलवाना है।

### जींद में दो बहनों को मारी गोली, पीजीआई रैफर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पिल्लूखेड़ा खंड के गांव कालवा में शुक्रवार शाम को दो सगी बहनों को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल दोनों बहनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। गोली मारने के आरोप बड़ी बहन के देवर पर लगे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास क्षेत्र की नाकाबंदी कर सर्च अभियान भी चलाया। पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी राम अवतार ने बताया कि गांव कालवा निवासी 26 वर्षीय शीनू, उसकी 22 वर्षीय बहन रितु शुक्रवार को पिल्लूखेड़ा से अपने घर जा रही थी। गांव में पहुंचते ही दोनों बहनों पर फायर कर दिए गए। जिससे दोनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल दोनों बहनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल जींद लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर हालात देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घायल परिजनों के अनुसार रितु की बहन आशा गांव पोपड़ा करनाल में विवाहित है। उसके देवर सुनील ने दोनों बहनों को गोलियां मारी है। वारदात को अंजाम देकर सुनील फरार हो गया।

### मैक्स अस्पताल में हुई सफल रोबोटिक असिस्टेड टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

दाएं कूल्हे के जोड़ के एडवांस ऑस्टियो आर्थराइटिस (एओ) से पीड़ित 77 वर्षीय महिला की हाल ही में मैक्स अस्पताल, मोहाली में सफल जटिल रोबोटिक-असिस्टेड टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई।

महिला को दाएं कूल्हे में दर्द के चलते मैक्स में लाया गया था। जांच करने पर, महिला को दाएं कूल्हे के डिजेनेरेटिव आर्थ्राइटिस का पता चला। उसे उच्च रक्तचाप और हाइपोथायरायडिज्म सहित अन्य कोमोरबिडिटी रोग भी थे। 2024 में महिला के हुए बिलैटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट से सर्जरी करना जटिल था।

मैक्स में प्रिंसिपल डायरेक्टर और ऑर्थोपेडिक्स के हैड डॉ. रमेश सेन ने कहा कि महिला की उम्र और उच्च रक्तचाप और हाइपोथायरायडिज्म जैसी पहले से मौजूद बीमारियों के साथ-साथ बिलैटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट के इतिहास को देखते हुए, मामला चिकित्सकीय रूप से जटिल था। रोबोट-असिस्टेड हिप रिप्लेसमेंट से हम ज्यादा सटीकता के साथ सर्जरी करने, सॉफ्ट टिश्यू ट्रामा को कम करने और इम्प्लांट के ऑप्टीमल एलाइनमेंट सुनिश्चित करने के सक्षम हुए। उन्होंने आगे कहा कि सर्जरी 2 घंटे में पूरी हो गई और निगरानी के बाद, मरीज को 48 घंटे के भीतर आईसीयू से बाहर निकाल दिया गया और एक जून को स्थिर हालत में छुट्टी दे दी गई।



## देश-विदेश

# गुजरात-महाराष्ट्र में भारी बारिश, नदियां उछाल पर

## यूपी में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत, कई राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मानसून ने बीते दो दिन में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में एंट्री ले ली है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ-सीतापुर में पूरी रात रुक-रुककर बारिश हुई। अमेठी में इतनी बारिश हुई कि एसपी ऑफिस और गौरीगंज कोतवाली में पानी भर गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने एसपी ऑफिस से पानी निकाला। वहीं, बिजली गिरने से 24 घंटे में 10 लोगों की मौत हो गई। हालांकि मानसून की एंट्री के बाद भी राजस्थान के कुछ इलाकों में गर्मी बनी हुई है। जैसलमेर में 44.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।



वहीं, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर समेत घाटी के कई इलाकों में भी शुक्रवार का दिन सबसे गर्म रहा। यहां पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आज पूर्वी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य महाराष्ट्र, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स में 1046 अंक का भारी उछाल, निफ्टी भी चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 20 मई को सेंसेक्स 1046 अंक चढ़कर 82,408 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 319 अंक की तेजी रही। यह 25,112 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और तीन में गिरावट रही।



एयरटेल, नेस्ले, एमएंडएम के शेयरों में 3.2 प्रतिशत तक की तेजी रही। मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और एक्सिस बैंक में गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 में से 44 शेयर्स चढ़कर बंद हुए। एनएसई के रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.11 प्रतिशत की तेजी रही। हेल्थकेयर, बैंकिंग, आईटी, मेटल, मीडिया, फार्मा इंडेक्स 1.6 प्रतिशत तक ऊपर चढ़ा। (अनंत ज्ञान)

### देश में कोरोना के 5608 एक्टिव केस, 24 घंटे में 4 मौतें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में बीते 24 घंटे में कोरोना से 4 मौतें हुई हैं। दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और पंजाब में एक-एक मरीज ने जान गंवाई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 में अब तक नए वैरिएंट से 120 की मौत हुई है। देशभर में कोरोना के 5608 एक्टिव केस हैं। शुक्रवार को 64 नए केस सामने आए हैं, वहीं, 368 मरीज रिकवर हुए हैं। बीते एक हफ्ते से हर दिन कोरोना के 100 से कम नए केस दर्ज हो रहे हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1184 एक्टिव मामले हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. नवीन कुमार कहा कि सिंगापुर में फैल रहे निंबस (NB.1.8.1) वैरिएंट के केस भारत में भी सामने आ रहे हैं। हमने टेस्टिंग बढ़ा दी है। इस वैरिएंट में फिलहाल ओमिक्रॉन जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सऊदी प्रिंस ने करवाया था भारत-पाक सीजफायर: डार

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के बाद अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने इन हमलों की पुष्टि कर दी है। वहीं, डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि 6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। (अनंत ज्ञान)



# मणिपुर में फिर सुलगी हिंसा की चिंगारी

## चुराचांदपुर में गोलीबारी के बीच एक कुकी महिला की मौत

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों और अज्ञात हमलावरों के बीच हुए एनकाउंटर में एक बुजुर्ग कुकी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला क्रॉस फायर की चपेट में आ गई। घटना उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

यह ऑपरेशन उस वक्त शुरू किया गया, जब बिष्णुपुर जिले में खेतों में काम कर रहे एक मैतई किसान को गोली लगी। बताया गया कि गोली आसपास की पहाड़ियों से चलाई गई थी। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नगालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं।

दरअसल, मैतेई नेता असेम कनन सिंह को 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे। पुलिस से झड़प के अलावा प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की थी। असेम को CBI ने गिरफ्तार किया था। वह हेड कांस्टेबल था। (अनंत ज्ञान)

### 13 फरवरी से लागू है राष्ट्रपति शासन

**मणिपुर** में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं हुई है। सिर्फ निलंबित है। हालांकि, 30 अप्रैल को 21 विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर राज्य में तत्काल लोकप्रिय सरकार बनाने की मांग की थी। पत्र पर भाजपा के 14 विधायकों ने साइन किए हैं। इसके बाद इंफाल राजभवन में 28 मई को NDA के 10 विधायकों ने राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की थी। इनमें से एक विधायक ने भास्कर को बताया था, 'नई सरकार के ढांचे पर चर्चा हुई है।'

## सियासत

### बाबा साहेब अंबेडकर को आरजेडी अपने पैरों में रखती है, मोदी अपने दिल में

# बिहार को पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पीछे रखा

**एजेंसी, सीवान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के सीवान के जसौली में आरजेडी और कांग्रेस को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि 'पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। नौजवानों ने बिहार को बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार का क्या हालत बना दी थी।' अब आप लोगों ने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है।

पीएम ने यहां करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। पीएम ने कहा कि आरजेडी वालों ने बाबा साहेब की तस्वीर के साथ क्या किया था। बिहार में पोस्टर लगे हैं। माफी मांगों, लेकिन ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे। इनके अंदर दलित और अति पिछड़ों के लिए कोई सम्मान नहीं है। आरजेडी बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है, मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है।' (अनंत ज्ञान)



### अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार

**पीएम** मोदी ने कहा कि आज पहला इंजन अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार होने वाली है। मढ़ौरा में इसकी फैक्ट्री है। ये फैक्टरी उसी जिले में बनी है जिसे आरजेडी और कांग्रेस वालों ने पिछड़ा कहकर अपने हाल पर छोड़ दिया था। जंगलराज वालों ने बिहार का विकास इंजन ठप कर दिया। अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा। मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है।

### आरजेडी और कांग्रेस के कारनामे निवेश विरोधी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के कारनामे बिहार विरोधी हैं। निवेश विरोधी हैं। अपने मुंह से ये लोग विकास की बात करते हैं तो इनसे कोई दुकान, मकान सब जगह ताले लटकते दिखाई देते हैं। ये लोग बिहार में माफिया राज, गुंडा, राज और भ्रष्टाचार के प्रणेता रहे हैं।पंजे और लालटेन ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। इन लोगों ने सिर्फ नारा दिया गरीबी हटाओ, वहीं हमने गरीबी हटाकर दिखाई है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

**एजेंसी, प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)।** भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया, जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया। मैक्स कैनेडी ने 10 अंडर 60 का स्कोर बनाकर कोर्स रिकार्ड बनाया और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के जेम्स मॉरिसन से चार शॉट आगे हैं। (अनंत ज्ञान)



### अब खेलों में प्रतिभाओं की तलाश के लिए जल्द लांच होगा मोबाइल ऐप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की तलाश को जन भागीदारी से जोड़ते हुए जल्दी ही एक खास मोबाइल ऐप लांच करेगा, जिस पर नागरिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के वीडियो डाल सकेंगे और खेलो इंडिया की क्षेत्रीय समितियां उनका आकलन करेंगी। पिछले कुछ अर्से में सोशल मीडिया पर असाधारण प्रतिभा के धनी कई अनजान युवा खिलाड़ियों के वीडियो वायरल हुए हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर यह फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां शुक्रवार को मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा,''अब तक प्रतिभाओं की तलाश का जरिया स्कूल, आयुवर्ग स्पर्धाएं, खेलो इंडिया, खेल महासंघ, अस्मिता लीग या कीर्ति योजना रहे हैं, लेकिन अब एक विशेष मोबाइल ऐप लांच किया जाएगा जिस पर कोई भी नागरिक ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों के प्रदर्शन की वीडियो अपलोड कर सकेंगे।'' उन्होंने कहा,'' इसके बाद खेलो इंडिया के तहत क्षेत्रीय प्रतिभा चयन समितियां इनका आकलन करेंगी।'' (अनंत ज्ञान)



### 5 फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज 9 पदकों के साथ किया समापन

**एजेंसी, सिंगापुर।** भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कंपाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे, जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। (अनंत ज्ञान)



### मैक्सवेल-विनी की खूबसूरत जोड़ी

**ऑस्ट्रेलिया।** क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल की इंडियन वाइफ विनी रमन भी खूब चर्चा रहती है। मैक्सवेल को इंडिया का दामाद बताकर मीम्स तक बनाएं जाते हैं। हालांकि, हम यहां विनी के फैशन की बात कर रहे हैं उनका स्टाइल हॉलीवुड एक्ट्रेस से भी कम नहीं है।



**लीड्स टेस्ट : पहला दिन** लंच से पहले गंवाए दो विकेट, राहुल (42) और साई जीरो पर हुए आउट

# जायसवाल और गिल ने संभाली लड़खड़ाती पारी

**एजेंसी, लीड्स**

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज शानदार अंदाज में किया, जब केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी ने 91 रन जोड़े। हालांकि, हेडिंग्ले में खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले दिन लंच तक टीम इंडिया के दो विकेट गिर गए। लंच तक भारतीय टीम ने 2 विकेट पर 92 रन बना लिए थे।

इससे पहले टॉस इंग्लैंड ने जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत के लिए पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ने की। दोनों ने टीम को मजबूत शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। लंच से ठीक पहले भारतीय टीम को एक के बाद एक दो झटके लगे। पहला झटका 91 और दूसरा झटका 92 के स्कोर पर लगा।

केएल राहुल 78 गेंद में 8 चौके की मदद से 42 रन की पारी खेलकर आउट हुए। राहुल ब्रायडन कार्स की गेंद पर जो रूट को कैच दे बैठे। वहीं, डेब्यूटेंट साई सुदर्शन दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। लगातार दो विकेट खोने के बाद भारतीय टीम अगले सेशन में सेट हो चुके यशस्वी से एक बड़ी पारी की उम्मीद कर रही है।

वनडे और टी20 में डेब्यू कर चुके साई सुदर्शन ने इस मैच से अपने टेस्ट करियर का आगाज किया है। वह तीन नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। अपनी पहली पारी में सुदर्शन खाता खोलने में असफल रहे और मात्र चार गेंदों का सामना कर आउट हो गए। उन्हें इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों कैच करवाया। वहीं, लंबे समय बाद करुण नायर को प्लेइंग इलेवन में जगह मिली है। वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। समाचार लिखे जाने तक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल क्रीज पर जमे हुए थे। जायसवाल ने 154 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 100 रन बना लिए थे और उनका साथ भारतीय कप्तान शुभमन गिल दे रहे थे। गिल ने 74 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 58 रन बना लिए थे। चाय तक भारत ने दो विकेट पर 215 रन बना लिए थे। (अनंत ज्ञान)



शॉट बॉल से बचने का प्रयास करते जायसवाल।

| | |
|---|---|
| रन | 100* |
| गेंद | 154 |
| चौथे | 16 |
| छक्का | 01 |

## इंग्लैंड में सफल हो सकता है जायसवाल : रहाणे

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय टीम से बाहर चल रहे सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि इंग्लैंड दौरे पर यशस्वी जायसवाल अच्छा प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि वह सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने में सक्षम हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होगी।

रहाणे ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, ''व्यक्तिगत रूप से मैं यशस्वी जायसवाल को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि इंग्लैंड में पारी का आगाज करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है।'' उन्होंने कहा, ''उसके पास अच्छा कौशल है। वह एक छोर पर विकेट बचाकर रख सकता है और जरूरत पड़ने पर आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकता है। इसलिए मैं इंग्लैंड में जायसवाल का प्रदर्शन देखने के लिए वाकई उत्सुक हूं।'' अप्रैल में ऐसी खबरें आई थीं कि पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में जम्मू-कश्मीर से हार के बाद मुंबई के खिलाड़ियों जायसवाल और रहाणे के बीच मतभेद पैदा हो गए थे।



रहाणे ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच दो साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, जबकि जायसवाल जुलाई 2023 में कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से टीम के पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज रहे हैं। रहाणे ने इसके साथ ही कहा, ''मैं मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को भी अच्छा प्रदर्शन करते देखना चाहता हूं, क्योंकि सीनियर खिलाड़ी होने के कारण उन पर आक्रमण का नेतृत्व करने और टीम के लिए विकेट लेने की जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा, ''हम सभी जानते हैं कि बुमराह कितने शानदार गेंदबाज हैं और उन्होंने विकेट लेने में महारत हासिल की है, लेकिन मैं उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी लेते हुए और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से टीम को बाहर निकालने में मदद करते हुए देखना चाहूंगा, क्योंकि इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना हमेशा बहुत खास होता है।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत को भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता : हेडन, स्मिथ

**एजेंसी, लीड्स**





अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा।

हेडन ने आईसीसी से कहा, ''मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा।'' ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। इसलिए मैं इस सीरीज में इंग्लैंड को जीत का प्रबल दावेदार मानता हूं।''

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा, ''इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है। वे परिस्थितियों को समझते हैं और उसका सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाते हैं। मुझे लगता है कि शुभमन और उनकी टीम के लिए यह एक चुनौती होगी, क्योंकि भारतीय टीम के पास अनुभव की कमी है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बुमराह गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा हिस्सा संभालेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## राहुल-प्रसिद्ध के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला : नायर

**एजेंसी, लीड्स**

लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।

नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा, ''मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं।'' उन्होंने कहा, ''राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं।''



करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा, ''जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं।'' उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा, ''टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती रही।'' (अनंत ज्ञान)

## लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर स्मिथ भी नहीं खेल पाएंगे पहला टेस्ट

**एजेंसी, ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि किशोर सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बेली ने कहा, ''हमने स्टीव और मार्नस की जगह जोश और सैम को मौका देने का निर्णय लिया है। हम उन्हें मौका देकर उत्साहित हैं।''

लाबुशेन का 104 टेस्ट पारियों में औसत 46.19 है, जिसमें 11 शतक और 23 अर्द्धशतक शामिल हैं। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट शतक 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में लगाया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्हें पारी की शुरुआत करने का मौका मिला, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना पाए।

बेली ने कहा, ''अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मार्नस इस टीम का एक महत्वपूर्ण सदस्य हो सकता है। वह समझता है कि उसका प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा है जिसकी हम या वह उम्मीद करते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच बुधवार से खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## मेस्सी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को दिलाई जीत

**एजेंसी, अटलांटा (अमेरिका)**

स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू में ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था। (अनंत ज्ञान)



### बैरियोस के दो गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने सिएटल साउंडर्स को 3-1 से हराया

**एजेंसी, सिएटल (अमेरिका)।** पाब्लो बैरियोस के दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में सिएटल साउंडर्स को 3-1 से हरा दिया। बैरियोस ने गिउलिआनो सिमेओन की मदद से 11वें मिनट में एटलेटिको मैड्रिड का खाता खोला। यूरोप की टीम ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में बढ़त को 2-0 कर दिया, जब स्थानापन्न खिलाड़ी एक्सल विटसेल ने 47वें मिनट में रॉबिन ले नॉर्मंड की मदद से गोल किया। अल्बर्ट रुस्नक ने 50वें मिनट में सिएटल की तरफ से एकमात्र गोल किया, लेकिन बैरियोस ने 55वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके एटलेटिको मैड्रिड को दो गोल की बढ़त दिला दी। उसने मैच के आखिर तक अपनी इस बढ़त को बरकरार रखकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।



### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

**एजेंसी, पासाडेना (अमेरिका)।** बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैम्पियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था, लेकिन वीरवार रात खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली। बोटाफोगो की तरफ से इगोर जीसस ने 36वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। पीएसजी ने इस तरह से तीन मई के बाद पहली बार किसी मैच में हार का स्वाद चखा। यही नहीं पीएसजी ने 17 मई के बाद पहली बार किसी मैच में गोल खाया। बोटाफोगो की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह ग्रुप में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।



## हॉकी खिलाड़ियों को पहली बार टॉप्स के तहत मिलेगा 25000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की वीरवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया।



खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा,''हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरुष और 40 महिलाओं) को प्रतिमाह 25000 रुपए 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा, जो टॉप्स योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलता है।'' उन्होंने कहा,''हमारा लक्ष्य यही है कि खिलाड़ी प्रदर्शन पर फोकस करे और देश के लिए पदक जीतें।''

टॉप्स के तहत कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रुपए और डेवल्पमेंटल खिलाड़ियों को 25000 रुपए प्रतिमाह ओपीए दिया जाता है। वहीं टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल खिलाड़ियों को 50000 रुपए प्रतिमाह ओपीए मिलता है। इसके लिए हॉकी इंडिया खिलाड़ियों हर महीने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को 80 खिलाड़ियों की सूची सौंपेगा जिसके मायने है कि इसमें बदलाव की भी गुंजाइश होगी। इसमें मूल रूप से सीनियर कोर ग्रुप में शामिल खिलाड़ी और जूनियर खिलाड़ी भी होंगे जो नियमित रूप से राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा हैं।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले मनोबल और बढ़ेगा। टिर्की ने कहा,''हम मंत्रालय को धन्यवाद देना चाहते हैं जिसने यह अहम फैसला लिया। हमारे खिलाड़ियों को विश्व कप, ओलंपिक और एशियाई खेल जैसे अहम टूर्नामेंट खेलने हैं और उनका मनोबल इस पहल से काफी बढ़ेगा।'' (अनंत ज्ञान)

**एफआईएच प्रो-लीग** भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ दो मैचों में जीत दर्ज कर बचाएगी प्रतिष्ठा

## लगातार हार के बाद जीत के साथ विदा लेना चाहेंगी भारतीय हॉकी टीमें

**एजेंसी, एंटवर्प**

एफआईएच प्रो-लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है, लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी। इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरूष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है।

इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है, जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो-लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।

नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1-2 और 2-3 से पराजय मिली, जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3-2 और 2-1 से और आस्ट्रेलिया ने 3-2 और 3-2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है। आखिरी मिनटों में भारतीय डिफेंस चरमराता नजर आया और अधिकांश विजयी गोल आखिर के 13 मिनट में दागे गए।

डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कमान बखूबी संभाली, लेकिन अमित रोहिदास और सुमित जैसे सीनियर खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। फॉरवर्ड पंक्ति गोल करने के मौके भुना नहीं सकी। कोच क्रेग फुल्टोन पेनल्टी कॉर्नर तब्दीली दर से भी खुश नहीं होंगे। भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3-2 और 2-1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4-1 और 2-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### महिला टीम की नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि, टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली, लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है। उसे बर्लिन में चीन के खिलाफ 28 और 29 जून को आखिरी दो मैच खेलने हैं।